भोपाल
बुधवार, 28 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-3
वर्ष : 13, अंक : 208
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 30
न्यून. 19

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

उड़ गया न्यूजीलैंड, भारत का सीरीज पर कब्जा

अभिषेक ने 'फोड़ा' सूर्यवंशी ने 'तोड़ा'



अभिषेक ने 38 गेंद में बनाए 113

वैभव ने 19 गेंदों पर 45 रन ठोके

कोहली का रिकॉर्ड तोड़ बने टी20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय अभिषेक

वैभव सूर्यवंशी		अभिषेक शर्मा	
45	रन	113	रन
19	गेंद	38	गेंद
04	चौके	09	चौके
04	छक्के	11	छक्के

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 मुकाबले में 6 विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 की ▶▶शेष पेज 6 पर ▶▶पढ़ें पेज 13 भी

डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले किया संबोधित

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा- भ्रष्टाचार पर एआई तकनीक से सरकार सजग है, पर आप भी सजग रहकर काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभी तक भ्रष्टाचार का खुलासा आम लोगों की तरफ से होता था, इससे सरकार हाशिए पर होती थी, किंतु संभवतः पहली बार खुद अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी ने अपने ही विभाग में हुए करीब 1150 करोड़ रुपए की धांधली का न सिर्फ खुलासा किया, बल्कि सख्त कार्रवाई करना शुरू किया है। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों के साथ ब्रीफिंग में यह मुद्दा उठा। खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगे आकर कहा कि जिसने भी इस तरह से ▶▶शेष पेज 6 पर



कैबिनेट की बैठक

मप्र स्थापना दिवस 1 नवंबर को कृषि वर्ष से संबंधित 3 दिवसीय आयोजन होगा

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा-अपने जिलों में माटीकला को प्रोत्साहित करें

सीएम डॉ. यादव ने मंत्रियों से कहा कि वे अपने-अपने जिलों में माटीकला को प्रोत्साहित करने की दिशा में काम करें। त्यौहारों के समय में मिट्टी के दिये की मांग होती है। सभी मंत्री माटीकला को प्रोत्साहित करें। इससे मप्र के लाखों लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने मंत्रियों से इसे प्राथमिकता के तौर पर लेने व प्रचार प्रसार करने को भी कहा। राष्ट्रीय पोषण माह 2026 में प्रदेश ने देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। प्रदेश में पोषण जागरुकता से जुड़ी लगभग 2 करोड़ गतिविधियों ▶▶शेष पेज 6 पर ▶▶पढ़ें पेज 05 भी

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 5,800 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

डॉ. यादव ने बताया कि इंदौर में आयोजित मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 में लगभग 5,800 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनसे 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 28 अक्टूबर को इंदौर में अर्बन कॉन्क्लेव ▶▶शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

श्रीवास्तव बने राज्य आनंद संस्थान के नए सीईओ

भोपाल। पूर्व आईएएस अधिकारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव को आनंद विभाग के राज्य आनंद संस्थान का



मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। राज्य शासन ने आदेश जारी कर दिए गए हैं। श्रीवास्तव पूर्व में जनसंपर्क संचालक, आबकारी आयुक्त और गृह विभाग में सचिव जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं।

इमरान को 2 नवंबर तक देश छोड़ने की जरूरत नहीं

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेता इमरान खान को भारत छोड़ने के नोटिस के मामले में



अंतरिम राहत दी है। मंगलवार को अदालत ने सुनवाई 2 नवंबर तक के लिए टाल दी। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह के आश्वासन के बाद नोटिस की समय-सीमा अगली सुनवाई तक बढ़ा दी गई है।

30 नवंबर को ही रिटायर होंगे डीजीपी मकवाना

भोपाल। मप्र के डीजीपी कैलाश मकवाना 30 नवंबर को ही सेवानिवृत्त होंगे। उनकी



सेवानिवृत्ति की तारीख को लेकर चल रहा असमंजस अब खत्म होता नजर आ रहा है। इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी होने की संभावना है। महानिदेशक जेल वरुण कपूर द्वारा इस मुद्दे पर उठाए गए पक्ष को भी घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है।

देवास-सागर शराब कांड

अवैध नेटवर्क की जांच तेज, दोनों जिलों में प्रशासनिक जवाबदेही तय करने की कोशिश

कलेक्टर-एसपी नपे, आबकारी के 3 अधिकारी भी 'निलंबित'



दिलीप यादव (सागर)



नेहा मीणा (देवास)

- देवास कलेक्टर ऋतुराज को वल्लभ भवन भेजा, उनकी जगह सिवनी की कलेक्टर नेहा मीणा को जिम्मेदारी
- देवास के पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत को पुलिस मुख्यालय भेजा, उनकी जगह आदित्य मिश्रा को कमान
- सागर की कलेक्टर प्रतिभा पाल को हटाकर वहां दिलीप यादव को कलेक्टर बनाया गया है
- सागर एसपी अनुराग सुजानिया की जगह संजीव कुमार सिन्हा को जिम्मेदारी दी गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/देवास

देवास शराब कांड में जिन 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है कि उनमें से एक ने स्वीकार कर लिया है कि वह केमिकल वाली शराब बनाता था

देवास और सागर जिले में कथित जहरीली शराब से हुई मौतों के मामलों ने सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है। दोनों जिलों के कलेक्टर व एसपी को हटा दिया है। इसके साथ ही देवास जिला आबकारी के 3 अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। इस मामले में 17 लोगों की मौत होने की अपुष्ट जानकारी है। सितंबर में सागर जिले के बंडा क्षेत्र में सामने आए शराब कांड के बाद देवास के चंदाना और बिंजाना गांवों में मौतों के मामले ने आबकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए थे। देवास जिले के चंदाना और बिंजाना गांवों में सितंबर के अंत से अक्टूबर के मध्य तक कई लोगों की मौत के बाद कथित अवैध शराब की बिक्री का मामला सामने आया। ग्रामीणों और मृतकों के परिजनों ने आरोप लगाया कि शराब पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ी और उनकी मौत हो गई। देवास में अवैध शराब के कारोबार से जुड़े 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। देवास में आबकारी विभाग के तीन अधिकारियों को ▶▶शेष पेज 6 पर

देवास में अब तक 10 आरोपी गिरफ्तार 7.25 लाख रुपए का माल जब्त



पटवारी का पदयात्रा का ऐलान, धरने पर बैठे पीड़ित परिजन

देवास जिले में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के मामले में सियासत गरमा गई है। मंगलवार को इस गंभीर घटना के दोषियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग को ▶▶शेष पेज 6 पर

देवास और सागर में 3-3 आबकारी अधिकारी निलंबित

देवास आबकारी विभाग ने जिन तीन अधिकारियों को निलंबित किया है, इनमें जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया, सहायक जिला आबकारी अधिकारी नीलेश पवार और आबकारी उप निरीक्षक राजश्री खन्ना शामिल हैं। सागर मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर आबकारी विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया था। इनमें सहायक आबकारी ▶▶शेष पेज 6 पर

तीन जिलों के कलेक्टर व एसपी हटाए गए: राज्य सरकार ने सिवनी कलेक्टर नेहा मीणा को हटाकर देवास जिले का कलेक्टर बनाया है। इसी तरह बालाघाट जिले पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा को देवास जिले की कमान सौंपी है। उन्हें देवास पुलिस अधीक्षक बनाया गया ▶▶शेष पेज 6 पर

केमिकल मिलाकर तैयार की जा रही थीं बोतलें

चंदाना-बिंजाना में हुई मौतों के मामले की जांच में केमिकल मिलाकर शराब तैयार करने और उसे लाइसेंसी शराब की पेटियों में मिलाकर बेचने के तथ्य सामने आए हैं। पुलिस ने ▶▶शेष पेज 6 पर

चीता स्टेट मप्र का ये पहला मामला

कूनो के 19 माह के चीते की गोली लगने से हुई मौत



शरीर से मिले 5 छर्रे, बछड़ों के शिकार बाद हुआ हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कूनो नेशनल पार्क से निकलकर मुरैना पहुंचे 19 महीने के मादा चीते को गोली मार दी गई। मंगलवार को इलाज के दौरान चीते की मौत हो गई। रविवार को बछड़ों का शिकार करने के बाद चीते पर हमला किया गया था। पहले जानकारी सामने आई थी कि ग्रामीणों ने चीते को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। हालांकि, अब जबलपुर वेटरनरी कॉलेज की डॉक्टर डॉ. शोभा जावरे ने चीते को गोली लगने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान चीते के शरीर से 5 छर्रे निकाले गए हैं। देश ▶▶शेष पेज 6 पर

आय से 264% से ज्यादा संपत्ति

जीएसटी अफसर के पैतृक घर बंडा में लोकायुक्त का छापा



कमाए 1.03 करोड़, खर्च किए 3.78 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार सुबह राज्य जीएसटी विभाग के वाणिज्यिक कर अधिकारी मनीष जैन के ठिकानों पर छापा मारा। टीम ने जबलपुर और भोपाल के साथ सागर जिले के बंडा स्थित उनके पैतृक घर पर भी कार्रवाई की। शुरुआती जांच में अधिकारी की आय से 264.64% अधिक संपत्ति सामने आई है। लोकायुक्त की शुरुआती जांच के मुताबिक मनीष जैन की कुल आय 1 करोड़ ▶▶शेष पेज 6 पर

याचिका में कहा-भर्ती होना पड़ा

पत्रकार को धक्का देने में राहुल को नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तीन महीने की गर्भवती महिला पत्रकार की याचिका पर कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नोटिस जारी किया। पत्रकार ने आरोप लगाया है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च के दौरान राहुल गांधी ने उन्हें धक्का दिया था, जिससे वह गिर गईं ▶▶शेष पेज 6 पर

रिजर्व कोच में चोरी रेलवे का जिम्मा

यात्री को मिलेगा 1.45 लाख रुपए मुआवजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रेलवे की सभी अपील खारिज हुई

ट्रेन के आरक्षित कोच में अनधिकृत लोगों के प्रवेश को रोकना रेलवे की जिम्मेदारी है। इसमें लापरवाही के कारण यात्री का सामान चोरी होता है, तो रेलवे जवाबदेही से बच नहीं सकता। दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने यह टिप्पणी करते हुए नॉर्दर्न रेलवे की अपील ▶▶शेष पेज 6 पर

परमाणु बिजली संयंत्र का विरोध

'आधी रात' को निकाले गए जल सत्याग्रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा



प्रमोद समेत चार अस्पताल में भर्ती

जिले के रोझौही में प्रस्तावित टाटा परमाणु बिजली परियोजना के विरोध में चल रहे जल सत्याग्रह के बीच मंगलवार रात करीब एक बजे प्रशासनिक टीम तालाब पर पहुंची। टीम ने आम आदमी पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा और आदिवासी प्रदर्शनकारियों को तालाब से बाहर निकलवाया। ▶▶शेष पेज 6 पर

वीडियो जारी कर पूरी घटना बताई

युवती का आरोप-चलती कार में किया गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



पुलिस- प्राइवेट पार्ट में कोई इंज्यूरी नहीं

इंदौर की एक युवती ने कार के अंदर गैंगरेप का अरोप लगाया है। पीड़िता ने यहां तक कहां की उसके साथ आरोपियों ने जमकर मारपीट की और प्राइवेट पार्ट को भी क्षति पहुंचाई गई। पुलिस का कहना है कि मेडिकल जांच में युवती के प्राइवेट पार्ट में किसी तरह की कोई इंज्यूरी नहीं मिली ▶▶शेष पेज 6 पर

एआई खर्च संतुलित करने की कोशिश

माइक्रोसॉफ्ट ने 60 हजार कर्मचारियों को दिया स्वैच्छिक एग्जिट का ऑफर



कंपनी का मुक्त नकदी प्रवाह पहले से 23 प्रतिशत कम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट ने सोमवार को अमेरिका, कनाडा, भारत और ब्रिटेन में वॉलेंटरी एग्जिट ऑफर शुरू किया है। इसके तहत 70 या उससे कम स्तर के पात्र कर्मचारियों को स्वेच्छा से नौकरी छोड़ने का विकल्प दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार करीब 60 हजार कर्मचारी इसके दायरे में हैं, जो कंपनी के कुल 2.23 लाख कर्मचारियों का लगभग 22 प्रतिशत है। कंपनी यह कदम एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और डेटा सेंटर पर बढ़ते निवेश के बीच खर्च को संतुलित करने के लिए उठा रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने जुलाई में कहा था कि ▶▶शेष पेज 6 पर

भोपाल के वीआईपी इलाके चार इमली की घटना

डीजीपी के बंगले के पास आईएएस के घर से चंदन का पेड़ काट ले गए चोर

घर में तैनात था गार्ड हबीबगंज पुलिस और क्राइम ब्रांच जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के वीआईपी इलाके चार इमली में चोर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी विवेक पोरवाल के घर से चंदन का पेड़ काटकर ले गए। उनका आवास प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना के



कटा हुआ चंदन का पेड़

बंगले के बगल में स्थित है। वारदात के समय घर में सुरक्षा गार्ड भी तैनात था, लेकिन उसे चोरी की भनक तक नहीं लगी।

तीन लोगों ने दिया अंजाम

घटना सोमवार रात हबीबगंज थाना क्षेत्र में हुई। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि करीब 3 लोग आईएएस अधिकारी के घर में घुसे और चंदन का पेड़ काटकर ले गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हबीबगंज पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम भी आरोपियों की पहचान और तलाश में जुटी है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि ▶▶शेष पेज 6 पर

डेटा संरक्षण कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा डिजिटल मीडिया, पत्रकारिता के लिए छूट मांगी

डीएनपीए की याचिका पर केंद्र को नोटिस, 17 नवंबर को अगली सुनवाई

दलील और सहमति की अनिवार्यता से खोजी पत्रकारिता प्रभावित होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट, 2023 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देते हुए डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। एसोसिएशन का कहना है कि कानून में पत्रकारिता के लिए स्पष्ट छूट नहीं होने से प्रेस की स्वतंत्रता और समाचारों के प्रकाशन पर असर पड़ सकता है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका और कानून के प्रावधानों पर रोक लगाने की मांग पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी। डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन में 21 प्रमुख मीडिया संगठनों के डिजिटल विंग शामिल हैं। सुनवाई के दौरान ▶▶शेष पेज 6 पर

क्या है डीपीडीपी एक्ट?

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (डीपीडीपी एक्ट), 2023 भारत का कानून है, जिसका उद्देश्य नागरिकों के डिजिटल व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करना है। संसद से पारित इस कानून को 11 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली थी। इसके तहत व्यक्तिगत डेटा एकत्र करने और इस्तेमाल करने वाले संगठनों को निर्धारित नियमों का पालन करना होता है।

वंदे मातरम के 6 अंतरे अनिवार्य करने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के सभी छह अंतरों को गाने या बजाने की अनिवार्यता को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से जवाब मांगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने बौद्ध कार्यकर्ता बीडी बोरकर और पूर्व आईएएस अधिकारी बालकृष्णन सत्यभामा मावोजी की याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। याचिकाओं में गृह मंत्रालय के 28 जनवरी और 9 जुलाई 2026 के आदेशों को चुनौती दी गई है। मामले की अगली सुनवाई 30 नवंबर को होगी। याचिकाकर्ताओं का ▶▶शेष पेज 6 पर

INVEST MADHYA PRADESH
GLOBAL INVESTORS SUMMIT
JANUARY 2027 | BHOPAL
INFINITE POSSIBILITIES

प्रगति का नया परिवेश मध्यप्रदेश





मध्यप्रदेश अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0

मुख्य अतिथि

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

28 अक्टूबर 2026 | ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर, इंदौर

प्रमुख आकर्षण

- शहरी विकास एवं निवेश-आधारित सत्र
- वन-टू-वन मीटिंग
- प्रारूप नीतियों का विमोचन
- एमओयू हस्तांतरण एवं आशय पत्र जारी
- 'इंदौर इकोनॉमिक रीजन' रिपोर्ट का विमोचन

पैनल चर्चा

- अर्बन प्लानिंग, ट्रांज़िट ओरिएंटेड डेवलपमेंट, ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स
- डिजिटल रिफॉर्म्स
- अर्बन फाइनेंस एवं निवेश संभावनाएं
- जलवायु अनुकूलन क्षमता एवं सर्कुलर इकोनॉमी

फोकस सेक्टर

- शहरी अवसंरचना
- आवास एवं टाउनशिप विकास
- मोबिलिटी एवं मेट्रो अवसंरचना
- डिजिटल गवर्नेंस एवं नवाचार
- निवेश एवं भविष्य के शहर

D-11150/26



मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

4 गाड़ी घर पहुंची, रजिस्ट्रेशन अटका, 15 ...



5 विकास और प्रशासनिक तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए...



रेतघाट से लालघाटी की ओर जाते समय राजा भोज की प्रतिमा के पास टर्निंग पर हुआ हादसा

वीआईपी रोड पर आरजीपीवी की बेकाबू बस डिवाइडर और फिर खंभे से टकराकर हुई दुर्घटनाग्रस्त, सात छात्र समेत 8 घायल, दो विद्यार्थी गंभीर

डिवाइडर से टकराने के बाद खंभे में जा घुसी तेज रफ्तार बस, हादसे के बाद मची अफरा-तफरी | पुलिस ने राहगीरों की मदद से बस को सीधा कर घायलों को बाहर निकाला, अस्पताल पहुंचाया गया

प्रत्यक्षदर्शी बोला- तेजी और लापरवाही से बस चला रहा था चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वीआईपी रोड पर मंगलवार सुबह राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस की गति इतनी तेज थी कि राजा भोज की प्रतिमा के पास टर्निंग पर बेकाबू हो गई और डिवाइडर से टकराने के बाद खंभे में जा घुसी। हादसे में बिजली का खंभा उखड़ गया, जबकि कॉलेज बस भी 75 फीसदी एंगल में सड़क की ओर झुक गई।

हादसे में पांच कॉलेज छात्र समेत कुल आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों में तीन स्टाफ के लोग शामिल हैं, जबकि चालक को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से गुजर रहे लोगों की मदद से बस को सीधा कर घायलों को बाहर निकाला।



वीआईपी रोड पर हादसे के बाद कुछ इस तरह नजर आई बस।

बताया जा रहा है कि कॉलेज बस 12 नंबर स्टॉप की ओर से कॉलेज की तरफ छात्रों को लेकर जा रही थी। बस में सवार छात्रों ने पुलिस को बताया कि आरोपी चालक बहुत तेजी और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन की गति तेज होने के कारण चालक मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा। गाड़ी पहले डिवाइडर से टकराई और इसके बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे एक खंभे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस दाईं ओर करीब 75% तक झुक गई। हादसे के समय बस में करीब 30-40 छात्र सवार थे। गंभीर रूप से घायल तीन छात्रों को अधिक चोटें आई हैं। इनमें से एक छात्र का दाहिना पैर घुटने के पास फ्रैक्चर हो गया है, एक की आंख के ऊपर चोट आई है। एक अन्य छात्र के दाहिने कंधे के निचले हिस्से में गहरी चोट लगी है।

चालक धराया वाहन जब्त

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है और लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालक को गिरफ्तार कर लिया है। चालक को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।



हादसे के बाद बिजली का खंबा गिर गया।

दो छात्रों की हालत गंभीर

बस अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई थी। जो छात्र घायल हुए थे, उनमें से केवल दो छात्रों की हालात गंभीर बताई गई है। एक छात्र को फ्रेक्चर हुआ है, जबकि दूसरे को सर्जरी करनी पड़ सकती है। मैं इस मामले में और जानकारी ले रहा हूं। बस संचालन में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-प्रो आलोक शर्मा, कुलगुरू, आरजीपीवी

आग से सुरक्षा के लिए लगेंगे फायर हाइड्रेंट, साइकिलों के संचालन के लिए निकलेगा टेंडर

आईएसबीटी से हटाई जाएंगी खड़ी बसें, जुलाई से अब तक का किराया भी वसूलेगा नगर निगम



फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राज्यीय बस टर्मिनस (आईएसबीटी) में लंबे समय से खड़ी गैर संचालित बसें अब हटाई जाएंगी। इन बसों के कारण परिसर का उपयोग प्रभावित हो रहा है। नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने मंगलवार को निरीक्षण के दौरान ऐसी बसों के संचालकों को नोटिस जारी करने और जुलाई से अब तक का किराया वसूलने के निर्देश दिए। आयुक्त अहिरवार ने स्पष्ट किया कि आईएसबीटी बसों के संचालन का केंद्र है, पार्किंग या गैरेज नहीं।

गैर संचालित बसों को हटाने के नोटिस जारी कर कार्रवाई के दिए निर्देश

पार्किंग, गैरेज बन गया बस टर्मिनस चार बसें 24 जुलाई से खड़ीं हैं, जिस पर नराज हुए अधिकारी

चार बसें तीन महीने से खड़ीं, अब होगी किराया वसूली



आईएसबीटी पर घटना के बाद निरीक्षण करते अधिकारी।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि एमपी-04-पी-0297, एमपी-04-ए-3753, एमपी-04-एई-3073 और एमपी-04-ईए-4345 नंबर की चार बसें 24 जुलाई 2026 से बस डिपो में खड़ी हैं। इनका नियमित संचालन नहीं हो रहा है। आयुक्त ने संबंधित संचालकों से जुलाई से वर्तमान तक का किराया वसूलने और बसों को परिसर से हटाने के निर्देश दिए। साथ कहा कि नियमित रूप से चलने वाली बसों को भी केवल यात्रियों को बैठाने और उतारने तक ही परिसर में रुकने की अनुमति दी जाए। इसके बाद बसों को यहां खड़ा नहीं रखा जाए। इससे बस टर्मिनस में अनावश्यक भीड़ और जगह घिरने की समस्या कम होगी।

आईएसबीटी की 8 बसों में आग लगने के मामले में एफआईआर दर्ज

गोविंदपुरा स्थित अंतरराज्यीय बस टर्मिनस (आईएसबीटी) परिसर में खड़ी वर्मा ट्रैवल्स की आठ बसों में आग लगने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के करीब 24 घंटे बाद पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है। अब आग लगने के कारणों के साथ घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात आईएसबीटी परिसर में खड़ी बसों में आग लग गई थी। घटना के बाद ट्रैवल्स के मैनेजर दीपक वर्मा ने गोविंदपुरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर आग लगने के कारणों और घटना से जुड़े साक्ष्यों की जांच कर रही है।

एफएसएल रिपोर्ट से खुलेगा राज

घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम ने भी जांच की है। टीम आग लगने की शुरुआत वाली जगह और संभावित कारणों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि एफएसएल रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पांच बिंदुओं पर जांच

पुलिस ने मामले की पड़ताल के लिए पांच बिंदु तय किए हैं। इसमें आग लगने की वजह, बसों की वास्तविक स्थिति, वाहनों का बीमा, आर्थिक लेनदेन और तकनीकी पहलुओं की जांच शामिल है। इसके अलावा बसों पर चल रहे लोन, व्यक्तिगत लेनदेन और आरटीओ से संबंधित जानकारी भी जुटाई जा रही है। गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश तोमर के मुताबिक, पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आग किसी तकनीकी खराबी के कारण लगी या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी।

आग से सुरक्षा के लिए लगेंगे फायर हाइड्रेंट

आईएसबीटी परिसर में आग से निपटने की व्यवस्था मजबूत करने के लिए फायर हाइड्रेंट लगाए जाएंगे। इसके साथ ही आयुक्त ने विद्युत वायरिंग की जांच कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। परिसर में नियमित सफाई के साथ व्यापक स्तर पर धुलाई कराने को भी कहा गया।

साइकिलों के संचालन के लिए निकलेगा टेंडर

आईएसबीटी परिसर में रखी साइकिलों और ई-बाइसिकल्स के संचालन की व्यवस्था भी की जाएगी। आयुक्त ने इन्हें सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर चलाने के लिए निविदा जारी करने को कहा। उन्होंने साइकिलों और ई-बाइसिकल्स का स्वयं परीक्षण करने की बात भी कही।

अन्य ट्रेवल्स एजेंसियों के साथ जल्द होगी बैठक

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वर्मा ट्रेवल्स के मैनेजर को बुलाकर बातचीत की और गैर संचालित बसों को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईएसबीटी से बसें चलाने वाली अन्य ट्रेवल्स एजेंसियों के संचालकों के साथ भी बैठक की जाएगी, ताकि संचालन संबंधी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा सके और भविष्य में ऐसी घटना न हो इसका ध्यान रखा जाएगा।

---

17 अगस्त से संचालक फरार, कटारा थाना प्रभारी निलंबित

कस्तूरी रिसॉर्ट में चल रहा था कैसीनो, 900 क्वाइन मिले, 3 करोड़ रुपए का बंटवारा!

रिसॉर्ट मालिक-मैनेजर को आरोपी नहीं बनाने पर टीआई पर गिरी गाज | फरार आरोपी पवन मीणा के दुबई भागने की चर्चा, जांच पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के कटारा हिल्स पुलिस क्षेत्र में कस्तूरी रिसॉर्ट में कैसीनो में जुआ खेलते हुए करीब 16 लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस को मौके से करीब 900 क्वाइन मिले हैं, जिनकी कीमत करीब तीन करोड़ रुपए बताई जा रही है। कैसीनो मशीन के साथ आए इन क्वाइन में एक क्वाइन की कीमत करीब एक हजार रुपए आंकी गई है, जबकि पुलिस को नकदी 11 हजार रुपए ही मिली है।

पुलिस अफसरों ने टीआई सुनील कुमार दुबे की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। घटना तीन दिन पुरानी है। टीआई के निलंबन के बाद यह चर्चा में आई है।

टीआई ने रिसॉर्ट मालिक-मैनेजर को नहीं बनाया आरोपी

सूत्रों की मानें तो थाना प्रभारी ने कैसीनो के पकड़े जाने के बाद भी रिसॉर्ट के मालिक और मैनेजर को आरोपी नहीं बनाया था। साथ ही कैसीनो में मिले क्वाइन की कीमत भी तीन करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस रकम को लेकर भी आरोपियों से कोई ठोस पूछताछ नहीं किए जाने की बात सामने आई है। इस रकम को लेकर भी आरोपियों से कोई ठोस पूछताछ नहीं किए जाने की बात सामने आई है। इस लापरवाही पर ही थाना प्रभारी को निलंबित किया गया है। मामले के फरार आरोपी पवन मीणा के दुबई चले जाने की चर्चा ने जांच को और गंभीर बना दिया है। यदि आरोपी वास्तव में देश से बाहर गया है, तो उसके विदेश जाने की तारीख, उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस और पुलिस कार्रवाई की जानकारी महत्वपूर्ण होगी। मामले में अधिकारियों की भूमिका और कथित कैसीनो संचालन के पीछे लगे लोगों को लेकर सस्पेंस बना हुआ है।

कटारा हिल्स थाना प्रभारी सुनील दुबे सस्पेंड



जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई को लेकर संदेह के घेरे में आए कटारा हिल्स थाना प्रभारी सुनील दुबे को मंगलवार पुलिस उपायुक्त जोन टू आदर्शकांत शुक्ला ने सस्पेंड कर दिया है। आदेश के तहत थाना प्रभारी को अब लाइन में हाजिरी देना पड़ेगी। मामला थाना कटारा हिल्स में पंजीकृत अपराध क्रमांक 338/26, धारा 3, 4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 के तहत की गई कार्रवाई के दौरान यह कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि निरीक्षक का आचरण संदेहास्पद मिलने के बाद जांच कराई जाएगी।

कार्रवाई में लापरवाही का यह तीसरा मामला

इससे पहले सिवनी में 2.96 करोड़ रुपए की जब्त हवाला राशि में करीब डेढ़ करोड़ रुपए वापस पहुंचाने के मामले में पुलिस के पास से कुछ रकम गायब होने के आरोप लगे थे। इस मामले में सीएसपी पूजा पांडेय और 11 पुलिसकर्मियों की मिलीभगत सामने आई थी। इसी तरह कटनी में नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया पर एक हत्या के आरोपी को फायदा पहुंचाने, जांच में लापरवाही बरतने और आरोपी व उसके परिवार की करोड़ों की जमीन को कम कीमत पर बिकवाने के गंभीर आरोप लगे थे। नेहा पच्चीसिया और सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

पकड़े गए लोगों में दो लोग हरियाणा राज्य के

दीपक कुमार, हरियाणा; मुकेश पाहुजा, हरियाणा; नरेंद्र महेश्वरी, मंडीदीप; मोहन सराठे, मंडीदीप; नितेश ठाकुर, मंडीदीप; भूपेंद्र सिंह, मंडीदीप; नवनीत उर्फ छुटकू अग्रवाल, मंडीदीप; रूप सिंह, मिसरोद; हरिवर्धन यादव, मिसरोद; अंकित सिंह, मिसरोद; प्रदीप साहू, रायसेन; अमित अग्रवाल, रायसेन; विनय जैन, इंदौर; रंजीत सिंह, देवास; बृजेश सिंह, नर्मदापुरम; बादल सिंह, जबलपुर; धीरज खड़का, रॉयल कैसीनो, गोवा।

दीवाली को लेकर पुलिस आयुक्त ने जारी किए आदेश, दो महीने रहेगा प्रतिबंध

कार्बाइड गन की खरीद-फरोख्त पर रोक, पटाखा दुकानों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछले साल एक दर्जन से ज्यादा लोगों की आंखों में चोट लगने के बाद मंगलवार को पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने दीवाली के दौरान कार्बाइड गन की खरीद-फरोख्त और उपयोग पर रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध अगले दो महीने से लागू रहेगा।

आदेश में कार्बाइड गन, कार्बाइड तोप और कार्बाइड लैंप का इस्तेमाल करने पर रोक रहेगी। आदेश जारी होने के बाद जिला प्रशासन की टीमें पटाखा बाजारों और गोदामों की जांच करेंगी। सभी एसडीएम और तहसीलदारों को टीम के साथ मैदान में उतरकर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसका उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पिछले साल एक दर्जन से ज्यादा लोग हुए थे घायल, इस बार पहले ही सख्ती

एसडीएम-तहसीलदार की टीमें करेंगी पटाखा बाजारों और गोदामों की जांच

उल्लंघन पर बीएनएस की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी

पटाखा बाजारों में भी होगी जांच



फाइल फोटो।

दीवाली के लिए शहर में अस्थायी पटाखा दुकानें लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भेल, आनंद नगर, अवधपुरी, कोलार, बैरागढ़, होशंगाबाद रोड, करोंद और रायसेन रोड सहित कई क्षेत्रों में पटाखा बाजार लगेंगे। दुकानदारों को अस्थायी लाइसेंस के लिए संबंधित एसडीएम कार्यालय में आवेदन करना होगा। प्रशासन की टीमें दुकानों और गोदामों में पहुंचकर नियमों के पालन की जांच करेंगी।

त्योहारों में पटाखों से जलने और प्रदूषण से सांस के मरीज बढ़ने की आशंका

भोपाल। सर्दी और त्योहारों के दौरान सांस संबंधी बीमारियों और पटाखों से जलने के मामलों की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों की व्यवस्थाएं दुरुस्त करना शुरू कर दिया है।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने मंगलवार को क्षेत्रीय श्वसन रोग संस्थान और हमीदिया अस्पताल का निरीक्षण किया। हमीदिया अस्पताल में अब प्रतिदिन सांस और छाती संबंधी रोगों की ओपीडी संचालित करने पर सहमति बनी है। गांधी मेडिकल कॉलेज के पल्मोनरी विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक निर्धारित ड्यूटी रोस्टर के अनुसार मरीजों को उपचार देंगे। त्योहारों के दौरान प्रदूषण बढ़ने से श्वसन संबंधी समस्याएं बढ़ने की आशंका है,सीएमएचओ ने हमीदिया अस्पताल की बर्न यूनिट का भी निरीक्षण किया। यहां पटाखों से झुलसने वाले मरीजों के उपचार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

दीपावली, त्योहारों के मद्देनजर पुलिस आयुक्त ने जारी किया आदेश

यात्रियों को अन्य फ्लाइट से भेजा गया

हार्ड लैंडिंग के बाद इंडिगो की फ्लाइट रद्द, शिवराज को जाना था दिल्ली

दिल्ली जाने वाले विमान की जांच में मिली खराबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

राजा भोज एयरपोर्ट पर मंगलवार को दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट की हार्ड लैंडिंग के बाद विमान को तकनीकी जांच के लिए रोक दिया गया। जांच में विमान को उड़ान के लिए अनुपयुक्त पाए जाने के बाद फ्लाइट रद्द कर दी गई। खास बात यह है कि इसी विमान से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के राष्ट्रीय सोशल मीडिया संयोजक दीपक म्हस्के को भी दिल्ली जाना था।



फाइल फोटो।

शाम 4:30 बजे दिल्ली के लिए रवाना होने वाली थी उड़ान

फ्लाइट शाम 4:30 बजे दिल्ली के लिए रवाना होने वाली थी। लेकिन हार्ड लैंडिंग के बाद विमान की तकनीकी जांच के चलते उड़ान रद्द करनी पड़ी। इससे दिल्ली जाने वाले यात्रियों की यात्रा प्रभावित हुई। कुछ ही यात्रियों को अन्य फ्लाइट से दिल्ली भेजा गया।

डीलरों की लेटलतीफी से अटकी प्रक्रिया, आरटीओ ने नोटिस जारी कर दस्तावेज समय पर जमा कराने के दिए निर्देश

गाड़ी घर पहुंची, रजिस्ट्रेशन अटका, 15 दिन बाद भी वाहन स्वामी लिंक का कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि और दशहरा पर नई गाड़ी खरीदने वालों को अब रजिस्ट्रेशन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। शहर के कई वाहन डीलर बिक्री के बाद रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरी दस्तावेजों की फाइलें देरी से आरटीओ पहुंचा रहे हैं। इसके चलते वाहन खरीदने के 10 से 15 दिन बाद भी लोगों को रजिस्ट्रेशन कार्ड डाउनलोड करने की लिंक नहीं मिल रही है। परेशान वाहन खरीदारों ने इसकी शिकायत आरटीओ से की है। इसके बाद विभाग ने संबंधित डीलरों को नोटिस जारी कर दस्तावेजों की फाइलें जल्द जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

विभाग ने संबंधित डीलरों को नोटिस जारी कर दस्तावेजों की फाइलें जल्द जमा कराने के निर्देश दिए हैं



रोजाना 250 वाहनों का रजिस्ट्रेशन

दरअसल, सामान्य दिनों में भोपाल आरटीओ में रोजाना करीब 250 वाहनों का रजिस्ट्रेशन होता था, लेकिन नवरात्रि और दशहरा के दौरान वाहन बिक्री बढ़कर 700 से 800 प्रतिदिन तक पहुंच गई थी। त्योहारों पर बिक्री बढ़ने के बावजूद कई डीलरों की ओर से दस्तावेज समय पर जमा नहीं कराए जा रहे हैं।

3400 वाहनों की फाइलें पहुंचीं, आगे और बढ़ेगा दबाव

आरटीओ में अब तक करीब 3400 वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए फाइलें पहुंच चुकी हैं। विभागीय कर्मचारियों के मुताबिक, त्योहारों के दौरान हुई बिक्री के सभी वाहनों की फाइलें अभी तक जमा नहीं हुई हैं। आने वाले दिनों में फाइलों की संख्या और बढ़ सकती है। दीपावली तक रोजाना करीब एक हजार फाइलें आने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में डीलरों की ओर से दस्तावेज समय पर जमा नहीं कराए गए तो रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पर दबाव और बढ़ सकता है।

त्योहारों में बढ़ा वाहनों का आंकड़ा

- 250 वाहनों का सामान्य दिनों में रोजाना होता था रजिस्ट्रेशन
- 700-800 वाहनः नवरात्रि-दशहरा के दौरान प्रतिदिन बिक्री
- करीब 3400 फाइलेंः अब तक आरटीओ पहुंचीं
- 10-15 दिनः वाहन खरीदने के बाद भी कई लोगों को लिंक का इंतजार, दीपावली तक प्रतिदिन 1000 फाइलें पहुंचने की संभावना।

ट्रक में रखे सिलेंडरों चुरा रहा था कर्मचारी

कोलार इंडेन गैस एजेंसी के सिलेंडरों से गैस चोरी, कर्मचारी ने निकाली तीन-तीन किलो गैस



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के लोगों को सतर्क होने की जरूरत है, दरअसल आपके घर में आने वाले गैस सिलेंडर से गैस चोरी हो रही है। ऐसे में जरूरी हो गया है कि सिलेंडर लेने से पहले उसे तौल कांटे पर तुलवाया जाए। अगर गैस एजेंसी कर्मचारी आपको सिलेंडर तौलकर देने से इंकार कर रहा है, तो सीधे खाद्य विभाग या सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराएं। मंगलवार को कोलार पुलिस ने अब्बास नगर में कोलार इंडेन गैस एजेंसी के एक मिनी ट्रक और कर्मचारी संतोष खापरे को गैस चोरी करते हुए दबोचा है। कर्मचारी भरे हुए सिलेंडरों से खाली सिलेंडरों में तीन-तीन किलो गैस चोरी कर रहा था। मौके पर पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने 98 गैस सिलेंडर, एक मिनी ट्रक जब्त किया है। तौल करने पर सात सिलेंडरों में कम गैस मिली है। मंगलवार को कोलार पुलिस को सूचना मिली थी कि कोलार इंडेन गैस एजेंसी के वाहन में रखे सिलेंडरों से गैस रिफलिंग की जा रही है। टीम ने खाद्य विभाग को सूचना दी, जिसके बाद कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटिल के साथ नापतौल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां पर कोलार इंडेन गैस एजेंसी का कर्मचारी संतोष 98 सिलेंडरों से भरे ट्रक भरा हुआ था, जिसमें सात सिलेंडरों में तीन-तीन किलो गैस कम निकली। टीम ने मौके से 98 सिलेंडर और मिनी ट्रक को जब्त कर लिया है। कर्मचारी ने बताया कि वह गोदाम से सिलेंडर भरने के बाद गैस अंतरण मशीन से सिलेंडरों से दो से ढाई किलो तक गैस निकालकर खाली सिलेंडरों में भरता है।

अब्बास नगर में कोलार पुलिस ने एजेंसी के कर्मचारी संतोष खापरे को पकड़ा

छोटे दुकानदारों को सिलेंडर सप्लाई

जांच में पता चला है कि एजेंसी संचालक छोटे दुकानदारों को बड़ी संख्या में अवैध रूप से घरेलू सिलेंडर सप्लाई करता है। जिसके लिए उन्होंने अलग-अलग जगहों पर दस से पंद्रह सिलेंडर वाहन से उतारे जाते हैं। यह सिलेंडर फुटकर में छोटी दुकानों पर भेजे जाते हैं।

सेल्समैन से तौलकर लें सिलेंडर

इंडेन, एचपीसीएल और भारत गैस एजेंसी के सिलेंडरों में 14 किलो 200 ग्राम गैस होती है, जबकि खाली सिलेंडर का वजन 15 किलो 700 ग्राम होता है। ऐसे में भरे सिलेंडर का कुल वजन करीब 29 किलो 500 ग्राम से तीस किलो तक होता है। अगर आपके घर पर सिलेंडर देने कर्मचारी आता है, तो उससे कांटे पर वजन करने के बाद ही सिलेंडर लें।

जबलपुर मंडल में 8 घंटे 52 मिनट की देरी का असर, यात्रियों को हुई दिक्कतें

20 घंटे की देरी से पहुंची राजधानी सचखंड एक्सप्रेस, स्टेशन पर परेशान होते रहे यात्री

ट्रैक मेंटेनेंस और तीसरी रेल लाइन के काम से बिगड़ा ट्रेनों का टाइम टेबल, दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनें घंटों लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस और तीसरी रेल लाइन के निर्माण कार्य का असर ट्रेनों की आवाजाही पर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि अमृतसर से आने वाली सचखंड एक्सप्रेस करीब 20 घंटे की देरी से भोपाल पहुंची। वहीं, शताब्दी एक्सप्रेस समेत दो दर्जन से अधिक ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से देरी से आईं। इससे 26 और 27 अक्टूबर को भोपाल स्टेशन पर यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। जिन यात्रियों को आगे की यात्रा करनी थी, उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे सूत्रों के अनुसार, इन दिनों विभिन्न रेल मंडलों में ट्रैक मेंटेनेंस और तीसरी रेल लाइन के निर्माण सहित कई काम चल रहे हैं। इसके अलावा स्पेशल ट्रेनों के संचालन से रेल यातायात का दबाव भी बढ़ा है। इसका असर ट्रेनों के परिचालन पर पड़ रहा है। दिल्ली की ओर से भोपाल आने वाली ट्रेनों में देरी का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। लंबी दूरी की ट्रेनें निर्धारित समय से कई घंटे बाद पहुंच रही हैं, जिससे यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर बैठकर इंतजार करना पड़ रहा है। ट्रेन के सही समय की जानकारी नहीं मिलने पर यात्रियों की परेशानी और बढ़ जाती है।



ये ट्रेनें भी देरी से पहुंचीं

- सचखंड एक्सप्रेस (12716) — 19 घंटे 50 मिनट
- गोंडवाना एक्सप्रेस (12410) — 4 घंटे 30 मिनट
- मालवा एक्सप्रेस (12920) — 3 घंटे 43 मिनट
- अमृतसर-पठानकोट एक्सप्रेस (11058) — 3 घंटे 8 मिनट
- श्रीधाम एक्सप्रेस (12191) — 2 घंटे 12 मिनट
- मुंबई एलटीटी-गोरखपुर सुपरफास्ट (20103) — 2 घंटे 6 मिनट
- झेलम एक्सप्रेस (11078) — 1 घंटा
- कुशीनगर सुपरफास्ट (22537) — 45 मिनट
- शताब्दी एक्सप्रेस (12002) — 32 मिनट
- केरल एक्सप्रेस (12625) — 31 मिनट
- कुशीनगर सुपरफास्ट (22538) — 28 मिनट

शिकायतों में 40% का इजाफा, फिर भी समाधान का समय 50 से घटकर 35 मिनट हुआ; 139 हेल्पलाइन और वॉर रूम से निगरानी

ट्रेनों में भीड़ बढ़ी तो रेल मदद से दूर होगी यात्रियों की परेशानी



भोपाल। दीपावली के त्योहार पर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने के साथ सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें भी बढ़ रही हैं। ऐसे में यात्रियों को समय पर राहत देने के लिए भोपाल रेल मंडल रेल मदद प्रणाली के जरिए शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर दे रहा है। हेल्पलाइन नंबर 139, रेल मदद पोर्टल और मोबाइल एप पर दर्ज शिकायतों की निगरानी के लिए वॉर रूम बनाया गया है। यहां से संबंधित विभागों को शिकायतें भेजकर कार्रवाई की निगरानी की जाती है। रेलवे के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अप्रैल से सितंबर के बीच शिकायतों के समाधान का औसत समय घटकर 35 मिनट रह गया है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 50 मिनट लगता था।

सितंबर तक पहुंची 49,034 शिकायतें

भोपाल मंडल में 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच रेल मदद के माध्यम से 49,034 शिकायतें दर्ज हुईं। पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 35,082 थी। यानी शिकायतों में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन औसत समाधान समय में 30 प्रतिशत की कमी आई। रेलवे के अनुसार, तकनीक आधारित निगरानी और विभागों के बीच बेहतर समन्वय से यह संभव हुआ है। रेल मदद वॉर रूम में शिकायतों की वास्तविक समय में निगरानी की जाती है। वाणिज्य, विद्युत, कैरिज एवं वैगन, चिकित्सा और रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारी आपसी समन्वय से कार्रवाई करते हैं। शिकायत मिलने पर संबंधित विभाग को सूचना दी जाती है और जरूरत पड़ने पर यात्री से संपर्क कर समस्या के समाधान तक निगरानी रखी जाती है।

इटारसी-प्रयागराज एक्सप्रेस 4 घंटे लेटः शाम 5:15 की जगह रात 9:15 बजे हुई रवाना, यात्रियों को घंटों तक करना पड़ा इंतजार

भोपाल। ट्रेनों की लेटलतीफी का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। मंगलवार को इटारसी से प्रयागराज छिवकी जाने वाली एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में चार घंटे का बदलाव किया गया है। पहले यह ट्रेन शाम 5:15 बजे इटारसी स्टेशन से रवाना होने वाली थी, लेकिन देरी की वजह से यह ट्रेन रात 9:15 बजे रवाना हुई। इससे यात्रियों को अपनी यात्रा शुरू करने के लिए निर्धारित समय से चार घंटे अधिक इंतजार करना पड़ा। जिससे उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। खासतौर पर महिलाओं बुजुर्ग व बच्चों को परेशान होना पड़ा। रेलवे के अनुसार, जबलपुर मंडल में ट्रेन संख्या 11272 के करीब 8 घंटे 52 मिनट देरी से चलने के कारण ट्रेन संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस का समय पुनर्निर्धारित किया।

संस्कृत विवि में वास्तु एवं ज्योतिष डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू

भोपाल। राजधानी स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में मंगलवार को वास्तु एवं ज्योतिष डिप्लोमा पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम विवि के कुलगुरु श्रीनिवास वरखेड़ी के संरक्षण तथा परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विद्वान एवं शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विवि, नई दिल्ली के प्रो. अशोक थपलियाल, सारस्वत अतिथि के रूप में केंद्रीय संस्कृत विवि, भोपाल के भाषा साहित्य एवं संस्कृति संकायाध्यक्ष प्रो. सनन्दन कुमार त्रिपाठी तथा ज्योतिष विद्याशाखा के समन्वयक प्रो. भारत भूषण मिश्र और सह-निदेशक प्रो. श्रीगोविन्द पाण्डेय उपस्थित रहे। मुख्यवक्ता प्रो. अशोक थपलियाल ने अपने संबोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा में वास्तुशास्त्र एवं ज्योतिषशास्त्र के महत्त्व, उनकी शास्त्रीय पृष्ठभूमि तथा वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर विचार साझा एवं विषयों के व्यवस्थित अध्ययन, अनुसंधान और उच्च शिक्षा में उनके समावेश की आवश्यकता की जानकारी दी।

भ्रष्टाचार रोकने, पारदर्शिता, जवाबदेही के साथ करें काम

मेट्रो के भोपाल-इंदौर कार्यालयों में सतर्कता सप्ताह शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के भोपाल और इंदौर कार्यालयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 की शुरुआत हुई। 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलने वाले इस सप्ताह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार से दूर रहने, ईमानदारी से काम करने और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ ली।

दोनों कार्यालयों में दिलाई गई शपथ...

भोपाल कार्यालय में मुख्य सतर्कता अधिकारी राजेश सोनी की अध्यक्षता में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली।

बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान

माहवेश्वरी समाज पूर्वांचल ने बच्चों को वितरित किए स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार को पूर्वांचल महिला मंडल ने शासकीय स्कूल बागसेवनिया में करीब 92 स्वेटर स्वेटर वितरित किए। साधना, प्राची, मिनी और तृप्ति ने इस नेक कार्य का बीड़ा उठाया गया। स्वेटर वितरण के पश्चात तृप्ति ने बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी कराई और प्राइज दिए गए। तत्पश्चात गेम और हाउसी भी सदस्यों को खिलाए गए। नम्रता ने बच्चों को पेंसिल, रबर, शार्पनर वितरित किए गए और कई सदस्यों ने टॉफी वितरण भी किया। साधना ने स्कूल की टीचर्स को सुहाग सामग्री के साथ साड़ी दी। सदस्यों ने कहा कि आगे भी हम इस तरह के कार्य करते रहेंगे।



कल्याण संघ की मासिक बैठक आयोजित

पौधे प्रदान कर किया गया जन्मदिन धारकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की मासिक बैठक बिट्टन मार्केट स्थित एक निजी होटल में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष परिहार एवं महासचिव आरके शर्मा द्वारा संगठन की विभिन्न गतिविधियों व उनकी प्रगति की जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित जन्मदिन धारक सदस्यों को पौधे समर्पित करके उनका सम्मान किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखी, संपन्न जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई। उपाध्यक्ष आरजे श्रीवास्तव एवं अन्य सदस्य अय्यर, पंडित, आरसी दुबे आदि ने बैठक को व्यवस्थित संपन्न करवाने में सहयोग प्रदान किया।





इस बार विशेष संयोगः माता पार्वती व गणेशजी की होगी विशेष आराधना

रात लगभग 8.18 से 8.26 बजे के बीच दिखाई देगा चंद्रमा

करवा चौथ कलः पति की दीर्घायु की कामना के लिए महिलाएं रखेंगी निर्जला व्रत, बन रहे कई शुभ संयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पति की दीर्घायु की कामना के लिए महिलाएं गुरुवार 29 अक्टूबर को करवा चौथ का निर्जला व्रत रखेंगी और शाम को चंद्र देव को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत का समापन करेंगी। ज्योतिषियों के अनुसार इस दिन चांद रात करीब 8.18 से 8ः 26 के बीच दिखाई देगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार कार्तिक कृष्ण चतुर्थी पर इस बार रोहिणी नक्षत्र, परिघ योग, बुधादित्य योग और लक्ष्मीनारायण योग का विशेष संयोग बन रहा है।

इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखकर शाम को भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और चंद्रदेव की पूजा करेंगी। रात में चंद्रमा को अर्घ्य देने और पति के हाथों जल ग्रहण करने के बाद व्रत का पारण करेंगी। पं. रामजीवन दुबे गुरुजी ने बताया कि इस दिन गौरी योग और अन्य शुभ योगों के संयोग भी बन रहे है। माता पार्वती को अखंड सौभाग्य, दांपत्य सुख और वैवाहिक जीवन की खुशहाली का प्रतीक माना गया है। वहीं भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और शुभ कार्यों का आरंभ करने वाले देवता के रूप में पूजा जाता है।

बाजारों में जमकर हुई खरीदारी

इधर करवाचौथ के लिए दो दिन पहले ही यानी मंगलवार को भारी भीड़ देखने को मिली । पुराने भोपाल, न्यू मार्केट, होशंगाबाद रोड सहित अन्य जगहों पर छलनी, करवा, साड़ियां, मेहंदी सहित श्रृंगार व पूजन की सामग्री महिलाएं खरीदारी करती नजर आई।

आज देर रात महिलाएं करेंगी सरगी ग्रहण

करवा चौथ के लिए 28 अक्टूबर की देर रात से ही तैयारियां शुरू हो जाएंगी। सूर्योदय से पहले महिलाएं सरगी ग्रहण करेंगी। परंपरा के अनुसार, सास अपनी बहुओं को सरगही की थाली में वस्त्र, नारियल, सेवई, फल और मेवे सहित अन्य सामग्री देती हैं। सरगही ग्रहण करने के बाद महिलाएं व्रत का संकल्प लेंगी और दिनभर उपवास रखेंगी।

करवा चौथ पूजा मुहूर्त

- प्रदोष कालः शाम 05:09 बजे से 07:51 बजे तक
- चंद्रोदय अर्घ्य रात्रि 08:26 बजे

महिला मंच ने मनाया करवा चौथ

कलचुरि महिला मंच की ओर से करवा चौथ उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। संयोजक कमलेश राय, सुषमा राय, वंदना राय एवं सरस्वती चौकसे के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर मालती राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर पूनम चौकसे,संगीता चौकसे, प्रतिभा चौकसे सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

भारतीय शिक्षण मंडल का प्रांत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

संगठित शक्ति से ही हम शिक्षा के क्षेत्र में ला सकते हैं परिवर्तन, यह कार्य कठिन और चुनौतीपूर्णः शंकरानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संगठन मजबूत किए बिना व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन नहीं हो सकता। संगठित शक्ति के आधार पर ही हम शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन ला सकते हैं।

यह कार्य कठिन और चुनौतीपूर्ण है लेकिन प्रत्येक कार्यकर्ता को इसके लिए तैयार होना होगा। यह बात भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी आर शंकरानन्द ने कही। वे भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता, भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय महामंत्री डॉ भरत शरण सिंह, सह व्यवस्था प्रमुख अजय धाकरस, प्रचार प्रमुख डॉ संजय पाठक ने भी संबोधित किया। शिक्षण मंडल की अखिल भारतीय महिला गतिवधि प्रमुख अरुंधति, संयुक्त महामंत्री पंकज नाफड़े, क्षेत्रीय प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, प्रांत अध्यक्ष हरिहर वसंत गुप्ता, प्रांत मंत्री मनीषा पाण्डेय भी उपस्थित थीं।



भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन के कार्यक्रम में मौजूद वक्ता।

संगठन का कार्य कार्यकर्ता आधारित

अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख डॉ संजय पाठक ने संगठन के मंडल, कार्य एवं गतिविधि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन का कार्य कार्यकर्ता आधारित है। मंडल ही शिक्षण मंडल की वास्तविक शक्ति हैं। अभा सह व्यवस्था प्रमुख अजय धाकरस ने संवाद के माध्यम से कार्य और गतिवधि के लिए कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दिया। मंडल मात्र अध्ययन केंद्र नहीं, जागरण के केंद्र भी हैं। अखिल भारतीय महामंत्री भरत शरण सिंह ने कहा कि सभी जिलों में जिला कार्यकारिणी का गठन हमारा अगला लक्ष्य होना चाहिए। शिक्षा क्षेत्र में पुनरुत्थान के लिए छोटे-छोटे प्रयासों की आवश्यकता है।

वर्ष भर चले कार्यक्रमों की जानकारी दी

स्वागत भाषण में प्रांत अध्यक्ष हरिहर वसंत गुप्ता ने वर्ष भर में प्रान्त में आयोजित कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी दी। प्रान्त उपाध्यक्ष डॉ शिवकुमार शर्मा ने सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रांत व्यवस्था प्रमुख अरविंद सिंह ने आभार व्यक्त किया। संगठन द्वारा आयोजित लेख लेखन प्रतियोगिता के 33 विजेता प्रतिभागियों में से भोपाल विभाग के चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर संगठन की वर्षभर की गतिविधियों से संबंधित न्यूज लेटर का विमोचन भी किया गया।

जो भी आंदोलन देश के खिलाफ होगा, वह सफल नहीं होगाः गुप्ता

उद्घाट्न सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक विमल गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को स्वयं के प्रयासों से व्यक्तित्व, वक्तव्य, कतित्व, नेतत्व और समझदारी के गुणों का विकास करना चाहिए। इससे संगठन में भी इन गुणों का विकास होता है। संघ ने अपनी 101 वर्षों की यात्रा पूरी की है। समाज परिवर्तन से व्यवस्था परिवर्तन के लक्ष्य को लेकर चलते हुए संघ समाज के मूल स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। भविष्य की चुनौतियों की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में नैरेटिव का संघर्ष होना है। इस विमर्श के संघर्ष में हमें अपनी भूमिका का पता हो और उसी अनुसार हमारी तैयारी हो, इसका विचार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जो भी आंदोलन देश के खिलाफ होगा, वह सफल नहीं होगा।

दिवाड़ा, सिवनी, मुरैना और सागर, दमोह की परियोजनाओं के लिए प्रदान की स्वीकृति

विकास और प्रशासनिक तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए कैबिनेट ने आठ हजार 225 करोड़ की स्वीकृति दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में हुई। प्रदेश के विकास और प्रशासनिक तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए 8 हजार 225 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं एवं वित्तीय प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। राज्य में कृषि विस्तार और जल संसाधन प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए छिंदवाड़ा, मुरैना और सागर जिलों की वृहद सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2030-31 तक निरंतर संचालन के लिए 3,378 करोड़ 69 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है।

पर्यावरण संरक्षण एवं क्षतिपूर्ति पौधरोपण के लिए प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि से 2,050 करोड़ 3 लाख रुपए के उपयोग का अनुमोदन किया गया। जन-स्वास्थ्य सेवाओं को निर्बाध रखने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को 1,743 करोड़ 58 लाख, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं के लिए 651 करोड़ 25 लाख रुपए का अनुमोदन दिया गया है।

निवाड़ी, मऊगंज, पांढुर्णा और मैहर में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की स्थापना के लिए नवीन 68 पद और आउटसोर्सिंग से 32 व्यक्तियों को रखे जाने की स्वीकृति



मंत्रालय में मंत्री-परिषद की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय।

सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण के लिए मंजूरी

कैबिनेट ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की विभिन्न योजनाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतर संचालन के लिए 651 करोड़ 25 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। निवाड़ी, मऊगंज, पांढुर्णा और मैहर में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की स्थापना के लिए नवीन 68 पद और आउटसोर्सिंग से 32 व्यक्तियों को रखे जाने की स्वीकृति दी गई है।

कैम्पा निधि योजना क्रियान्वयन के लिए 2,050 करोड़ की मंजूरी

कैबिनेट ने प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि के तहत वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्य योजना के क्रियान्वयन के लिए 2050 करोड़ 3 लाख रुपए के उपयोग की स्वीकृति दी गई है। प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि का उपयोग विगत वर्षों के कार्यों के रख-रखाव, क्षतिपूर्ति पौधारोपण, लैण्डस्केप के आधार पर बिगड़े वनों का सुधार, नदियों के पुनर्जीवन के लिए जलग्रहण क्षेत्र के वनीकरण, मृदा एवं जल संरक्षण के कार्य, ग्रामीणों की आजीविका के लिए ग्रामों की सीमा से लगे वनक्षेत्रों में बॉस प्रजाति सहित वृक्षारोपण, वन्यप्राणी संरक्षित क्षेत्रों के गांवों से स्वैच्छिक विस्थापन, बफर क्षेत्र सहित संरक्षित क्षेत्रों में रहवास का विकास, नगर वनों की स्थापना, वन एवं वन्यप्राणी संबंधी अधोसंरचना सुदृढीकरण एवं ग्रामीणों की क्षमता विकास कार्य में किया जा सकता है।

मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन के माध्यम से गेहूं खरीदी की स्वीकृति

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तहत रबी विपणन वर्ष 2020-21 में 7 लाख मीट्रिक टन चमक विहीन गेंहू को निविदा के माध्यम से स्वीकृति दी गई। मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2020-21 के 2 लाख मीट्रिक टन एवं 3.8 लाख मीट्रिक टन इस प्रकार कुल 5.8 लाख मीट्रिक टन चमकविहीन गेहूं का निविदा किए गए विक्रय की कार्यवाही का कार्योत्तर अनुमोदन दिया गया।

जिलों में कृषि के लिए पानी की आपूर्ति करना उद्देश्य

छिंदवाड़ा, सिवनी, मुरैना और सागर, दमोह की सिंचाई परियोजनाओं के लिए 3,378 करोड़ 69 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही पेंच व्यपवर्तन (वृहद) परियोजना की निरंतरता के लिए 197 करोड़ स्वीकृत किए गए है। इसका मुख्य उद्देश्य बांध निर्माण कर छिंदवाड़ा और सिवनी जिलों में कृषि के लिए पानी की आपूर्ति करना है। सागर में पंचमनगर सिंचाई कॉम्पलेक्स एक वृहद सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना के तहत पगरा बांध एवं पंचमनगर बैराज का निर्माण किया जा चुका है। पंचमनगर सिंचाई कॉम्पलेक्स के कार्यों की निरंतरता के लिए 39 करोड़ 41 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है।

1,743 करोड रुपए की मंजूरी स्वीकृत

कैबिनेट ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की निर्देशन एवं प्रशासन से संबंधित योजना के 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतर संचालन के लिए 1,743 करोड़ 58 लाख रुपए की स्वीकृति दी है।

शहरी विकास, डिजिटल गवर्नेंस और पर्यावरण अनुकूल सहित अन्य विषयों पर होगा मंथन

सीएम डॉ. यादव आज इंदौर में करेंगे 'अर्बन कॉन्क्लेव' का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ करेंगे वन-टू-वन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम आज इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 'अर्बन कॉन्क्लेव' का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश में नगरीय विकास को नई गति देने, शहरी अधोसंरचना में निवेश को प्रोत्साहित करने तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से शहरों को अधिक सुविधायुक्त और टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कॉन्क्लेव में राज्य सरकार के विजन को साझा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम के दौरान निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठक कर शहरी क्षेत्र में निवेश, परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं भावी सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

श्रेणी-2 के शहरों के विकास एवं डिजिटल गवर्नेंस पर मंथन

कॉन्क्लेव में महानगरों से आगे बढ़कर श्रेणी-2 के शहरों के विकास पर केंद्रित विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें पुनःघनीकरण, परिवहन आधारित विकास (टीओडी), टीडीआर, आवास, पुनर्विकास, मास्टर प्लान, विकास गलियारे, रेरा स्वीकृतियां, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, अनापत्ति प्रमाण-पत्रों में कमी (एनओसी) तथा एफएआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श होगा। नगरीय प्रशासन में सुधार और डिजिटल सशक्तिकरण पर केंद्रित सत्र में स्वचालित भवन अनुज्ञा अनुमोदन प्रणाली (एबीपीएएस), ऑनलाइन एनओसी एवं विकास अनुज्ञा प्रणाली, कॉलोनी अधिनियम, डिजिटल गवर्नेंस, जीआईएस आधारित नियोजन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा परियोजना प्रबंधन सूचना प्रणाली जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

जलवायु अनुकूल शहर और जल सुरक्षा पर चर्चा

जलवायु अनुकूल शहर, जल सुरक्षा और सर्कुलर एकॉनामी विषय पर आयोजित सत्रों में विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। चर्चा के प्रमुख विषयों में शहरी जल पुनः उपयोग एवं जल प्रबंधन, अमृत 2.0, बीआरएसआर फ्रेमवर्क, नमो हरित नगर योजना, सिटी फॉरेस्ट एवं सेंट्रल पार्क, वायु गुणवत्ता सुधार की पहल, ईज ऑफ लिविंग एवं लिवेबिलिटी इंडेक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, एमआरएफ, कचरे से ऊर्जा, सौर ऊर्जा परियोजनाएं तथा सीबीजी इकोसिस्टम शामिल हैं।

लोगों की मौत पर भी राजनीति कर रही है कांग्रेसः खंडेलवाल

भोपाल। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और जीतू पटवारी लोगों की मौत पर भी राजनीति कर रहे है। मौत किसी भी कारण से हो, दुःखद होती है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत बनाने के लिए राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर कार्य कर रही है। खंडेलवाल ने कहा कि जीतू पटवारी सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने की बजाय मौत जैसे संवेदनशील विषय को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का माध्यम बना रहे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार किसी भी घटना के दोषियों को कड़ी सजा देती है। जिम्मेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई हो रही है। निष्पक्ष जांच कराई जा रही है, जांच में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ भाजपा सरकार ऐसी कार्रवाई करेगी जो आने वाले दिनों के लिए उदाहरण बनेगा।



कुलगुरू गंभीर चिंतन में...

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में लंबे समय से कोई बड़े हंगामे की खबर सुनाई नहीं दी। घोटालों की चर्चाएं भी फिलहाल विवि की गलियों में सुनाई नहीं दे रही हैं। अधिकांश विभागों में कक्षाओं के न लगने या परीक्षा संचालन को लेकर भी शिकायतें न के बराबर सुनाई दे रही हैं। यह उपलब्धि आरजीपीवी के नए कुलगुरू प्रो आलोक शर्मा की पदस्थापना के बाद ही होता दिख रहा है। इससे पहले विवि में दो अन्य कुलगुरु की पदस्थापना के कुछ समय बाद से ही ऐसी शिकायतें आम हो रही थीं, कारण जो भी रहा हो, लेकिन वर्तमान कुलगुरू प्रो आलोक शर्मा विवि के प्रशासनिक मामलों में फिलहाल हर मोर्चे पर क्षमतावान साबित हो रहे हैं। ऐसा मानना विवि से जुड़े कर्मचारियों, अधिकारियों और विद्यार्थियों का भी है। हालांकि, अभी-अभी एक घटना जरूर हुई है, जिसे लेकर कुलगुरू गंभीर चिंतन में है। उम्मीद है वे भविष्य में ऐसी घटनाओं से भी बचने के लिए कोई न कोई प्रशासनिक रास्ता निकालने का प्रयास अवश्य करेंगे। यह उनकी प्रशासनिक क्षमता में कुछ और प्लस कर सकता है।

उच्च शिक्षा विभाग की यह पहल रंग लाएगी..

प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों को रोजगारोंमुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा खास पहल की जा रही है। विभाग ने 27 अक्टूबर को देश के विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर एवं विनिमय समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की उपस्थिति में राजधानी स्थित मंत्रालय में आयोजित किया गया। उच्च शिक्षा विभाग की यह पहल प्रदेश भर के विद्यार्थियों के लिए भविष्य के कई नए रास्ते खोलेगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही इस पहल के माध्यम से देश के अग्रणी संस्थानों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान, यूजीसी-डीएई कंसोर्टियम फॉर साइंटिफिक रिसर्च, क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन तथा हार्टफुलनेस संस्थान के साथ शैक्षणिक साझेदारी बढ़ेगी। साथ ही इन समझौतों के माध्यम से प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को विश्वस्तरीय संस्थानों की विशेषज्ञता और संसाधनों का सीधा लाभ मिलेगा। यह अच्छी बात है।

संजीव सक्सेना

बलराम कृषि महोत्सव में बोले सीएम डॉ. यादव

किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने किए जा रहे तमाम प्रयास



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम ने कहा कि खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए कृषि के साथ उद्यानिकी, मत्स्य पालन और पशुपालन जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा देना जरूरी है।

किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और कृषि आधारित उद्योगों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत कृषि उपज मंडी परिसर जबलपुर में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया गया।

गोपालन के लिए प्रेरित करने के प्रयास किए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत कृषि के साथ उद्यानिकी, मत्स्य पालन और पशुपालन को भी प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने पशुपालन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को अच्छी नस्ल की गाय उपलब्ध कराने और उन्हें गौपालन के लिए प्रेरित करने के प्रयास किए जाएंगे। किसानों के घरों में शुद्ध दूध और दही उपलब्ध हो तथा प्राकृतिक खेती एवं जैविक उत्पादों को बढ़ावा मिले, इस दिशा में भी सहभागिता आवश्यक है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

मतदाता सूची में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को वरिष्ठ नेता एवं एसआईआर कमेटी के अध्यक्ष सज्जन सिंह वर्मा के नेतृत्व में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंच कर अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत मतदाता सूची में सामने आ रही विसंगतियों और पात्र मतदाताओं के नाम छूटने से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया तथा अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि एसआईआर के अंतर्गत 22 फरवरी 2026 को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची को निरस्त किया जाए तथा पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान फॉर्म-6 से वंचित रह गए पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए जाएं।



यह भी मांग की

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग रखी कि वर्ष 2003 से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं करा पाने तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के कारण मतदाता सूची से बाहर हुए लोगों को उचित अवसर देकर उनके नाम जोड़े जाएं और इसके बाद ही अंतिम मतदाता सूची जारी की जाए। कांग्रेस ने फॉर्म-7 दाखिल करने का अधिकार केवल संबंधित बीएलओ को देने तथा सभी चुनाव मतपत्र के माध्यम से कराए जाने की मांग भी रखी। प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ नेता जेपी धनोपिया, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल रहे।



मंत्री शाह और तोमर ने सुनी कार्यकर्ताओं की समस्याएं

भोपाल। प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री द्वय विजय शाह और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

शाह और तोमर ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनसमस्याओं का परीक्षण कर उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा। आमजन की जनसमस्याओं का समाधान और उन्हें शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करना सीएम के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के नेतृत्व में संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

कांग्रेस कार्यालय में भाजपा के हमले और पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी

निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई और ऐसी घटनाओं को रोकने की मांग

प्रदेश कांग्रेस ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा, कहा- हिंसा हुई तो प्रशासन जिम्मेदार, दोषियों पर हो सख्त से सख्त कार्रवाई

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंचकर पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की और कांग्रेस कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कथित हमले तथा उसके बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि पुलिस प्रशासन की अनुमति से होने वाले प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़, हिंसा या किसी कार्यकर्ता के घायल होने जैसी घटना होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी भोपाल पुलिस प्रशासन की होगी।



पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

कानून-व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक

मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि घटना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आई हैं। इस हिंसा में वरिष्ठ पत्रकार संदीप भी घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यह घटना केवल राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर हमला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक वातावरण और स्वतंत्र पत्रकारिता की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर सवाल भी है। उन्होंने कहा कि यदि राजनीतिक दलों के कार्यालय सुरक्षित नहीं हैं, घटनाओं की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार भी हिंसा का शिकार हो रहे हैं, तो कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पुलिस का दायित्व पीड़ितों की सुरक्षा करना और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना है, न कि पीड़ित पक्ष पर ही बल प्रयोग करना।

भाजपा को कार्यालय के पास अनुमति क्यों?

सक्सेना ने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय का घेराव करने जाते हैं, तो पुलिस कार्यालय से तीन से पांच किमी दूर प्रदर्शन की अनुमति देती है। इसके विपरीत भाजपा कार्यकर्ताओं को पीसीसी के नजदीक प्रदर्शन करने दिया जाता है। इससे दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं के बीच विवाद होने की आशंका बढ़ जाती है।

पेज एक का शेष...

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों ..

धांधली की है, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों से कहा कि एआई (आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस) तकनीक से सरकार तो सजग है ही, पर आप भी सजग रहकर काम करें, ताकि इसका लाभ जनता को मिल सके। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि किसी भी स्थिति में प्रदेश में भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए। कैबिनेट की ब्रीफिंग में मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के किसी भी मामले में सख्त कार्रवाई करने और उस पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। नगरीय निकायों से जुड़े प्रकरणों की जांच के दौरान 201 मामलो में 392 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सरकार विभिन्न स्तर पर मॉनिटरिंग कर रही है। जैम पोर्टल के मुद्दे पर मंत्री काश्यप ने कहा कि एलयूएन खुद सलाह देता है कि जैम पोर्टल से कैसे खरीदी की जाए। सीएम ने कहा कि मप्र स्थापना दिवस 1 नवंबर के उपलक्ष्य में कृषि वर्ष पर केंद्रित 3 दिवसीय आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों ...

को प्रविष्टियां दर्ज की गईं। मंदसौर और नीमच ने राष्ट्रीय स्तर पर क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया है। धार्मिक पर्यटन में उज्जैन सबसे आगे रहा है। प्रदेश में वर्ष-2021 में 4 करोड़ 88 लाख पर्यटक आए थे। यह संख्या वर्ष 2025 में बढ़कर लगभग 21 करोड़ हो गई है। इनमें सबसे बड़ा आंकड़ा धार्मिक पर्यटन का है।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र ...

होगा। सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। गोवर्धन पूजा के अवसर पर वृंदावन ग्रामों के अच्छे पशुपालकों की प्रतियोगिता कराई जाएगी। प्रथम तीन विजेताओं को गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

अभिषेक ने 'फोड़ा'...

बढ़त बना ली। अभिषेक ने महज 35 गेंदों में शतक पूरा किया और 38 गेंदों पर 113 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने नौ चौके और 11 छक्के लगाए। वैभव के साथ उनकी आक्रामक शुरुआत ने भारत की जीत की राह आसान कर दी। वैभव ने 19 गेंदों में 45 रन बनाए। वेलिंगटन के हेगले स्टेडियम में खेले गए इस मैच में अभिषेक ने इस प्रदर्शन के साथ विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए पुरुष टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बनने का रिकॉर्ड बनाया। वह टी20 क्रिकेट में अब तक 11 शतक लगा चुके हैं, जबकि कोहली के नाम 10 शतक हैं। इस प्रारूप में उनसे आगे पाकिस्तान के बाबर आजम 13 और वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 22 शतकों के साथ हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी अभिषेक ने अपना चौथा शतक लगाकर सूर्यकुमार यादव की बराबरी कर ली।

कलेक्टर-एसपी नपे ...

निलंबित किया गया है। पुलिस अब शराब की आपूर्ति के स्रोत, उसकी बिक्री के नेटवर्क और लाइसेंसी दुकानों से कथित संबंधों की जांच कर रही है। जब्त शराब के नमूने फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) भेजे गए हैं। देवास से पहले सितंबर में सागर जिले की बंडा तहसील के गोगरा खुर्द, नौरोज और पाटन गांवों में संदिग्ध जहरीली शराब पीने के बाद कई लोगों की मौत का मामला सामने आया था। शुरुआती सरकारी जानकारी में 10 मौतों की पुष्टि हुई थी। बाद की रिपोर्टों में मृतकों की संख्या बढ़ने की जानकारी दी गई। 10 सितंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए न्यायिक जांच के आदेश दिए थे।

देवास और सागर में...

आयुक्त कीर्ति दूबे, सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप खंडाते और बंडा क्षेत्र की आबकारी उप निरीक्षक प्रोशनी उरेती शामिल थीं। संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी एवं उपायुक्त नीरजा श्रीवास्तव को सागर से हटाकर ग्वालियर मुख्यालय से संबद्ध किया गया था। पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए बंडा थाना प्रभारी और गूगरा चौकी प्रभारी को निलंबित किया था। सितंबर में बंडा थाना और उससे संबद्ध चौकियों के 82 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लाइन अटैच किए जाने की रिपोर्ट सामने आई थी।

तीन जिलों के कलेक्टर व ...

है। सरकार ने जिला आबकारी अधिकारी को भी हटा दिया है। सरकार ने देवास के साथ ही साथ तीन जिलों के कलेक्टर व एसपी को भी हटा दिया है। सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल को हटा दिया। उन्हें मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम में एमडी बनाया गया है। जबकि एमडी पर्यटन विकास निगम दिलीप कुमार यादव को सागर जिले का कलेक्टर बनाया गया है। राज्य सरकार ने मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में पदस्थ उप सचिव अंजु अरूण कुमार को सिवनी जिले का कलेक्टर बनाया है। सागर पुलिस अधीक्षण अनुराग सुजानिया को हटाकर एआईजी पुलिस मुख्यालय बनाया गया है। जबकि सेनानी 14 वीं वाहिनी ग्वालियर संजीव कुमार सिन्हा को एसपी सागर बनाया गया है।

पटवारी का पदयात्रा ...

लेकर कांग्रेस ने देवास में प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दो टूक ऐलान किया कि यदि इस मामले में जिम्मेदार आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में प्रकरण दर्ज नहीं किया गया, तो कांग्रेस उज्जैन से देवास तक 50 हजार लोगों के साथ पदयात्रा निकालेगी। घटना से आक्रोशित मृतकों के परिजनों ने न्याय और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया है।

केमिकल मिलाकर ...

आबकारी अधिनियम के मामले में गिरफ्तार 10 आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी मिलने की बात कही है। प्रकरण में धारा 49-क भी जोड़ी गई है। हालांकि, मौतों का इस शराब से संबंध जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस के अनुसार, आरोपी अजय राठौर और उसके साथियों की कथित संलिप्तता सामने आई है। एक अक्टूबर को इंदौर की लोहा मंडी स्थित गोदाम से केमिकल मंगवाया गया था। आरोप है कि पूर्वाड़ा दाई और लौहार पिपल्या में केमिकल में पानी मिलाकर लाइसेंसी शराब जैसी दिखने वाली बोतलें तैयार की गईं। इन्हें क्षिप्रा और भाड़ा पिपल्या की वाइन शॉप से लाई गई शराब की पेटियों में मिलाकर चंदाना-बिंजाना क्षेत्र में बेचा गया। छह-सात से 11-12 अक्टूबर के बीच बिक्री की जानकारी मिली है। पुलिस इंदौर में संबंधित गोदाम और कार्यालय सील करने रवाना हुई है।

चंदाना-बिंजाना मौतों की जांच, 8-9 परिवारों से पूछताछः चंदाना और बिंजाना में हुई संदिग्ध मौतों की जांच के लिए संभागायुक्त के निर्देश पर गठित दल मंगलवार को देवास पहुंचा। दल ने दोनों गांवों में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। चंदाना में 8-9 परिवारों से चर्चा के दौरान मृतकों की तबीयत बिगड़ने, लक्षणों, उपचार और दी गई दवाइयों के बारे में पूछा गया। दवाइयों के पर्चे देखे और उपचार करने वाले डॉक्टरों की जानकारी भी ली। दल ने शराब सेवन और उसे खरीदने के स्रोत के संबंध में भी पूछताछ की। गांव में बीमार लोगों से भी चर्चा की गई।

कूनो के 19 ...

में किसी चीते को गोली मारने का यह दूसरा मामला है। कूनो नेशनल पार्क के चीतों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। पार्क से बाहर निकलने वाले चीते सुरक्षित नहीं हैं। इन चीतों को कॉलर आईडी लगाई गई है, वन विभाग की टीमें लगातार उनकी निगरानी कर रही हैं। इसके बावजूद मादा चीते को गोली मार दी गई। वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे का कहना है कि कूनो नेशनल पार्क के चीतों की लगातार ट्रैकिंग की जाती है। वन विभाग की टीमें भी उन पर नजर रखती हैं। इसके बावजूद चीते पर हमला होना गंभीर लापरवाही है। इस मामले की सीबीआई जांच होना चाहिए।

जीएसटी अफसर के...

3 लाख 73 हजार 317 रुपए और व्यय 3 करोड़ 78 लाख 25 हजार 707 रुपए पाया गया है। टीम अलग-अलग ठिकानों पर संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है। टीम घर और परिवार की संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच की है। लोकायुक्त की करीब 10 सदस्यीय टीम मंगलवार सुबह करीब 6 बजे तीन गाड़ियों से बंडा के बरा चौराहे के पास वार्ड क्रमांक-8 पहुंची। टीम ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मनीष जैन के घर में प्रवेश किया। वहां परिवार की संपत्ति से जुड़े दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। जैन का परिवार मूल रूप से छतरपुर जिले में शाहगढ़ के पास स्थित मड़देवरा गांव का रहने वाला है। कई साल पहले परिवार बंडा आ गया था। यहां वार्ड क्रमांक-8 में परिवार ने दो मंजिला मकान बनाया। परिवार में मनीष जैन के माता-पिता और एक भाई हैं। उनका भाई घर में ही विद्यासागर मेडिकल स्टोर चलाता है।

पत्रकार को धक्का ...

और उन्हें गंभीर चोटें आईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख किया। इसके बाद पीठ ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। याचिका में महिला पत्रकार ने दावा किया कि उन्होंने धक्का देने से मना किया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें धक्का दिया गया। उन्होंने इसे भीड़ में होने वाली सामान्य धक्का-मुक्की से अलग घटना बताया। याचिका के अनुसार मौके पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नारों के बीच उनकी आवाज नहीं सुनी गई। पत्रकार ने अपनी शिकायत में दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) से राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। आरोप है कि शिकायत के बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

यात्री को मिलेगा ....

खारिज कर दी। आयोग ने यात्री को चोरी हुए 1.20 लाख रुपए के सामान की कीमत पर सितंबर 2017 से नौ प्रतिशत सालाना ब्याज और मानसिक परेशानी के लिए 25 हजार रुपए मुआवजा देने का आदेश बरकरार रखा। आयोग की अध्यक्ष जस्टिस संगीता ढींगरा सहगल और सदस्य बिमला कुमारी की पीठ ने 6 अक्टूबर 2026 को फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आरक्षित कोच में अनधिकृत लोगों का प्रवेश रोकने में नाकामी सेवा में कमी और रेलवे कर्मचारियों की लापरवाही दर्शाती है। मामला 7 जून 2014 का है। अजोय कुमार महानंदा एक्सप्रेस से दिल्ली से यात्रा कर रहे थे। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर दो अनधिकृत लोग कोच में घुस आए और सीट को लेकर बहस करने लगे। इसी दौरान उन्होंने यात्री का ध्यान भटकाकर ट्रॉली बैग चुरा लिया। बैग में सोने-चांदी के गहने, कपड़े और जरूरी दस्तावेज थे। सामान की कीमत 1.20 लाख रुपये बताई गई। यात्री ने तत्काल टीटीई से शिकायत की, लेकिन एफआईआर 25 अप्रैल 2015 को दर्ज हुई। मई 2017 में पुलिस ने आरोपियों का पता नहीं चलने की रिपोर्ट पेश की। आयोग ने अप्रैल 2024 में रेलवे को लापरवाही का दोषी ठहराया था। इसके खिलाफ रेलवे ने अपील करते हुए दलील दी कि बिना बुक कराए सामान की चोरी के लिए वह जिम्मेदार नहीं है। रेलवे ने रेलवे अधिनियम की धारा 100 का भी हवाला दिया, लेकिन राज्य आयोग ने उसकी दलीलें खारिज कर दीं।

'आधी रात' को ...

इसके बाद प्रमोद शर्मा समेत 4 लोगों को एंबुलेंस से संजय गांधी अस्पताल भेजा गया। प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को मौखिक आश्वासन दिया कि अगले 10 दिनों तक रोझौही में परियोजना से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं होगी। हालांकि, इस संबंध में कोई लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। परियोजना के विरोध में लंबे समय से आंदोलन कर रहे ग्रामीणों का आक्रोश जल सत्याग्रह के दौरान विमला कोल की मौत के बाद बढ़ गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सोमवार को रोझौही पहुंचे थे। उन्होंने आंदोलनकारियों से मुलाकात की और विमला कोल के परिजनों को एक लाख की आर्थिक सहायता दी।

युवती का आरोप-...

है। पुलिस ने युवती के आवेदन पर चक्रेश और एक अन्य आरोपी के खिलाफ गैंगरेप की एफआईआर दर्ज की है। आरोप लगाने वाली युवती ने एक वीडियो जारी कर पूरी घटना बताई। सीएसपी श्वेता गुप्ता ने बताया कि इंदौर निवासी एक महिला रात करीब 12 बजे लिखित आवेदन के साथ थाने आई थी। उसकी इंस्टाग्राम पर उज्जैन के युवक से दोस्ती हुई थी। दोनों पहले भी मिल चुके हैं। वो बस से उससे मिलने आई थी। उसके दोस्त ने कार में बैठाया। फिर एक और साथी गाड़ी में बैठा। तीनों साथ में घूमे। दोनों व्यक्तियों ने उसके साथ ओरल सेक्स किया। फिर अरबिंदों पर छोड़ दिया गया। मेडिकल चेकअप में युवती के प्राइवेट पार्ट में इंजुरी नहीं पाई गई।

माइक्रोसॉफ्ट ने 60...

सितंबर तिमाही में उसका पूंजीगत खर्च 50 अरब डॉलर से अधिक रहने की उम्मीद है, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 34.9 अरब डॉलर था। जून तिमाही में कंपनी का मुक्त नकदी प्रवाह 19.64 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले से 23 प्रतिशत कम है।

जेपी मॉर्गन में भी छंटनीः रिकॉर्ड वित्तीय मुनाफे के बावजूद जेपी मॉर्गन चेस में 2015 के बाद सबसे बड़ी छंटनी देखी जा रही है। बैंक मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऑटोमेशन के बढ़ते प्रभाव के कारण कंज्यूमर बैंकिंग, कमर्शियल और बैक-ऑफिस ऑपरेशंस जैसे विभागों में पदों की कटौती कर रहा है।

3 लोगों ने...

वारदात के दौरान सुरक्षा गार्ड सो गया था। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किस रास्ते से परिसर में दाखिल हुए। विवेक पोरवाल वर्तमान में प्रमुख सचिव, खनिज साधन विभाग के पद पर पदस्थ हैं। इससे पहले वे राजस्व तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव रह चुके हैं।

दलील और सहमति ...

एसोसिएशन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान ने दलील दी कि किसी व्यक्ति के बारे में खबर प्रकाशित करने से पहले उसकी सहमति लेने की अनिवार्यता पत्रकारिता के सामान्य कामकाज में बाधा बन सकती है। इससे खोजी खबरों की पड़ताल और समय पर प्रकाशन प्रभावित होने के साथ पूर्व-सेंसरशिप जैसी स्थिति पैदा होने का खतरा है। उन्होंने कहा कि कानून के उल्लंघन पर कार्रवाई हो सकती है, लेकिन खबर प्रकाशित होने से पहले ही रिपोर्टिंग बाधित नहीं होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि नागरिकों के अधिकारों और मीडिया की स्वतंत्रता के बीच संतुलन जरूरी है। उन्होंने याचिकाकर्ताओं से कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय सुझाने को भी कहा। याचिका में अधिनियम की कई धाराओं और डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स, 2025 के कुछ प्रावधानों को चुनौती दी गई है। एसोसिएशन के अनुसार, व्यक्तिगत डेटा के इस्तेमाल, सहमति और उसे मिटाने संबंधी शर्तें पत्रकारों के काम को प्रभावित कर सकती हैं। भ्रष्टाचार और सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों के कथित कदाचार की जांच में भी बाधा आ सकती है। इन प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की है।

वंदे मातरम के ...

तर्क है कि सरकारी कार्यक्रमों में लंबे समय से वंदे मातरम के दो अंतरों वाले संस्करण का इस्तेमाल होता रहा है। उनका कहना है कि बाद के चार अंतरों में हिंदू देवियों का उल्लेख है, इसलिए सभी छह अंतरों को अनिवार्य करना धार्मिक स्वतंत्रता, अंतरात्मा की स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक सिद्धांतों के खिलाफ हो सकता है।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक 1177/ए मण्डल द्वारा श्रीमती उज्मा खान पुत्री श्री नन्ने खान के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 12/08/2021 को पंजीकृत है। श्रीमती उज्मा खान पुत्री श्री नन्ने खान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री अमन आत्मज श्री अय्यूब को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/09/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री अमन आत्मज श्री अय्यूब के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 423/ए मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद अनीस आत्मज श्री मोहम्मद अली के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 15/12/2025 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 09/05/2020 को पंजीकृत है। श्री मोहम्मद अनीस आत्मज श्री मोहम्मद अली द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती साजिया बी पत्नी श्री आबिद अली को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 06/10/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती साजिया बी पत्नी श्री आबिद अली के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.- 148 मण्डल द्वारा (1) श्री हबीबुल हसन आत्मज श्री हसीबुल हसन (2) श्रीमती नफीस फातिमा पत्नी श्री हबीबुल हसन के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 17/03/2024 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 07/09/2026 को पंजीकृत है। (1) श्री हबीबुल हसन आत्मज श्री हसीबुल हसन (2) श्रीमती नफीस फातिमा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मो. रेहान आत्मज श्री मोहम्मद सईद को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/10/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री मो. रेहान आत्मज श्री मोहम्मद सईद के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यान्त्रिकी सेवा संभाग रायसेन एवं सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति, जिला पंचायत रायसेन तहसील केम्पस तहसील रायसेन (म.प्र.)

Tel. No: 07482-223251 E-Mail, - eeresraisen@mp.gov.in
निविदा क्र.- 2118 / व.ले.लि./2026-27 रायसेन, दिनांकः 15/10/2026

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 06 / 2026-27 / रायसेन
Tender ID : 2026_RES_544295_1 (IInd Call)

जिला वॉश तकनीकी समिति, जिला पंचायत रायसेन द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत (ग्रामीण नलजल योजना संचालन संधारण एवं प्रबंधन) नियम, 2026 की कंडिका 12 के प्रावधानों के अंतर्गत ग्रामीण नल जल योजनाओं के वृहद मरम्मत, रख-रखाव एवं स्त्रोत तथा पाइप लाइन विस्तार कार्यों हेतु कंडिका 14 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत एजेंसियों को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध (empanel) करने के लिए पात्र आवेदकों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	जिले का नाम	जिले में जनपद पंचायतों की संख्या	सूचीबद्धता शुल्क (रू.)	निविदा दस्तावेज शुल्क (रू.)	सूचीबद्धता की अवधि (माह)
1	रायसेन	07	50,000	1,000	24

महत्वपूर्ण जानकारीः 1. निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज मध्यप्रदेश शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (https://mptenders.gov.in) से देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. निविदा दस्तावेज शुल्क एवं सूचीबद्धता शुल्क मध्यप्रदेश शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। 3. निविदा से संबंधित बैठक, आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख तथा अन्य जरूरी तारीखों की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर देखी जा सकती है। 4. किसी भी कारण से आवेदन जमा करने में होने वाली देरी के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। 5. जिले के प्रत्येक जनपद में अधिकतम 5 निविदाकारों को सूचीबद्ध किया जाएगा। 6. एक निविदाकार को जिले के अधिकतम 2 जनपदों में ही सूचीबद्ध किया जा सकेगा। 7. जिला पंचायत को किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने तथा आवश्यकता पड़ने पर पूरी निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार होगा। इस संबंध में जिला पंचायत द्वारा कारण बताना आवश्यक नहीं होगा। 8. उपरोक्त निविदा के निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान कर क्रय किए जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 27/10/2026 समय 10:30 से प्रारंभ होकर दिनांक 13/11/2026 तक शाम 5:30 बजे तक निर्धारित है। निविदा कवर 'अ' (Cover 1) ऑन लाईन ही जमा (Submit) / अपलोड करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। 9. संशोधन संबंधी सभी सूचनाऐं केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जायेगी। पृथक से पेपर में प्रकाशित नहीं की जायेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतिक्षा न करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यान्त्रिकी सेवा संभाग रायसेन
एवं सदस्य सचिव, जिला वॉश तकनीकी समिति
जिला पंचायत, रायसेन

G-20573/26

सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

नाम परिवर्तन

मैं अराधना यादव पत्नि श्री कामता प्रसाद यादव आयु वयस्क निवासी-एल-91, सेक्टर 2बी साकेत नगर भोपाल म.प्र. पिन 462024, नाबालिग बच्ची के दस्तावेजों में दर्ज माता के नाम की स्पेलिंग (वर्तनी) अराधाना (Aradhana) से बदलकर अराधना (Aradhna) कर दिया है। भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिये शपथ पत्र (Affidavit) दिनांक 26.10.2026 के अनुसार जो नोटरी भोपाल म.प्र. भारत के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

हरिभूमि भोपाल बाजार
खबर ही नहीं, विचार भी
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईटः-
220 फिट रिंग रोड न्यू
बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। ब्रेस्ट टोनर क्रिम लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

वृष कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

मिथुन आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

कर्क अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कन्या कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

तुला दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

वृश्चिक आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

धनु कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मकर वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होग

खबर संक्षेप

एथर एनर्जी की आय 1,527 करोड़ पहुंची

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता एथर एनर्जी की वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में कुल आय सालाना आधार पर 62 फीसदी बढ़कर 1,527 करोड़ रुपए हो गई। वाहन बिक्री 42 फीसदी बढ़कर 93,211 यूनिट रही। कंपनी ने 74.2 करोड़ रुपए का एबिटडा और 4.9 फीसदी का एबिटडा मार्जिन दर्ज किया। कंसोलिडेटेड शुद्ध मुनाफा 1.26 करोड़ रुपए रहा।

एचडीएफसी बैंक का फ्लेक्सी ईवी लोन लांच

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद को आसान बनाने के लिए फ्लेक्सी इलेक्ट्रिक कार लोन लांच किया है। इस नई ऋण सुविधा के तहत इलेक्ट्रिक कार की बॉडी और बैटरी के लिए अलग-अलग लोन की व्यवस्था की गई है। बैंक के अनुसार, यह सुविधा देशभर में उसकी 9,700 से अधिक शाखाओं में उपलब्ध है।

ठगी से बचाव के लिए आई4सी की साझेदारी

नई दिल्ली। ऑनलाइन धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए अमेजन इंडिया और गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने साझेदारी के दूसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत सुरक्षित ऑनलाइन शॉपिंग के संदेश, इंटरैक्टिव डिजिटल गेम और एआई आधारित साइबर सुरक्षा समाधानों को बढ़ावा दिया जाएगा।

एंटाला इंडस्ट्रीज का आईपीओ कल खुलेगा

राजकोट। एंटाला इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 23.33 करोड़ रुपए का आईपीओ 29 अक्टूबर 2026 को खुलेगा और 2 नवंबर को बंद होगा। कंपनी 34.82 लाख नए शेयर जारी करेगी। प्राइस बैंड 63 से 67 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। न्यूनतम लॉट 2,000 शेयरों का है। ऊपरी प्राइस बैंड पर एक लॉट की कीमत 1.34 लाख होगी। कंपनी ने 30.11 करोड़ का परिचालन राजस्व, 5.76 करोड़ रुपए का एबिटडा और 4.19 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया।

एक्सिस बैंक और आईआईएम में करार

मुंबई। एक्सिस बैंक और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बैंगलोर (आईआईएमबी) ने 'एक्सिस बैंक सेंटर ऑफ इकोनॉमिक्स' की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सेंटर बेंगलुरु के जिगानी स्थित आईआईएमबी के नए कैंपस 'दोराबजी टाटा स्कूल ऑफ अंडरग्रेजुएट स्टडीज' में स्थापित होगा।

हुंडई की बेयोन एसयूवी लांच, कीमत 9.99 लाख

गुरुग्राम। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने 'इंटेलिजेंस दैट मूव्स' की सोच के साथ नई एसयूवी हुंडई बेयोन लांच की है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9,99,900 रुपए रखी गई है। कंपनी के अनुसार, यह गाड़ी आधुनिक तकनीक, सुरक्षा, आराम और बेहतर प्रदर्शन के साथ स्मार्ट ड्राइविंग अनुभव प्रदान करेगी। हुंडई मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा कि हुंडई बेयोन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित वॉइस असिस्टेंट दिया गया है।

30 अक्टूबर को 'सनातन शास्त्र विमर्श' रहेगा खास आकर्षण

पतंजलि विवि में 29 अक्टूबर से सजेगा प्राच्यविद्या का महाकुंभ, सनातन संस्कृति पर जुटेंगे देश-विदेश के विद्वान

तीन दिवसीय सम्मेलन में भारतीय दर्शन संस्कृत, शिक्षा और ज्ञान परंपरा पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार

भारतीय ज्ञान परंपरा, सनातन मूल्यों और हिंदू दर्शन की वैश्विक प्रासंगिकता को व्यापक मंच देने के उद्देश्य से 52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन का आयोजन 29 से 31 अक्टूबर 2026 तक पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में किया जाएगा। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वान, शिक्षाविद और शोधकर्ता भारतीय दर्शन, संस्कृत, इतिहास, पुरातत्त्व, पांडुलिपि अध्ययन और सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर योगगुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने विश्वविद्यालय परिसर में समीक्षा बैठक की।



सांस्कृतिक चेतना और भारतीय विरासत के प्रति आत्मबोध विकसित करने पर जोर

स्वामी रामदेव ने कहा कि अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन केवल अकादमिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और प्राचीन ज्ञान परंपरा के संरक्षण, अध्ययन एवं प्रसार का महत्वपूर्ण अवसर है। उनके अनुसार, वेद, दर्शन, संस्कृत, आध्यात्मिक चिंतन और नैतिक मूल्यों से समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा आज के वैश्विक समाज को भी दिशा देने की क्षमता रखती है। उन्होंने युवा पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना और भारतीय विरासत के प्रति आत्मबोध विकसित करने पर जोर दिया।

शिक्षा और संस्कृत के भविष्य पर होगा मंथन

सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण 30 अक्टूबर को प्रस्तावित 'सनातन शास्त्र विमर्श' होगा। इसमें विश्वविद्यालयों के कुलपति और शिक्षाविद शिक्षा के भविष्य, संस्कृत भाषा के संरक्षण-संवर्धन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने के विषयों पर चर्चा करेंगे। स्वामी रामदेव ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान और कौशल अर्जित करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिकता, कर्तव्यबोध और मानव कल्याण की भावना विकसित करना भी है।

पुस्तक मेला, प्रदर्शनी और शास्त्रार्थ भी होंगे

सम्मेलन में विशाल पुस्तक मेले के माध्यम से वेद, उपनिषद, भारतीय दर्शन, संस्कृत साहित्य, योग और आयुर्वेद से संबंधित पुस्तकों एवं शोध प्रकाशनों का प्रदर्शन किया जाएगा। भारतीय संस्कृति की प्रदर्शनी में उत्तराखंड की लोककला, हस्तशिल्प और पारंपरिक जीवनशैली की झलक देखने को मिलेगी। इसके अलावा पंडित परिषद, शास्त्रार्थ, शोधपत्र प्रस्तुतियां, कवि गोष्ठी, शास्त्रीय संगीत, नृत्य और लोककलाओं से जुड़े आयोजन भी होंगे। तैयारियों की समीक्षा के दौरान स्वामी रामदेव ने संबंधित विभागों को अनुशासन, गुणवत्ता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

ग्रे मार्केट के आधार पर जियो का मूल्यांकन 12.61 लाख करोड़ रुपए पहुंचने की संभावना

सूचीबद्ध होते ही बाजार पूंजीकरण में दूसरे स्थान पर पहुंच सकती है जियो

रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद मिल सकता है दूसरा स्थान, भारती एयरटेल तीसरे नंबर पर खिसक सकती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

बुधवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते ही जियो प्लेटफॉर्म्स देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन सकती है। ग्रे मार्केट में मौजूदा प्रीमियम के आधार पर जियो का बाजार पूंजीकरण करीब 12.61 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकता है, जो भारती एयरटेल से लगभग 25,700 करोड़ रुपये अधिक होगा।

इस तरह जियो बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद दूसरे स्थान पर काबिज हो सकती है। एयरटेल को पीछे छोड़ने के लिए जियो को करीब 1,342 रुपये या उससे अधिक के भाव पर सूचीबद्ध होना होगा। जियो के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का निर्गम मूल्य 1,119 रुपये प्रति शेयर है। ग्रे मार्केट में इस पर करीब 245 से 255 रुपये तक के प्रीमियम के संकेत हैं।



ग्रे मार्केट के संकेतों से अलग

जियो का वास्तविक सूचीबद्धता मूल्य ग्रे मार्केट के संकेतों से अलग हो सकता है। ग्रे मार्केट का प्रीमियम अनौपचारिक होता है और इससे सूचीबद्धता की निश्चित कीमत का पता नहीं चलता। बुधवार, 28 अक्टूबर को बंबई शेयर बाजार और राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई) पर शेयरों का कारोबार शुरू होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि बाजार पूंजीकरण के मामले में जियो किस स्थान पर पहुंचती है।

टाटा समूह की टीसीएस शीर्ष पांच से बाहर हो सकती है

औसतन 250 रुपये का प्रीमियम लेकर गणना करें तो संभावित सूचीबद्धता मूल्य 1,369 रुपये बैठता है। मंगलवार को राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई) पर भारती एयरटेल का आखिरी कारोबार भाव 1,978.80 रुपये रहा। इस भाव पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण करीब 12.35 लाख करोड़ रुपये बैठता है। ग्रे मार्केट के संकेत सही साबित हुए तो देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। करीब 16.19 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले और जियो प्लेटफॉर्म्स दूसरे स्थान पर होंगी। इसके बाद भारती एयरटेल 12.35 लाख करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक 10.49 लाख करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक 9.96 लाख करोड़ रुपये के साथ क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर होंगे।

अडाणी समूह सूची में शामिल नहीं

इस संभावित बदलाव की एक और खास बात है। टाटा समूह की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस, जो फिलहाल देश की पांच सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनियों में शामिल है, छठे स्थान पर खिसक सकती है। मंगलवार के शेयर भाव के आधार पर टीसीएस का बाजार पूंजीकरण करीब 9.03 लाख करोड़ रुपये बैठता है। ऐसे में देश की शीर्ष पांच कंपनियों में टाटा या अडाणी समूह की कोई कंपनी नहीं होगी। अदाणी समूह की कोई कंपनी अभी भी इस सूची में शामिल नहीं है।

बैंकिंग क्षेत्र में बदलावों पर हुई चर्चा

पीएनबी वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन की बैठक में फाइव डे बैंकिंग की मांग पर मंथन

सरकार के समक्ष पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था की मांग उठाने की बनी रूपरेखा



वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक वर्कर्स ऑर्गेनाइजेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में बैंकिंग क्षेत्र में हो रहे बदलावों और कर्मचारियों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सप्ताह में पांच दिन बैंकिंग व्यवस्था लागू कराने की मांग सरकार के समक्ष उठाने की रणनीति पर विचार किया गया। इसके साथ ही संगठन के आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन के आयोजन स्थल, तारीख और कार्यकारिणी के गठन से जुड़े विषयों पर भी मंथन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार, वीरेंद्र भारद्वाज, बैंकिंग क्षेत्र के सह-प्रभारी प्रदीप कुमार राय और महामंत्री मनमोहन गुप्ता सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में बैंकिंग क्षेत्र में हो रहे बदलावों के बीच कर्मचारियों के मुद्दों और संगठन की आगामी गतिविधियों पर चर्चा हुई। फाइव डे बैंकिंग यानी सप्ताह में पांच दिन बैंकिंग व्यवस्था लागू कराने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। इस मांग को सरकार तक पहुंचाने के लिए आगे की रूपरेखा तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के अगले राष्ट्रीय अधिवेशन के आयोजन को लेकर भी चर्चा हुई। अधिवेशन कहां और कब आयोजित किया जाए तथा आगामी कार्यकारिणी का गठन किस प्रकार किया जाए, इन विषयों पर पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आए संगठन के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

धनतेरस के लिए पेश हुआ नया कलेक्शन

तनिष्क ने लांच किया 'अध्यंतरा' कलेक्शन, ब्रह्मांड की खूबसूरती से प्रेरित हैं आभूषण



अभिनेत्री तृप्ति डिमरी बनीं कैंपेन का चेहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

टाटा समूह के ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने धनतेरस के अवसर के लिए अपना नया आभूषण कलेक्शन 'अध्यंतरा' पेश किया है। ब्रह्मांड की असीम सुंदरता, तारों की चमक और खगोलीय आकृतियों से प्रेरित इस कलेक्शन के प्रचार अभियान में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी नजर आएंगी। 'अध्यंतरा' में सूरज, चांद और टूटते सितारों की छवियों को आधुनिक आभूषण डिजाइनों के जरिए प्रस्तुत किया गया है। कलेक्शन की खासियत इसकी कलात्मक बनावट, बारीक कारीगरी और ब्रह्मांड से प्रेरित डिजाइन हैं, जिन्हें आधुनिक भारतीय महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। तनिष्क के अनुसार, इस कलेक्शन की अवधारणा महिला की आंतरिक शक्ति, आत्मविश्वास और विशिष्ट पहचान को ब्रह्मांड की सुंदरता से जोड़ती है। ब्रांड का उद्देश्य पारंपरिक भारतीय आभूषण कला को समकालीन डिजाइन के साथ प्रस्तुत करना है। कंपनी का मानना है कि आज की भारतीय महिला अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहने के साथ अपनी पहचान और पसंद को नए रूप में व्यक्त कर रही है। 'अध्यंतरा' इसी सोच को आभूषणों के माध्यम से सामने लाता है। धनतेरस जैसे प्रमुख खरीदारी अवसर पर इस कलेक्शन की पेशकश से तनिष्क ने अपने उत्सवी आभूषण पोर्टफोलियो में एक नया विकल्प जोड़ा है।

शरद माथुर बने इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक

एजेंसी ⏭ मुंबई।



इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वैधानिक स्वीकृति मिलने के बाद शरद माथुर को कंपनी का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया है। कंपनी पहले रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के नाम से जानी जाती थी और इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड समूह का हिस्सा है। शरद माथुर को बीमा और वित्तीय सेवा क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव है।

सोनालीका ट्रैक्टर्स ने खेत में उकेरा 'दम', बनाया विश्व रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सोनालीका ट्रैक्टर्स ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद में खेत की मिट्टी पर हिंदी शब्द 'दम' का विशाल स्वरूप बनाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। कंपनी की गोल्ड सीरीज़ के दो ट्रैक्टरों की मदद से 34 हजार वर्ग फुट क्षेत्र में यह आकृति तैयार की गई। 125 फुट ऊंची और 272 फुट चौड़ी इस आकृति को वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया ने मान्यता दी है। इस उपलब्धि के लिए सोनालीका गोल्ड डीआई 745 तृतीय और गोल्ड डीआई 55 तृतीय ट्रैक्टरों का इस्तेमाल किया गया। दोनों ट्रैक्टरों में 10 फुट का रोटावेटर जोड़कर खेत में 'दम' शब्द उकेरा गया। कंपनी के अनुसार, गोल्ड सीरीज में 3532 घन सेंटीमीटर क्षमता वाला ई3.5 इंजन, बहु-गति ड्राइव प्रणाली और जेट लाइन हैंड थ्रॉटल जैसी सुविधाएं दी गई हैं। इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक रमन मित्तल ने कहा कि 'दम' किसानों के हौसले और बड़े सपनों को साकार करने की भावना का प्रतीक है।

सभी माध्यमों पर बहाल हुई आरटीजीएस सेवा, बैंक ने कोर बैंकिंग सिस्टम को पूरी तरह सुरक्षित बताया

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कहा सभी ग्राहकों के खाते सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने आरटीजीएस सेवाओं में अनधिकृत लेन-देन की खबरों के बीच स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि बैंक के स्थानीय स्तर पर संचालित आरटीजीएस सर्वर के इंटरफेस में तकनीकी समस्या सामने आई थी। बैंक के मुताबिक, इस समस्या से किसी भी ग्राहक का खाता प्रभावित नहीं हुआ है और उसकी कोर बैंकिंग प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित है।

बैंक ने स्पष्ट किया कि ग्राहकों के लिए आरटीजीएस सेवाएं सभी माध्यमों पर पूरी तरह बहाल कर दी गई हैं। ऑनलाइन मीडिया में अनधिकृत लेन-देन को लेकर प्रकाशित खबरों के संदर्भ में बैंक ने यह जानकारी साझा की है। आरटीजीएस यानी रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट के माध्यम से बड़ी रकम का इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण किया जाता है। ऐसे में इस सेवा से जुड़ी तकनीकी समस्या की खबरों के बाद बैंक का स्पष्टीकरण ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, बैंक के बयान में तकनीकी समस्या के विस्तृत कारण, रिपोर्ट किए गए अनधिकृत लेन-देन की संख्या या संबंधित घटनाक्रम के बारे में अतिरिक्त जानकारी नहीं दी गई है। बैंक ने फिलहाल खातों की सुरक्षा और सेवाओं की बहाली पर जोर दिया है।

एयरटेल डिजिटल टीवी पर लांच हुआ सोनी विजा

नई दिल्ली। एयरटेल डिजिटल टीवी ने अपने तमिल मनोरंजन पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नए चैनल सोनी विजा को लांच किया है। यह चैनल तमिल दर्शकों के लिए पारिवारिक ड्रामा, रियलिटी शो और ओरिजिनल कार्यक्रम पेश करेगा। चैनल की सामग्री तमिल संस्कृति, स्थानीय परंपराओं और रोजमर्रा की जिंदगी से प्रेरित होगी। एयरटेल के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य दर्शकों को उनकी पसंदीदा भाषा में विविध मनोरंजन विकल्प उपलब्ध कराना है। त्योहारों के दौरान परिवार के साथ टीवी देखने से लेकर दैनिक मनोरंजन तक, चैनल तमिल भाषी दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

पूर्व मध्य रेल

ई–खुली निविदा सूचना

ई–खुली निविदा सूचना सं0–एस–टी /सोन/ ई–खुली निविदा/26–27/42 दिनांक: 16.10.2026

मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूर संचार)/ सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा' आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम **तिथि 11.11.2026 को 12.00 बजे** तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता हैं।

क्रम सं0–1, ई–निविदा सं0–एस & टी/ सोन./ ई–खुली निविदा/26–27/42, **कार्य का नाम (मद सं0 सहित):** सोनपुर मंडल के 08 (हाजीपुर, सोनपुर, बरौनी, खगड़िया, नौगछिया, भरपुरा पहलेजा घाट जंक्शन, घोसवर और वैशाली) स्टेशनों पर यार्ड की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 2,64,78,943.91, **बयाने की राशि (रू. में) :** 5,29,600.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में):** 0.00, **समापन अवधि :** एल.ओ.ए. जारी होने की तिथि से 06 (छः) माह तक।

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। दिनांक 16.10.2026 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, सोनपुर

पीआर/1202/एसईई/एस एण्ड टी/टी/26–27/44

एसबीआई ने किया 'साइरिस' केंद्र का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

भारतीय स्टेट बैंक ने देश के डिजिटल वित्तीय तंत्र को साइबर खतरों से सुरक्षित बनाने और साइबर सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से 'साइरिस' नामक साइबर सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया है। यह केंद्र साइबर नीति, अनुसंधान, नवाचार, थ्रेट इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा क्षमताओं के बीच समन्वय स्थापित करेगा। केंद्र का उद्घाटन वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया ने किया। इस अवसर पर एसबीआई के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी सहित बैंक और सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बिजनेस न्यूज

बिरला बनाएगा 21 महिलाओं को आत्मनिर्भर

भोपाल। बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड के सीएसआर सहयोग से सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बठियाकला में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तीन माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में आसपास के गांवों की 21 महिलाएं व्यावसायिक कौशल सीखेंगी। बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रेसिडेंट कौशल मिश्रा के मार्गदर्शन में कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सामाजिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में एचआर क्लस्टर हेड प्रदीप सिंह बघेल और सीएसआर क्लस्टर हेड रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में यह पहल शुरू की गई है।



धानुका एग्रीटेक की किसान बैठक में 100 से अधिक किसानों ने लिया भाग

बैतूल। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने 'स्वर्ण ग्राम' अभियान के तहत बैतूल जिले के शाहपुर क्षेत्र के गुवाड़ी (धापड़ा) गांव में मेगा किसान बैठक का आयोजन किया। गुप्ता केएसके, शाहपुर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य चना फसल में बीज उपचार के महत्व और शुरुआती अवस्था में फसल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में कंपनी के प्रमुख उत्पादों विटावैक्स पावर, जैनेट और माइकोर सुपर के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में धानुका एग्रीटेक के सीनियर डीजीएम सुबोध कुमार गुप्ता और एएसएम राम विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन में राजकुमार कोकाटे, रोशन साहू और चेतन चडोकर का भी योगदान रहा।



सोलर वर्ल्ड ने तीन नए उत्पाद किए लांच

नई दिल्ली। सोलर वर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने आरईआई एक्सपो 2026 में तीन नए उत्पाद लांच कर अपने सौर ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इनमें 1.28 से 5.12 किलोवाट-घंटे क्षमता वाली घरेलू बैटरियां, 2,500 केवीए का सेंट्रल पावर कन्वर्जन सिस्टम और 715 वाट-पीक तक के बाइफेशियल सोलर मॉड्यूल शामिल हैं। प्रबंध निदेशक कार्तिक तेल्तिया ने कहा कि कंपनी बिजली उत्पादन, पावर कन्वर्जन और ऊर्जा भंडारण के एकीकृत समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उत्पाद 22 से 24 अक्टूबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

डीजेटी ने सुनील शर्मा को आरसीयू नियुक्त किया

नई दिल्ली। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस ने सुनील शर्मा को राष्ट्रीय प्रमुख–जोखिम नियंत्रण इकाई (आरसूयू), सतर्कता एवं अंकेक्षण नियुक्त किया है। इस नियुक्ति का उद्देश्य कंपनी में कॉरपोरेट प्रशासन को मजबूत बनाने, धोखाधड़ी की रोकथाम पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस भारतीय रिजर्व बैंक में पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-माइक्रोफाइनेंस संस्थान है।

टूकॉलर ने लांच किया 10 एमबी का हल्का एप

मुंबई। टूकॉलर ने भारत में 'टूकॉलर लाइट' एप लांच किया है, जो कम स्टोरेज और मेमोरी वाले एंड्रॉइड मोबाइल फोन पर भी कॉलर की पहचान और स्पैम कॉल ब्लॉक करने की सुविधा देगा। लगभग 10 एमबी आकार वाला यह ऐप 4 जीबी तक रैम वाले फोन पर भी आसानी से काम करता है। कंपनी ने इसे त्योहारों के मौसम से पहले पेश किया है। टूकॉलर के मुताबिक, इसकी तकनीक ने वर्ष 2025 में 68 अरब से अधिक स्पैम और धोखाधड़ी वाली कॉल की पहचान की थी।

सीएसआईआर CSIR भारत का नवाचार इंजन The Innovation Engine of India

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)

अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001

:: विज्ञापन सं. 05/2026 ::

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर-केन्द्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीजीसीआरआई), कोलकाता के निदेशक के पद हेतु सीएसआईआर में लागू भत्तों सहित पे-मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200-2,24,100) में आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तों के लिए, कृपया सीएसआईआर की वेबसाइट **www.csir.res.in** पर विस्तृत / पूर्ण विज्ञापन संख्या 05/2026 देखें। आवेदन/नामांकन पूर्ण बायोडाटा और प्रकाशनों / पेटेंटों आदि की सूची सहित ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी **drc.hqrs@csir.res.in** पर अथवा डायरेक्टर रिक्रूटमेंट सेल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को डाक द्वारा दिनांक 30/11/2026 को अथवा उससे पहले भेजें।

CBC 36202/11/0021/2627

चिंतन

सिर्फ हंगामे की बजाय ठोस प्रमाण दे विपक्ष



मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

लोकतंत्र में विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन हर विरोध को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों और प्रमाणों की कसौटी पर खरा उतरना भी जरूरी है। चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना जितना आसान है, उतना ही महत्वपूर्ण उन सवालों के पीछे ठोस आधार प्रस्तुत करना है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष जिस तरह चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है, उसमें राजनीतिक आरोपों से आगे बढ़कर प्रमाणों के साथ अपना पक्ष रखने की जरूरत है। चुनावी सुधारों को संदेह के घेरे में खड़ा करना और पूरी व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल उठाना गंभीर विषय है। यदि कहीं अनियमितता हुई है तो उसे तथ्यों के साथ उजागर किया जाना चाहिए, लेकिन आशंकाओं को ही आरोप और आरोपों को ही सच मान लेना लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करता है। सुप्रीम कोर्ट में जारी सुनवाई ने विपक्ष को अपने दावों की पुष्टि करने का अवसर दिया है। अब उसे सिर्फ हंगामे या शोर से नहीं, बल्कि ठोस प्रमाणों से अपनी बात साबित करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग के हलफनामे का जवाब देने के लिए 10 दिन का समय दिया। अगली सुनवाई 17 नवंबर को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि आयोग ने एक दिन पहले ही अपना जवाब दाखिल किया है, इसलिए उसका अध्ययन करने के लिए समय चाहिए। इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'हमें सब पता है। हम जांच करेंगे।' इस टिप्पणी से स्पष्ट है कि अदालत मामले को गंभीरता से सुन रही है। चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में एसआईआर से जुड़े फैसलों को तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिया गया बताया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के हस्ताक्षर वाले हलफनामे में आयोग ने यह भी कहा कि फाइलों पर दर्ज सवाल, सुझाव या आपत्तियां अपने आप में अंतिम निर्णय के विरोध का प्रमाण नहीं हैं। आयोग के मुताबिक, एसआईआर के फॉर्म-6 में उसने कोई बदलाव नहीं किया है और नियमों के अनुसार उसमें संशोधन का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। आयोग ने मतदाताओं की सुविधा और प्रक्रिया की निष्पक्षता से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण भी दिए हैं। जिन मतदाताओं के नाम का पुरानी मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है, उनके जरूरी दस्तावेज बीएलओ घर जाकर जुटा सकेंगे और ऑनलाइन अपलोड करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के संबंध में आयोग ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को हटाने जैसी प्रक्रिया और आधार लागू होते हैं। दूसरी ओर, विपक्ष को भी यह बताना होगा कि उसकी आपत्तियां किन तथ्यों पर आधारित हैं, कहां नियमों का उल्लंघन हुआ है और किन मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हुए हैं। केवल आशंका जताने या राजनीतिक आरोप लगाने से किसी दावे की पुष्टि नहीं होती। कुल मिलाकर मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की आवश्यकता है, लेकिन इस प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का मताधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए। विपक्ष को समझना होगा कि केवल हंगामा करने से संदेह प्रमाण में नहीं बदलते। यदि अनियमितता हुई है तो उसके ठोस प्रमाण दें। सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर अनावश्यक चोट करने से बचें।

एआई आधारित साइबर अपराध की चुनौती

> शेयर बाजार की स्क्रीन पर हरा रंग...! उम्मीद जगाता है...! पर उसी स्क्रीन के पीछे एक अदृश्य युद्ध भी चल रहा है। यह युद्ध टैंकों का नहीं। मिसाइलों का भी नहीं। यह तो एल्गोरिदम का युद्ध है। कृत्रिम मेंधा ने जहां बाजार को तेज किया है, पारदर्शिता लाया है और समावेशी बनाया है। वहीं, इसी एआई ने साइबर अपराध को एक स्वचालित, बुद्धिमान और अजेय-सा हथियार भी दे दिया है। यही कारण है कि आज एआई आधारित साइबर अपराध, बैंक खाते की चोरी से कहीं आगे निकल कर, भारत के पूंजी बाजार की स्थिरता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। पूंजी बाजार के लिए अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। बैंक में सेंध लगती है, तो एक ग्राहक प्रभावित होता है।

शेयर बाजार की स्क्रीन पर हरा रंग...! उम्मीद जगाता है...! पर उसी स्क्रीन के पीछे एक अदृश्य युद्ध भी चल रहा है। यह युद्ध टैंकों का नहीं। मिसाइलों का भी नहीं। यह तो एल्गोरिदम का युद्ध है। कृत्रिम मेंधा ने जहां बाजार को तेज किया है, पारदर्शिता लाया है और समावेशी बनाया है। वहीं, इसी एआई ने साइबर अपराध को एक स्वचालित, बुद्धिमान और अजेय-सा हथियार भी दे दिया है। यही कारण है कि आज एआई आधारित साइबर अपराध, बैंक खाते की चोरी से कहीं आगे निकल कर, भारत के पूंजी बाजार की स्थिरता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। पूंजी बाजार के लिए अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। बैंक में सेंध लगती है, तो एक ग्राहक प्रभावित होता है।

बाजार में सेंध लगती है, तो 11 करोड़ डीमैट खाताधारकों का भरोसा डगमगा जाता है। एआई अपराध की यही मारक क्षमता इसे सबसे बड़ा खतरा बनाती है। कैसे करता है वार? पहला, डीपफेक मैनिपुलेशन। मान लीजिए किसी दिग्गज कंपनी के सीईओ का डीपफेक वीडियो बनाकर यह फैला दिया जाए कि कंपनी के नतीजे खराब हैं। वह दिवालिया होने वाली है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होते ही पैनिक सेलिंग शुरू हो जाएगी। निवेशक मिनटों में हजारों करोड़ गंवा देंगे। यह अब कल्पना नहीं...! 2024 में अमेरिकी बाजार में एक बड़ी कंपनी के साथ ऐसा प्रयास हो चुका है। दूसरा, हाइपर-पर्सनलाइज्ड फिशिंग। पहले फर्जी ईमेल की भाषा टूटी-फूटी होती थी। अब एआई आपके ट्रेडिंग व्यवहार, आपके ब्रोकर का नाम, आपके पोर्टफोलियो का विश्लेषण कर आपके ही ब्रोकर की भाषा में ईमेल बनाता है - 'आपका ट्रेडिंग अकाउंट वेरिफिकेशन के लिए रोका गया है। तुरंत इस लिंक पर केवाईसी करें।' एक क्लिक और आपका पासवर्ड, ओटीपी सब हैकर के पास। तीसरा, एल्गो-स्पूफिंग। एआई बॉट्स एक सेकंड में हजारों नकली खरीद-बिक्री के ऑर्डर लगाकर किसी शेयर की कीमत को कृत्रिम रूप से ऊपर-नीचे करते हैं। आपके स्टॉप-लॉस को ट्रिगर कराते हैं। आपको बाजार से बाहर कर अपना मुनाफा कमा लेते हैं। यह माइक्रो-सेकंड का लूटतंत्र है। इसे ही इंसानी आंख पकड़ ही नहीं सकती। यही वजह है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि पूंजी बाजार अब केवल 'मार्केट रिस्क' से नहीं, 'साइबर सिस्टमिक रिस्क' से भी जूझ रहा है। एनएसई की अति सराहनीय पहल है। एएनएमआई के साथ मिलकर विशेष कार्यबल का आह्वान इस चुनौती की गंभीरता को समझते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने रक्षात्मक से आगे बढ़कर आक्रामक सुरक्षा की रणनीति अपनाई है। एनएसई के प्रमुख ने हाल ही में एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के सदस्यों के साथ बैठक में एक अत्यंत महत्वपूर्ण आह्वान किया है -'साइबर सुरक्षा पर एक विशेष संयुक्त कार्यबल का गठन।' इस कार्यबल का उद्देश्य क्या होगा? केवल दिशा-निर्देश जारी करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ब्रोकर हाउस की साइबर सुरक्षा को मजबूत करना। एक्सचेंज अकेले सुरक्षित नहीं हो सकता, जब तक उसका हर सदस्य, हर टर्मिनल सुरक्षित न हो। एनएसई प्रमुख का स्पष्ट संदेश था - 'एक्सचेंज की सुरक्षा उतनी ही मजबूत है, जितना उसका सबसे कमजोर ब्रोकर।'



इसलिए अब एक्सचेंज और ब्रोकर एक ही टीम के रूप में इस खतरे से लड़ेंगे। यह एक स्वागतयोग्य बदलाव है।यहां नियामक केवल दंड नहीं, बल्कि साझेदारी की बात कर रहा है। एक से तीन वर्ष का रोडमैप करने की काबिलेतारीफ पहल। हर सदस्य की तकनीकी जांच और सुरक्षा कवच। इस कार्यबल का सबसे व्यावहारिक और प्रभावी पहलू इसका समयबद्ध रोडमैप है। योजना के तहत सदस्यों का चरणबद्ध मार्गदर्शन किया जाने का प्रावधान है जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि अगले एक से तीन वर्षों में एएनएमआई के सभी सदस्यों को उचित साइबर मार्गदर्शन मिले, उनकी तकनीकी कमजोरियों की गहन जांच हो। उन्हें भविष्य के खतरों से सुरक्षित रखा जाए। यह कैसे संभव होगा? वर्ष 1 में ऑडिट और जागरूकता का उद्देश्य है। सभी सदस्यों के सिस्टम का साइबर सिक्योरिटी ऑडिट, उनके कर्मचारियों के लिए डीपफेक और फिशिंग पहचान का प्रशिक्षण। छोटे शहरों के सब-ब्रोकर, जो अक्सर पुराने सॉफ्टवेयर पर काम करते हैं, उनकी पहचान और प्राथमिक सहायता। वर्ष 2 में अपग्रेडेशन और मानकीकरण पर बल देने की योजना है। कमजोर पाए गए सिस्टम को अनिवार्य रूप से अपग्रेड करना, सभी टर्मिनलों पर मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और एंड-टू-एंड एंक्रिप्शन को अनिवार्य बनाना। ड्रिल, यानी नकली एआई हमला करके यह परखना कि ब्रोकर हाउस कितनी जल्दी रिकवर होता है। यह एक से तीन साल का यह 'सुरक्षा कवच' कार्यक्रम भारतीय पूंजी बाजार को केवल प्रतिक्रिया देने वाला नहीं, बल्कि भविष्य के लिए तैयार रहने वाला बाजार बनाएगा। सबसे आश्चर्य की बात... ! अमेरिका और जापान जैसे विकसित देश भी इससे अछूते नहीं हैं। यह तो वैश्विक महामारी बन चुका है। समाचारपत्रों, पत्रिकाओं व एआई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमेरिका में 2024 में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को हैक कर एआई-जनरेटेड पोस्ट से बिटकॉइन ईटीएफ की मंजूरी की झूठी खबर फैलाई गई, जिससे 5 मिनट में बिटकॉइन की कीमत 1,000 डॉलर उछल गई। एफबीआई के अनुसार, अमेरिका में वॉइस क्लोनिंग से सीईओ फ्रॉड के मामलों में पिछले साल 400% की वृद्धि हुई है। जापान में, टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज ने माना है कि उसके ब्रोकर सदस्यों पर एआई-आधारित डी-डॉस हमले बढ़े हैं, जहां बॉट्स नकली ट्रैफिक से सिस्टम को जाम कर देते हैं ताकि उसी दौरान दूसरे रास्ते से सेंध लगाई जा सके। जब दुनिया के दो सबसे उन्नत तकनीक वाले बाजार भी इससे जूझ रहे हैं, तो भारत को और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह लड़ाई वैश्विक है और इसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही निकलेगा। भविष्य की ढाल क्रिप्टोग्राफीक सुरक्षा हो सकती है? साथ साथ क्वांटम तैयारी भी।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगले 5 से 7 वर्षों में क्वांटम कंप्यूटर इतने शक्तिशाली हो जाएंगे कि वे मौजूदा एसएसएल ताले को सेकंड में तोड़ देंगे। तब आज का एंक्रिप्टेड डेटा भी असुरक्षित हो जाएगा। अतः यह निचोड़ निकाल सकते हैं कि एआई आधारित साइबर अपराध कोई दूर की आशंका नहीं, बल्कि हमारे ट्रेडिंग टर्मिनल के दरवाजे पर खड़ा एक वास्तविक खतरा है। एनएसई द्वारा एएनएमआई के साथ विशेष कार्यबल का गठन, एक से तीन साल का व्यावहारिक रोडमैप और क्वांटम-रेडी सुरक्षा की तैयारी - ये तीनों कदम बताते हैं कि भारत का पूंजी बाजार इस खतरे को गंभीरता से ले रहा है। याद रखिए, बाजार में सबसे बड़ा मुनाफा तेज ट्रेडिंग से नहीं, बल्कि सुरक्षित ट्रेडिंग से आता है। तकनीक के इस युग में निवेशक की सबसे बड़ी पूंजी उसका रिटर्न नहीं, उसकी सतर्कता है।

(लेखक कुशभाऊ ठाकरे वि.वि., रायपुर के कुलगुरु हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

भाजपा बनाम कांग्रेस
डॉ. घनश्याम बादल



विचारधारा, मतभेद, बदजुबानी और टकराव

लोकतंत्र में विचारों का टकराव स्वाभाविक है, लेकिन जब विचारों की जगह विद्वेष, तर्क की जगह तंज और राजनीतिक विरोध की जगह व्यक्तिगत चरित्रहनन ले ले, तब समझ लेना चाहिए कि राजनीति अपनी मर्यादा खो रही है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच वैचारिक संघर्ष पुराना है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह संघर्ष जिस तरह कटुता, अमर्यादित भाषा और संस्थाओं पर अविश्वास तक पहुंचा है, वह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। सवाल यह नहीं कि कौन-सा दल सही है और कौन गलत; सवाल यह है कि सत्ता और विपक्ष की लड़ाई में देश की सामाजिक एकता कहीं दांव पर तो नहीं लग रही? कांग्रेस और भाजपा दो अलग राजनीतिक धाराओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। कांग्रेस की वैचारिक परंपरा स्वतंत्रता आंदोलन, धर्मनिरपेक्षता, बहुलतावाद, सामाजिक न्याय और विविधता में एकता की अवधारणा से जुड़ी रही है तो भाजपा की राजनीति सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, राष्ट्रीय अस्मिता, मजबूत नेतृत्व और एकात्म मानववाद की वैचारिक धारा से प्रेरणा लेती है। इन दोनों विचारधाराओं के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं। लोकतंत्र में यही मतभेद विकल्प पैदा करते हैं मगर समस्या तब शुरू होती है, जब कोई दल अपनी विचारधारा को ही राष्ट्रभक्ति का प्रमाणपत्र बताने लगे और विरोधी विचारधारा को देश-विरोध का पर्याय बना दे। राष्ट्र कोई एक दल, विचार या नेता नहीं है।

कांग्रेस के समर्थक भी उतने ही भारतीय हैं, जितने भाजपा के समर्थक; और किसी दल का विरोध करना अपने आप में राष्ट्र का विरोध करना नहीं है। विडंबना यह है कि दोनों दल लोकतंत्र, संविधान और देशहित की दुहाई देते हैं, लेकिन उनके नेताओं की भाषा बार-बार इन्हीं मूल्यों पर चोट करती दिखाई देती है। सत्ता से सवाल पूछना विपक्ष का धर्म है और विपक्ष की आलोचना का उत्तर देना सरकार की जिम्मेदारी। किंतु आलोचना और अपमान के बीच एक महीन रेखा है। उस रेखा को लांघते ही बहस का स्तर गिरता है और लोकतांत्रिक संवाद की जगह शत्रुता लेने लगती है। नेता भूल जाते हैं कि उनके शब्द केवल विरोधी दल तक सीमित नहीं रहते; वे समाज के व्यवहार, युवाओं की भाषा और आम नागरिकों की सोच को भी प्रभावित करते हैं। इसी कटु राजनीतिक वातावरण में एसआईआर यानी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे मुद्दे टकराव का कारण बन रहे हैं। मतदाता सूची की शुद्धता चुनावी लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। फर्जी, दोहराव वाले या अपात्र नामों को हटाना और पात्र मतदाताओं का नाम सुनिश्चित करना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है। दूसरी ओर, यदि पुनरीक्षण की प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का नाम छूटने, दस्तावेजों की कठिनाइयों या वास्तविक मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने की आशंका पैदा होती है, तो उस पर सवाल उठाना भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए एसआईआर को केवल सरकार या निर्वाचन व्यवस्था के समर्थन-विरोध का प्रश्न बनाना उचित नहीं। प्रक्रिया पारदर्शी हो, पात्र मतदाताओं को पर्याप्त अवसर मिले, आपत्तियों का निष्पक्ष निस्तारण हो और गलतियों के सुधार की प्रभावी व्यवस्था हो-ये सभी पक्ष लोकतंत्र के हित में हैं। विपक्ष को बिना प्रमाण हर कार्रवाई को साजिश नहीं बताना चाहिए, तो निर्वाचन व्यवस्था को भी आलोचनाओं का उत्तर तथ्यों और पारदर्शिता से देना चाहिए। मताधिकार पर अविश्वास की स्थिति लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकती है। एसआईआर के अतिरिक्त चुनावी निष्पक्षता, संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका, आरक्षण, जातिगत गणना, धार्मिक पहचान, नागरिकता और केंद्र-राज्य संबंधों जैसे मुद्दों पर भी राजनीतिक खींचतान तीखी हुई है। अंततः, कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों को याद रखना चाहिए कि विचारधाराएं लोकतंत्र को दिशा देती हैं, जबकि अहंकार और बदजुबानी उसे कमजोर करते हैं। भारत की शक्ति उसकी विविधता, सहिष्णुता और संवाद की परंपरा में है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को शत्रु मानने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना समय की मांग है। देश की एकता और अखंडता केवल नारों से सुरक्षित नहीं रहती; उन्हें व्यवहार, भाषा और निर्णयों में भी उतारना पड़ता है। अस्तु, लोकतंत्र में लड़ाई विचारों की होनी चाहिए, व्यक्तियों के अपमान की नहीं; नीतियों की होनी चाहिए, नागरिकों को बांटकर वोट झपटने की नहीं। सत्ता बदल सकती है, सरकारें आ-जा सकती हैं और विचारधाराओं के बीच संघर्ष चलता रह सकता है, लेकिन यदि इस संघर्ष में समाज का विश्वास, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक मर्यादा टूट गई, तो जीत भले ही किसी किसी दल की नहीं हो जाए, पर, हार पूरे देश की होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन-विकास का आधार सत्पुरुषार्थ



संकलित
दर्शन

यदि व्यक्ति समुचित दिशा में समुचित पुरुषार्थ करता रहे तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता अर्जित की जा सकती है। जीवन में सफल होने के लिए पुरुषार्थ का महत्त्वपूर्ण स्थान है। पुरुषार्थ के अभाव में किसी भी उद्देश्य को पूर्ण नहीं किया जा सकता। पुरुषार्थ जीवन में हर समय अनिवार्य है। जीवन-विकास की आधारशिला पुरुषार्थ है, जो व्यक्ति अपने बुद्धि बल, मनोबल तथा शारीरिक बल पर विश्वास नहीं करके पराश्रित अथवा निष्क्रिय बन जाते हैं, उन्हें कदम-कदम पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और अन्त में असफलता ही हाथ लगती है। इसके विपरीत जो जीवन में उल्लासपूर्वक सक्रिय रहते हैं, वे कभी भी असफल नहीं होते। सफल होने के लिए यह सुनिश्चित है कि व्यक्ति को तपना और खपना पड़ता है। पुरुषार्थ आत्म-विकास की रीढ़ है। जीवन में पुरुषार्थ की जो अनिवार्यता है, इसे एक क्षण के लिए भी नकारा नहीं जा सकता। कर्मबंधन से मुक्ति का हेतु ही पुरुषार्थ है। जड़ता एवं निष्क्रियता के धरातल से ऊपर उठकर जब व्यक्ति पुरुषार्थ करता है तो वह व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों से समृद्ध बनने लगता है। कोई कुछ भी करे ही नहीं एवं मन में बड़ी-बड़ी कल्पनाएं करता रहे तो केवल कल्पनाओं से कुछ भी नहीं होता। मंजिल पर पथिक तभी तो पहुँच पाएगा, जब वह लक्ष्य की ओर गतिशील होगा। पथिक अपने घर-आँगन में बैठा हुआ नक्शा देखता रहे कि अमुक गाँव इतनी दूर है, अमुक रास्ते से होकर मुझे जाना पड़ेगा। केवल इस तरह का गणित करता रहे और मंजिल की ओर एक कदम भी न बढ़ाए तो घर-आँगन में बैठे रहने से तो मंजिल मिलने से रही। मंजिल को पाने के लिए कदमों को बढ़ाना पड़ता है। यह सत्य है कि चलने वालों ने ही मंजिल से मुलाकात की है। *-कांतिलाल मांडोत*

हनुमान जी से सीखें सफल होने के मंत्र



संकलित
प्रेरणा

हिंदू धर्म में हनुमान जी को शक्ति, भक्ति, साहस और सेवा का प्रतीक माना जाता है। उनका जीवन केवल प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति की सीख नहीं देता, बल्कि मुश्किल समय में सही फैसला लेने, जिम्मेदारी निभाने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा भी देता है। रामायण में हनुमान जी से जुड़ी कई ऐसी घटनाएं हैं, जो जीवन की चुनौतियों का सामना करने का रास्ता दिखाती हैं। उनके व्यक्तित्व के 8 गुण ऐसे हैं, जिन्हें अपनाकर इंसान अपने काम और रिश्तों में बेहतर बदलाव ला सकता है। हनुमान जी का संवाद कौशल उनके व्यक्तित्व की बड़ी विशेषता था। अशोक वाटिका में माता सीता से मिलते समय उन्होंने अपनी वाणी और व्यवहार से उनका विश्वास जीता। इससे सीख मिलती है कि बात केवल अपनी बात रखने की नहीं, बल्कि सामने वाले की भावनाओं को समझने की भी है। सही शब्दों और विनम्र व्यवहार से कठिन बातचीत को भी आसान बनाया जा सकता है। समुद्र पार करते समय सुरसा ने हनुमान जी का रास्ता रोक लिया था। इस बाधा को उन्होंने केवल बल से नहीं, बल्कि अपनी बुद्धि और सूझबूझ से पार किया। उनका यह प्रसंग बताता है कि हर परेशानी का हल ताकत दिखाने में नहीं होता है। कई बार शांत रहकर परिस्थिति को समझना और समय के अनुसार फैसला लेना ही सबसे बेहतर रास्ता होता है।

सटाका



आज की पाती

अनूठा लोक पर्व है छठ पूजा

भारत की सांस्कृतिक चेतना में कुछ पर्व ऐसे हैं, जिनमें लोक, धर्म, प्रकृति और तपस्या का अद्भुत संगम दिखाई देता है। छठ महापर्व उन्हीं में से एक है। यह एक ऐसा पर्व है जो अब किसी एक क्षेत्र की सीमाओं में नहीं बंधा बल्कि भारतीय आस्था के विशाल सागर में अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है। वास्तव में यह आत्मशुद्धि, संयम और कृतज्ञता की वह साधना है, जिसमें मनुष्य सूर्य और प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करता है। बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों से शुरू होकर अब यह पर्व देश और विदेश के असंख्य भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से आरंभ होकर षष्ठी और सप्तमी को चरम पर पहुंचता है। *– पूनम सचदेवा, पानीपत*

ट्रेंड

प्रकाश पर्व पर बधाई



सिख धर्म के चौथे गुरु श्री रामदास के प्रकाश पर्व पर बधाई। उन्होंने अमृतसर शहर की नींव रखी और दुनिया को आस्था का एक ऐसा केंद्र दिया, जो आज भी पूरी दुनिया को सेवा और सद्भाव का संदेश दे रहा है। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

वोट चोरी



दिल्ली के हर व्यापारी से: हम आपसे प्यार करते हैं, आपकी बात सुन रहे हैं। मेट्रो सरकार ने बंद की, सड़कें सरकार ने सील की, राजधानी पर ताला सरकार ने लगाया। जब वोट ही चोरी हो जाए, तो कुछ भी सुरक्षित नहीं - न आपकी दुकान, न आपकी बचत, न आपके बच्चों का भविष्य।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

युवाओं के सपने



जिन युवाओं ने कभी देश की आज़ादी के लिए अपना खून बहाया था, वे आज बेरोजगारी के कारण अपना खून बहाने को मजबूर हैं। बीजेपी ने युवाओं के सपनों को कुचल दिया है। यूपी इस समय बेरोजगारी और काम न मिलने के संकट से गुजर रहा है। **- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

ज़िंदगी की सच्चाई



ज़िंदगी की सच्चाई यह है कि जिन लोगों की आप परवाह करते हैं, वे कभी न कभी आपको दुख ज़रूर पहुंचाएंगे। आपकी समझदारी इसी में है कि आप सोच-समझकर चुनें कि आप किसे खुद को दुख पहुंचाने की इजाज़त देते हैं!
- रामगोपाल वर्मा, फिल्मकार

करंट अफेयर

डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन कर सकते हैं ट्रंप समर्थक



अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को वोट देने वाले कम से कम 25 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी मतदाता तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन करने की योजना बना रहे हैं। एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। लोगों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' द्वारा कराए गए इस सर्वेक्षण में जीवनयापन की लागत (65 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा (53 प्रतिशत), रोजगार और वेतन (33 प्रतिशत) तथा शिक्षा (28 प्रतिशत) को मध्यावधि चुनावों के प्रमुख मुद्दों के रूप में पहचाना गया है। सर्वेक्षण में शामिल 800 पंजीकृत दक्षिण एशियाई मतदाताओं में से 87 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी हैं जबकि शेष 13 प्रतिशत पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव, अफगानिस्तान और म्यांमा के अलावा कंबोडिया के खमेर समुदाय से संबंधित हैं। वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस को वोट देने वालों में से 96 प्रतिशत आगामी चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों के पक्ष में अपना वोट डालने की योजना बना रहे हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप को वोट देने वाले 67 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी अब भी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करते हैं, लेकिन 25 प्रतिशत ने कहा कि वे डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे।

ऑफ बीट

संभवत: यूरोप में हुई थी चमगादड़ों की उत्पत्ति



दशकों से वैज्ञानिक इस सवाल पर बहस करते रहे हैं कि चमगादड़ों की उत्पत्ति कहां हुई थी। 'नेचर' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए नए साक्ष्य प्रस्तुत करता है। 'डीएनए' और जीवाश्मों के साथ किए गए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन इस बात का समर्थन करते हैं कि चमगादड़ों की जन्मस्थली संभवत: यूरोप है। अब तक इस सवाल का जवाब तलाशने में एक बड़ी मुश्किल यह रही है कि पक्षियों के विपरीत, चमगादड़ों के जीवाश्मों में उनके विकास की शुरुआती अवस्थाओं के प्रमाण बहुत कम मिलते हैं। पक्षियों के जीवाश्मों का रिकॉर्ड इतना समृद्ध है कि उससे डायनासोर से मुर्गी तक जैसे पक्षियों एवं जानवरों के विकास की कड़ी को समझा जा सकता है, लेकिन जब वैज्ञानिकों को चमगादड़ों के जीवाश्म मिलते हैं, तो वे लगभग पूरी तरह विकसित चमगादड़ों के ही होते हैं। चमगादड़ उड़ान भरने और हवा में बने रहने के लिए सक्रिय रूप से अपने पंखों का इस्तेमाल करने वाले इकलौते स्तनधारी हैं। पहले किए गए अध्ययनों में अमेरिका, अफ्रीका या एशिया को उनकी संभावित जन्मस्थली बताया गया था। अलग-अलग आंकड़ों और गणना के तरीकों से अलग-अलग नतीजे सामने आए।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन लेकर मकान खाली कर फरार ग्राहक

किराए पर सामान लेकर फरार हुआ ग्राहक, डेढ़ लाख रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र में किराए पर घरेलू सामान देने वाली दुकान से करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत के सामान की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक ग्राहक ने फ्रिज, वॉशिंग मशीन, टीवी, बेड, गद्दा और गेमिंग कंसोल किराए पर लिया। इसके बाद किराए के पते पर जाकर तलाश की गई तो मकान खाली मिला और ग्राहक गायब था। दुकान संचालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के मुताबिक सोनागिरी के बी-सेक्टर सोनागिरी निवासी मोहम्मद नाजिम कुरैशी (33) अपने घर के पास बंजारा राइड एलएलपी के नाम से किराए पर सामान देने की दुकान संचालित करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 7 सितंबर 2026 को आशीष वर्मा नाम के ग्राहक ने वाट्सएप के माध्यम से कई घरेलू सामान किराए पर बुक किए थे। ग्राहक ने सामान की डिलीवरी करोंद क्षेत्र के नवी बाग स्थित माया एन्क्लेव, फेज-3 के एक मकान में कराई थी। ग्राहक ने 12 हजार रुपए कीमत का फ्रिज, 14 हजार रुपए की ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीन, करीब 30 हजार 576 रुपए का 55 इंच का स्मार्ट टीवी, 15 हजार रुपये का किंग साइज बेड और चार हजार रुपये का गद्दा किराए पर लिया था। इसके अलावा 14 सितंबर को उसने दो रिमोट के साथ करीब 56 हजार 378 रुपए कीमत का पीएस 5 गेमिंग कंसोल भी 10 दिन के लिए किराए पर लिया था।

किश्तों में किया भुगतान, फिर गायब हो गया आरोपी युवक

दुकान संचालक के अनुसार, ग्राहक ने शुरुआत में चार हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। 11 सितंबर को सामान की डिलीवरी के बाद 10 हजार रुपए नकद दिए, जबकि शेष 1,885 रुपए का भुगतान 14 सितंबर को ऑनलाइन किया गया। उसी दिन गेमिंग कंसोल के लिए भी तीन हजार रुपए ऑनलाइन दिए गए। इसके बाद जब दुकान संचालक ने डिलीवरी वाले पते पर जाकर ग्राहक की तलाश की तो वहां मकान खाली मिला। ग्राहक का मोबाइल नंबर और यूपीआई संबंधी जानकारी मिलने के बावजूद सामान का पता नहीं चल सका। आरोप है कि ग्राहक ने कथित तौर पर धोखाधड़ी कर करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत के सामान का नुकसान पहुंचाया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

रानी कमलापति स्टेशन पर यात्रियों के सामान की करते थे चोरी, चार वारदातों का खुलासा, 8 मोबाइल बरामद

रेलवे स्टेशन पर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, सोते यात्रियों को बनाते थे निशाना

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के मोबाइल और नकदी चोरी करने वाले दो आरोपियों को रेल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर करीब 3.91 लाख रूपए कीमत के विभिन्न कंपनियों के आठ मोबाइल फोन और 3 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। आरोपियों से पूछताछ में यात्रियों के साथ चोरी की चार वारदातों का खुलासा हुआ है। इसके अलावा पूर्व में विभिन्न ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों से चोरी किए गए तीन मोबाइल भी बरामद किए गए हैं।

सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग

रेल पुलिस के मुताबिक रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। टीम स्टेशन परिसर और ट्रेनों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की निगरानी कर संदिग्धों की गतिविधियों का तकनीकी विश्लेषण कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना और सीसीटीवी फुटेज से मिले सुरागों के आधार पर दो संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों अजय कीर और योगेंद्र सिंह तोमर ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर चोरी की चार वारदातों में शामिल होना स्वीकार किया।

सोते यात्रियों की जेब से मोबाइल व नकदी चोरी

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने ट्रेन में चढ़ते समय एक यात्री की जेब से 8 हजार रुपए चोरी किए थे। वहीं, ओवरब्रिज पर सो रहे एक यात्री का आईफोन और रियलमी मोबाइल चोरी किया गया। एक अन्य मामले में ओवरब्रिज पर सो रहे पुरुष यात्री का मोबाइल पार कर दिया गया। इसके अलावा ओवरब्रिज पर कुर्सी पर सो रही महिला का पर्स चोरी किया गया, जिसमें दो मोबाइल फोन, क्रेडिट कार्ड और 5 हजार रुपए नकद रखे थे।

आरोपियों से पांच प्रकरणों का चोरी का माल बरामद

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर पांच प्रकरणों से संबंधित आठ मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 3 लाख 91 हजार रुपए बताई गई है। इसके अलावा 3 हजार रुपए नकद भी जब्त किए गए हैं। आरोपियों के पास से चोरी किए गए तीन अन्य मोबाइल भी मिले हैं। जिनकी कीमत एक लाख 16 हजार रुपए है।

खबर संक्षेप



निशान यात्रा पदयात्रियों का किया गया स्वागत

औबेदुल्लागंज। संत सिंगाजी महाराज की निशान यात्रा गवली बिनेका से प्रारंभ होकर संत सिंगाजी महाराज को निशाना चढ़ा कर समापन किया गया। वापसी पर पदयात्रियों का ग्राम गवली बिनेका श्री संकट मोचन दरबार बिनेका में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रेम नारायण नंदवंशी, सुंदरलाल नंदवंशी, नन्हेंलाल नंदवंशी, नारद जीतू नंदवंशी, अनिल नंदवंशी, राकेश, राहुल, अशोक, रमेश कोमल व नंदवंशी गवली यादव समाज के लोग उपस्थित थे। नंदवंशी गवली यादव समाज के सामाजिक बंधुओं ने जो पद यात्रा प्रारंभ की थी, उसका दूसरा साल था। संत सिंगाजी महाराज के आशीर्वाद से युवा शक्तियों की यात्रा सफल हुई।

बाड़ीगांव में 280 ब्लैक-बक का किया रेस्क्यू

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मालवा अंचल के शाजापुर–शुजालपुर क्षेत्र में कृष्णमृग (ब्लैकबक) कैप्चर एवं स्थानांतरण अभियान का द्वितीय चरण जारी है। अभियान के अंतर्गत ग्राम बाड़ीगांव में सोमवार को 169 तथा मंगलवार को 111 वन्यजीवों को रेस्क्यू किया गया। ग्राम बाड़ीगांव में दो दिनों में 280 वन्यजीवों का रेस्क्यू किया गया है। इसके साथ ही अभियान में अब तक रेस्क्यू किए गए वन्यजीवों की कुल संख्या 1,275 हो गई है। अभियान का मुख्य उद्देश्य मानव–वन्यप्राणी द्वंद्व एवं फसलों को होने वाली क्षति को कम करना, प्रभावित ग्रामीण समुदायों को राहत प्रदान करना तथा वन्यजीवों को सुरक्षित तरीके से उपयुक्त वन्य आवास में स्थानांतरित करना है। द्वितीय चरण में स्थानांतरण का लक्ष्य 2,000 निर्धारित किया है।

शुभांक

कल्याणः	1649		
दिनः	358	63	238
रातः	267	52	200
ताराः			
दिनः	290	11	137
रातः	358	65	357

टीटी नगर स्थित जवाहर चौक की निर्माणाधीन बिल्डिंग में हादसा

दो टन का गैस सिलेंडर मजदूर पर गिरा, सिर में चोट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र के जवाहर चौक स्थित निर्माणाधीन भवन में सोमवार रात करीब नौ बजे दो टन वजनी गैस सिलेंडर गिरने से 53 वर्षीय मजदूर घनश्याम रैकवार की मौत हो गई। चेन की मदद से सिलेंडर खड़ा करते समय वह असंतुलित होकर मजदूर के ऊपर गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने से घनश्याम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक के परिचित नामदेव पवार हादसे के समय भवन में काम कर रहे थे। उन्होंने निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मजदूरों को हेलमेट, सुरक्षा जूते और दस्ताने जैसे जरूरी उपकरण नहीं दिए गए थे। उनका कहना है कि हेलमेट होता तो चोट की गंभीरता कम हो सकती थी।

ठेकेदार पर सुरक्षा उपकरण नहीं देने का आरोप



मंगलवार को हमीदिया अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे और संभावित लापरवाही की जांच शुरू कर दी है।

जेपी अस्पताल में मरीज की मौत, परिजनों ने डॉक्टर पर लगाए आरोप

जयप्रकाश जिला अस्पताल (जेपी अस्पताल) में अमन चौरासे की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। परिजनों का दावा है कि इंजेक्शन लगाने के बाद अमन की हालत बिगड़ गई और आईसीयू में करीब आधे घंटे तक बेचैन रहा, लेकिन उसे समय पर उपचार नहीं मिला। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें अमन बिस्तर पर बेचैन



दिखाई दे रहा है। अमन के भाई पंकज चौरासे के मुताबिक, वे सोमवार रात करीब 10:40 बजे घबराहट की शिकायत पर अमन को अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जांच के बाद उसे इंजेक्शन लगाया गया। परिजनों का आरोप है कि दूसरा इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, लेकिन समय पर उपचार नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इंजेक्शन लगाने वाले डॉक्टर के नशे में होने का आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि अमन की हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों को जानकारी दी गई, लेकिन तत्काल मदद नहीं मिली।

अस्पताल प्रबंधन का का जवाब नहीं मिला

युवक की मौत के मामले में जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन जवाब नहीं मिला। मरीज की मौत के कारणों को लेकर अस्पताल प्रबंधन का पक्ष सामने आना बाकी है।

महिला ने निगम अफसरों से की मिन्नत, एसई को सौंपी जांच

पांच रुपए के लिए नगर निगम ने फ्लैट कर दिया कैंसिल, महिला बोली- दस रुपए ले लो

कलेक्टर की जनसुनवाई में 145 लोगों ने लगाई मदद की गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम ने हाउसिंग फॉर ऑल के मकान को लेकर पांच रुपए कम होने पर मकान का आवंटन निरस्त कर दिया है। पीड़ित महिला जब निगम अफसरों के पास मकान आवंटन से नाम हटाने की जानकारी लेने पहुंची, तो उसे इसकी जानकारी मिली। महिला ने निगम अफसरों से मिन्नतें करते हुए कहा कि आप पांच रुपए की जगह दस रुपए ले लो, लेकिन उसका मकान आवंटित कर दो, लेकिन निगम अफसरों ने उसकी एक नहीं सुनीं। मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की जनसुनवाई में पहुंची बरखेड़ी डीमार्ट के पीछे रहने वाली शारदा नामदेव ने कलेक्टर से मदद की गुहार लगाई। जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने मामले की जांच नगर निगम के एसई को सौंपी है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में 145 आवेदन मिले।

बरखेड़ी निवासी शारदा नामदेव ने शिकायत में बताया कि उन्होंने फ्लैट के लिए संजय मालवीय को 15 हजार रुपए दिए थे। इसके बाद 25 हजार रुपए और मांगे गए। उनका आरोप है कि खाते से नगर निगम ने 74 हजार 995 रुपए काट लिए, लेकिन बाद में नाम कटने की सूचना मिली।

1390 वर्गफीट की रसीद देकर रजिस्ट्री 1200 की कराई

आईबीडी रायसीना निवासी आरती अहिरवार ने प्रापर्टी डीलर बीर सिंह राजपूत के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत करते हुए बताया कि वर्ष 2013 में विश्वनाथ ग्रीन सिटी के संचालक से ग्राम कानासैया स्थित प्लाट नंबर 69 बुक कराया था। 10 मार्च 2013 को मिली रसीद में प्लाट का क्षेत्रफल 1390 वर्गफीट दर्ज था, लेकिन 25 जुलाई 2014 को हुई रजिस्ट्री में 1200 वर्गफीट ही लिखा गया। जबकि राशि 1390 वर्गफीट की दी गई है। हद तो तब हो गई जब प्लाट पर किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा मिला। डीलर ने दूसरी जगह प्लाट देने की बात कही, लेकिन तीन साल तक इंतजार के बाद भी न प्लाट मिला और न पैसा वापस हुआ। मामले की जांच एसपी देहात को सौंपी गई है। कोलार रोड के ललिता नगर निवासी सुप्रभा सरेलिया ने दृष्टिहीन दादी देवबाई की पेंशन बंद होने की शिकायत की। आठ सितंबर को नगर निगम कर्मचारियों ने 29 सितंबर को घर पहुंचकर मौतिक सत्यापन किया और पंचनामा बनाया। इसके बावजूद 27 अक्टूबर तक पेंशन बहाल नहीं हुई।

संतनगर वासियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

विद्या दादी के बताए मार्ग पर चल कर करें दीन-दुखियों की सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

स्वामी शांतिप्रकाश आश्रम ग्राम बेहटा की प्रमुख सेवादारी माता विद्या दादी के ब्रह्मलीन होने की खबर से संतनगर शोक में डूब गया। 27 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे संत हिरदाराम विश्राम घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में संत-महात्माओं श्रद्धालुओं एवं समाजजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वेदांत संत लाल सांई ने कहा कि माता विद्या दादी का पूरा जीवन मानव सेवा को समर्पित रहा। उनके विचार और सेवा भाव सदैव श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। हमें भी माताजी के बताए मार्ग पर चलकर दीन-दुखियों की सेवा करना चाहिए। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा कि माता विद्या दादी सत्संग के साथ दीन- दुखियों की सेवा में लगी रहती थी। सत्संग के माध्यम से गरीब व दीन-दुखियों का सहयोग करती थी। वैकुण्ठ धाम में श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में हीरो ज्ञानचंदानी, राज कुमार वाधवानी, नरेश राजानी, नंद दादलानी, ओमप्रकाश रीझवानी, राकेश शेवानी, परषोत्तम हरचंदानी, भाई साहब परषोत्तमदास, माधव पारदासानी, दयाल तोलानी, बसंत चेलानी, कन्हैयालाल सीतलानी, चन्द्रलाल नागदेव, दयाल सतानी, मदन साधवानी, कन्हैया नागदेव, अशोक मूलानी, मनोहर लालवानी, रमेश रामचंदानी, हरीश साधवानी, अशोक पुरसवानी, वर्षा खुशलानी, द्रोपदी सदारंगानी, प्रकाश थद्धानी, मुरली वासवानी आदि शामिल है।

पुलिस-प्रशासन से वचन लोधी ने कार्रवाई की मांग की

आज से वार्ड चार के शासकीय भूमि घोटाले के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 4 में शासकीय भूमि की कथित अनियमित बिक्री के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर वचन लोधी आज आंबेडकर चौराहे पर दोपहर 12 बजे से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। धरने को नगर के आठ पार्षदों सहित पूर्व पार्षद धर्मेंद्र चौरसिया, पदम चौहान, आरती यादव और वार्ड क्रमांक-4 की महिलाओं ने समर्थन दिया है। वचन लोधी मित्र मंडल ने हरिभूमि को बताया कि वार्ड-4 की शासकीय भूमि से जुड़े मामले में रजिस्ट्री, की रसीदों और अन्य दस्तावेजों के प्रमाण उपलब्ध होने के बावजूद संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है।



उनका सवाल है कि जब मामले से जुड़े दस्तावेज प्रशासन को सौंपे जा चुके हैं, तो फिर एफआईआर दर्ज करने में देरी क्यों हो रही है? मित्र मंडल के अनुसार, रायसेन कलेक्टर, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव और सीएमओ को रजिस्ट्री सहित अन्य दस्तावेजों के आधार पर प्रतिवेदन भेजा गया है। उनका दावा है कि रजिस्ट्रार कार्यालय से भी कथित फर्जी रजिस्ट्री से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों और संबंधित कॉलोनाइजर के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

शासकीय जमीन पर सड़क निर्माण का भी उठाया मुद्दा

विरोध कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि शासकीय भूमि पर कॉलोनाइजर की सड़क बनाई गई है। उन्होंने भूमि की बिक्री, रजिस्ट्री और निर्माण से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जब दस्तावेजों के आधार पर शिकायत की गई है, तो जांच और कार्रवाई की स्थिति सार्वजनिक की जानी चाहिए।

अन्य मामलों पर भी उठ रहे प्रश्न

वार्ड-4 की भूमि के अलावा हिरानिया स्थित माता मंदिर के तालाब की खुदाई सहित अन्य विकास कार्यों को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि विभिन्न मामलों में शिकायतों और दस्तावेजों के सामने आने के बाद प्रशासन को जांच की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। वार्ड-4 की महिलाओं ने भी कार्रवाई की मांग की है। एसडीओपी सलिल शर्मा ने फोन पर बताया कि फाइल कंप्लीट है। शासकीय जमीन घोटाले की फाइल कार्रवाई के लिए एसपी रायसेन के पास पहुंचाई है। एक-दो दिन में वहां से मंजूरी आते ही एफआईआर दर्ज होगी।

कम बारिश के कारण किसान परेशान

कांग्रेस व किसानों ने सौंपा ज्ञापन फसल नुकसान के सर्वे की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

तहसील में कम वर्षा और फसल नुकसान से प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रभावित गांवों में फसल नुकसान का निष्पक्ष सर्वे कराया जाए, पात्र गांवों के किसानों को नियमानुसार राहत और मुआवजा दिया जाए। किसानों की समस्या का समाधान केवल आश्वासनों से नहीं, बल्कि समय पर ठोस कार्रवाई से होगा। परेश नागर, राजू मेहरा ने कहा कि हमारी मांग स्पष्ट है। प्रभावित किसानों को उनका हक मिले और कोई भी पात्र किसान राहत से वंचित न रहे।

भद्रा में साड़ी नहीं खरीदने और महंगाई के कारण भी व्यापार पर असर

करवा चौथ पर कम खरीदी से साड़ियों की बिक्री प्रभावित, खुदरा व्यापारी थोक कारोबारियों को खरीदी गई साड़ियां वापस कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

उपनगर के थोक कपड़ा बाजार में करवा चौथ का त्योहार कपड़ा कारोबार, विशेषकर साड़ियों की बिक्री के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाता है। हालांकि, इस बार करवा चौथ से पहले बाजार में खरीदारी कम होने की बात सामने आ रही है।

स्थानीय कपड़ा व्यापारियों के अनुसार, बिक्री में कमी के चलते कारोबार प्रभावित हुआ है। कुछ खुदरा व्यापारी थोक कारोबारियों को पहले खरीदी गई साड़ियां वापस कर रहे हैं। कुछ व्यापारियों का मानना है कि भद्रा के दौरान साड़ी नहीं खरीदने संबंधी धार्मिक मान्यता के कारण भी खरीदारी कम हो सकती है।

बिक्री कम होने से कारोबारियों की पूंजी माल में फंसी



फोटो : एआई जनरेटेड।

व्यापारियों ने जुटा रखा था साड़ियों का स्टॉक

करवा चौथ के मद्देनजर थोक और खुदरा व्यापारियों ने पहले से ही साड़ियों का स्टॉक जुटाया था। कारोबारियों को उम्मीद थी कि त्योहार के नजदीक आने के साथ खरीदारी बढ़ेगी, लेकिन उनके मुताबिक, इस बार ग्राहकी उम्मीद से कम रही है। ऐसे में कुछ खुदरा दुकानदारों द्वारा थोक व्यापारियों को माल लौटाए जाने की स्थिति भी बन रही है।

कारोबारियों के सामने आर्थिक चुनौती

व्यापारियों का कहना है कि करवा चौथ के दौरान सामान्यतः साड़ियों और लेडी सूट की अच्छी बिक्री होती है। इस बार बिक्री कमजोर रहने से उनकी पूंजी माल में फंसी हुई है, जिससे आर्थिक दबाव बढ़ा है। कारोबारियों के लिए फिलहाल यह आकलन मुश्किल है कि बिक्री में आई कमी का कितना संबंध मान्यताओं से है और कितना अन्य कारणों। हालांकि, उनका कहना है कि मौजूदा स्थिति ने त्योहार से जुड़ी व्यापारिक उम्मीदों को प्रभावित किया है। अब व्यापारियों की नजर आगामी दिनों में होने वाली खरीदारी पर है, ताकि सीजन के दौरान हुए नुकसान की कुछ भरपाई हो सके।

दीपावली पर बिक्री की उम्मीद

करवा चौथ की सीजन अपेक्षाकृत कम चली है। इसका कारण भद्रा के अलावा महंगाई सहित कुछ और भी कारण हो सकते हैं। अब आशा है कि दीपावली और शादियों की सीजन अच्छी चलेगी।



कन्हैया इसरानी
अध्यक्ष, थोक वस्त्र व्यवसाय संघ

वाल्मीकि प्रकट दिवस पर निकली भव्य शोभायात्रा जगह-जगह हुआ स्वागत, भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस पर वार्ड नंबर 12, अर्जुन नगर स्थित वाल्मीकि मंदिर में भव्य शोभायात्रा एवं भंडारे का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने महर्षि वाल्मीकि के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। शोभायात्रा का शुभारंभ अर्जुन नगर स्थित वाल्मीकि मंदिर से हुई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आंबेडकर चौराहे पर पहुंची। इसके पश्चात शोभायात्रा वापस वाल्मीकि मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया।

शोभायात्रा का मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने स्टॉल लगाकर शोभायात्रा का स्वागत किया तथा प्रसाद एवं व्यवस्थाएं कीं। शोभायात्रा के समापन के पश्चात वाल्मीकि मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस मौके समाज के चौधरी राजेश गोदिया, नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, विधायक प्रतिनिधि हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सोनू चौकसे, व्यापारी संघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, नीटू अरोड़ा, आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी के अध्यक्ष व पार्षद सुनील सेरिया, पार्षद सुजीत यादव, राजेंद्र साहू, गुड्डू भैया, सुनील वाल्मीकि, घनश्याम सरसवाल, वचन लोधी, पदम चौहान, ओमप्रकाश सरसवाल, राजा सरसवाल, राजकुमार पवार रॉकी आदि मौजूद रहे।

भगवान वाल्मीकि की शोभायात्रा का स्वागत



श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति हिरानियां औबेदुल्लागंज के सदस्यों ने भगवान वाल्मीकि की शोभायात्रा का स्वागत वंदन किया एवं आरती की। इस अवसर पर जीतू नेमा, रितिक खटीक, कमलेश लोधी एवं राजेश खटीक मित्र मंडल के सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी का संस्कृति भवन में आयोजित हुआ 'दास्ताने राम' का कार्यक्रम

जबां पर हर-नफस रहे राम का नाम नमो राम, नमो राम, नमो राम...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



जबां पर हर-नफस रहे राम का नाम, नमो राम, नमो राम, नमो राम। सदा रोशन चिराग-ए-जान श्री राम से है, फरोग-ए-मशअल-ए-ईमान श्री राम से है, कभी कालिब में हैं सूरत-ए-दम, मुजस्सम है वो रूहे ना मुजस्सम....नमो राम की गूंज से सजा 'दास्ताने राम' (दास्तानगोई) में ऋषि बाल्मीकि की उपरोक्त पंक्तियों ने सभागार को राममय बना दिया। मौका है मप्र उर्दू अकादमी, मप्र संस्कृति परिषद द्वारा मंगलवार को संस्कृति भवन में आयोजित 'दास्ताने राम' में मुख्य अतिथि के रुप में धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), संस्कृति, पर्यटन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि उर्दू शायरों द्वारा श्रीराम के जीवन और चरित्र को अपनी रचनाओं में स्थान देना हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का महत्त्वपूर्ण उदाहरण है।



'दास्ताने राम' में राममय हुई शाम, मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार। इनसेट में राज्यमंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी।

कथा लिखी श्री रघु-नाथ जी की, जो थे किस्से हजारों साल पहले के....

इस अवसर पर दिल्ली की प्रख्यात प्रथम महिला दास्तानगो फौजिया एवं दास्तानगो रितेश यादव ने उर्दू शायरों के कलाम पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस खास अवसर पर कथा लिखी श्री रघु-नाथ जी की, जो थे किस्से हजारों साल पहले के, मुफस्सिल लिख दिए वो अहवाल सारे, तुलसी दास ने भी बराहे होशयारी, इसी मजमूं को बखशी आब-ए-दारी, कथा सब में वही इक लिखी है, बस सिर्फ हुस्न-ए-बंदिश ही नई है.... ने समा को भक्ति के रंग में रंग दिया।





उर्दू शायरी में राम कथा का मंचन, 'दास्ताने राम' की प्रस्तुति के दौरान श्रोता।

इन्होंने दी अभिव्यक्ति

इस अवसर पर मप्र उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि उर्दू शेरो-अदब में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्रति प्रेम, श्रद्धा और सम्मान की समृद्ध परंपरा रही है। मौलाना जफर अली खां, पंडित ब्रज नारायण चकबस्त और अनेक दूसरे शायरों एवं साहित्यकारों ने रामकथा और श्रीराम के आदर्शों को अपने साहित्य में अभिव्यक्त किया है।



लाल-गुलाबी रंगों के साथ वाइन, एमरल्ड ग्रीन का आकर्षण, पुरानी साड़ियों से इंडो-वेस्टर्न ड्रेसेस तक का ट्रेंड

करवा चौथ पर ट्रेडिशनल लुक में मॉडर्न ट्विस्ट, ड्रेपिंग स्टाइल और डिजाइनर ब्लाउज देंगे नया अंदाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चांद के दीदार, सुहाग की मंगलकामना और सोलह श्रृंगार की परंपरा से जुड़ा करवा चौथ महिलाओं के लिए सजने-संवरने का खास अवसर है। बदलते फैशन के दौर में अब इस त्योहार का लुक केवल पारंपरिक साड़ी या लहंगे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें आधुनिक डिजाइन, नए रंगों और रचनात्मक प्रयोगों का मेल भी दिखाई दे रहा है। फैशन डिजाइन विशेषज्ञ प्रो. डॉ. विशाखा श्रीवास्तव के अनुसार इस बार जहां लाल, रानी पिंक और मैजेंटा जैसे पारंपरिक रंग अपनी चमक बिखेरेंगे, वहीं वाइन, बरगंडी, रस्ट, एमरल्ड ग्रीन और रोज गोल्ड जैसे रंग उत्सवी परिधानों को नया अंदाज देंगे। साड़ियों की आकर्षक ड्रेपिंग, डिजाइनर ब्लाउज, पुरानी साड़ियों का नए रूप में इस्तेमाल और कुंदन-पोलकी ज्वेलरी इस बार के फैशन को खास बना सकते हैं।



लाल के साथ वाइन, बरगंडी और एमरल्ड ग्रीन का आकर्षण

विशाखा ने कहा कि करवा चौथ पर लाल रंग का महत्व हमेशा खास रहा है। सुहाग के प्रतीक इस रंग के साथ रानी पिंक, रोज पिंक, वाइन, मैजेंटा, बरगंडी और सिंदूरी लाल जैसे शेड्स भी खूबसूरत विकल्प बन सकते हैं। न्यूली ब्राइड के लिए सुनहरी कढ़ाई वाले लहंगे, जरी से सजी बनारसी साड़ियां और बारीक काम वाले दुपट्टे शाही लुक दे सकते हैं। पेस्टल शेड्स पसंद करने वाली महिलाएं भी हल्की कढ़ाई और सुनहरी किनारी वाले परिधान चुनकर उत्सवी अंदाज अपना सकती हैं।



पुरानी साड़ी से तैयार होगा नया फैशन

उन्होंने कहा कि इस बार फैशन में पुरानी साड़ियां रीयूज करके फैशन को नया रुप दिया है। शादी या किसी विशेष अवसर पर पहनी गई साड़ी को इंडो-वेस्टर्न ड्रेस, शरारा या गरारा के रूप में नया रूप दिया जा सकता है। इससे भावनात्मक रूप से जुड़ा परिधान दोबारा इस्तेमाल में आएगा और फैशन में रचनात्मकता भी जुड़ेगी। जो महिलाएं आरामदायक परिधान पसंद करती हैं, वे लॉन्ग कुर्ती के साथ ट्राउजर, शरारा या गरारा चुन सकती हैं।

कुंदन-पोलकी ज्वेलरी से मिलेगा रॉयल लुक

परिधान के साथ आभूषणों का चुनाव भी करवा चौथ के श्रृंगार को खास बनाऐंगे। कुंदन, पोलकी और पन्ने के हरे स्टोन वाली ज्वेलरी लाल या गुलाबी परिधानों के साथ खूबसूरत कंट्रास्ट लुक आपके लुक में चार चांद लगाऐंगे। वहीं स्टेटमेंट नेकलेस, चोकर, झुमके, मांगटीका और नथ पारंपरिक लुक को शाही अंदाज देते हैं।

ड्रेपिंग, ब्लाउज डिजाइन देंगे मॉडर्न टच

उन्होंने कहा कि इस बार पैंट के साथ साड़ी ड्रेप, प्री-ड्रेप्ड साड़ी और जैकेट स्टाइल ब्लाउज जैसे प्रयोग पारंपरिक परिधान को आधुनिक रूप देंगे। वहीं स्टेटमेंट स्लीव्स, आकर्षक बैक डिजाइन, अलग-अलग नेकलाइन और कॉर्सेट स्टाइल ब्लाउज साड़ी की खूबसूरती बढ़ा सकते हैं।



वॉइस और स्टोरी टेलिंग कोर्स के प्रशिक्षणार्थियों का हुआ सम्मान

भोपाल। आवाज, कहानी कहने की कला, संवाद कौशल तथा मंच संचालन की प्रतिभा तराशने के उद्देश्य से संचालित प्रशिक्षण सत्र के सफल प्रतिभागियों को एक गरिमामय समारोह में प्रमाण-पत्र तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। रवींद्रनाथ टैगोर विवि में डायरेक्टर तथा प्रतिकुलाधिपति डॉ. अदिति चतुर्वेदी ने इस अनूठे प्रकल्प की सराहना की।उन्होने इसे रचनात्मक व्यक्तित्व के लिए आवश्यक तथा अनिवार्य बताया। ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों सुविधाओं के साथ यह कोर्स वॉइस, स्टोरी टेलिंग और एंकरिंग जैसे अभिव्यक्ति के लोकप्रिय माध्यमों के तकनीकी तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण पर आधारित है।

■ आरएनटीयू के शारदा सभागार में नए कलाकारों की रौनक

कठपुतली नाट्य प्रस्तुति 'द आर्चर स्टुड अलोन' का मंचन

कठपुतलियों के जरिए जीवंत हुई एकलव्य की गाथा गुरु-भक्ति और सामाजिक न्याय के सवालों ने छुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुरु के प्रति अटूट निष्ठा, लक्ष्य के प्रति समर्पण और अपनी प्रतिभा के बल पर इतिहास में अमिट छाप छोड़ने वाले एकलव्य की कथा मंगलवार को कठपुतलियों के माध्यम से मंच पर जीवंत हो उठी। मानव संग्रहालय में स्पिक मैके की ओर से आयोजित कठपुतली नाट्य प्रस्तुति' द आर्चर स्टुड अलोन' ने दर्शकों को महाभारत के एक ऐसे प्रसंग से रूबरू कराया, जो सदियों बाद भी गुरु-शिष्य परंपरा, सामाजिक भेदभाव और समान अवसरों के



सवालों को प्रासंगिक बनाए हुए है। कोलकाता के डॉल्स थिएटर के संस्थापक और प्रख्यात कठपुतली कलाकार सुदीप गुप्ता के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक ने एकलव्य की साधना, उसकी असाधारण प्रतिभा और अंगूठे के त्याग के प्रसंग को कलात्मक संवेदनशीलता के साथ उकेरा।

जब कठपुतलियों ने बयां की एकलव्य की पीड़ा

महाभारत का एकलव्य प्रसंग केवल गुरु-दक्षिणा में अंगूठा देने की कथा नहीं, बल्कि प्रतिभा, संकल्प और अवसरों के बीच खड़े सामाजिक अवरोधों की कहानी भी है। प्रस्तुति ने गुरु-शिष्य संबंधों की मर्यादा और नैतिकता के साथ सामाजिक बहिष्कार, भेदभाव तथा ज्ञानार्जन के समान अवसरों जैसे मुद्दों को भी रेखांकित किया।

सुल्तानपुर में 'द सरगम प्रोजेक्ट' कला

खेतों में गूंजे संगीत के सुर, गांव की मिट्टी में सजा 'सरगम 2026'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुल्तानपुर

धान के खेत, मिट्टी की सौंधी खुशबू और खुले आसमान के नीचे संगीत, कविता व रंगमंच की प्रस्तुतियां।

कुछ ऐसा ही अनूठा नजारा सुल्तानपुर स्थित निजी फार्म स्टे में देखने को मिला, जहां 'द सरगम प्रोजेक्ट' का 13वां संस्करण 'सरगम 2026' 'द सिम्फनी ऑफ सॉइल' थीम पर आयोजित हुआ।

जड़ों से जुड़ने का अनूठा अनुभव

मुंबई में 12 वर्षों तक आयोजित होने के बाद पहली बार सरगम अपने आयोजक यश देवानी (कबीर) की गांव की मिट्टी तक पहुंचा। धान के खेतों के बीच सैर, मिट्टी के दीये बनाने की गतिविधि, स्थानीय भोजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को प्रकृति और अपनी जड़ों से जुड़ने का अनूठा अनुभव बनाया।

एमसीयू की फिल्म 'विद्यार्थी' को उज्जैनी शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में मिला द्वितीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग द्वारा निर्मित फिल्म 'विद्यार्थी' ने उज्जैनी शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल सीजन-4 में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है। उज्जैन में 24 एवं 25 अक्टूबर को आयोजित फिल्म महोत्सव में फिल्म 'विद्यार्थी' को फिक्शन श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। यह फिल्म महान पत्रकार एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन, पत्रकारिता औरविचारों पर आधारित है।



फिल्म में गणेश शंकर विद्यार्थी की निर्भीक पत्रकारिता, ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष का चित्रण

फिल्म में उनकी निर्भीक पत्रकारिता, समाचार पत्र प्रताप के माध्यम से ब्रिटिश शासन के अन्याय के विरुद्ध संघर्ष तथा सामाजिक असमानता और सांप्रदायिक नफरत के खिलाफ उनके प्रयासों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी के मार्गदर्शन में इस फिल्म का निर्माण इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग द्वारा किया गया। फिल्म के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग ने भारतीय पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास, सामाजिक सद्भाव और मानवीय मूल्यों के संदेश को सिनेमाई रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 विजन को मिली मजबूती

निटर ने 12वीं वाइब्रेंट इंडिया 2026 राष्ट्रीय प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) ने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 12वीं वाइब्रेंट इंडिया 2026 राष्ट्रीय प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में संस्थान ने अपनी उन्नत तकनीकी क्षमताओं और नवाचारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप है। प्रदर्शनी में निटर ने अपने समर्पित स्टॉल के माध्यम से अत्याधुनिक आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट सुविधा का प्रदर्शन किया। स्टॉल पर सेमीकंडक्टर पैकेजिंग की विभिन्न उन्नत तकनीकों को प्रदर्शित किया गया, जिनमें डीआईपी, क्यूएफएन, एमओएसएफईटी, मेटल पैकेज तथा मल्टी-चिप मॉड्यूल मिल रहे।

इनका मार्गदर्शन रहा

सेमीकंडक्टर पैकेजिंग एवं माइक्रोहीटर प्रौद्योगिकी के विकास और प्रदर्शन में डॉ. पीके खन्ना, सीटीओ का रणनीतिक मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। मशीनरी प्रदर्शन का नेतृत्व डॉ. अजय शंकर, सीटीओ ने किया, जबकि डॉ. हुसैन जीवाखान ने पीवीडी तकनीक के प्रदर्शन और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रदर्शनी में संस्थान की सफल सहभागिता और प्रथम पुरस्कार की उपलब्धि संस्थान के निदेशक डॉ. सीसी त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संभव हुई।

करवा चौथ भारतीय संस्कृति, प्रेम और पारिवारिक परंपराओं से जुड़ा एक विशेष पर्व

करवा चौथ के उत्सव के साथ महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

करवा चौथ भारतीय संस्कृति, प्रेम और पारिवारिक परंपराओं से जुड़ा एक विशेष पर्व है। इसी पर्व को परंपरा, मनोरंजन, महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता के एक मंच पर लाने का प्रयास किया 'यूनिक सर्कल' ने। इस आयोजन का उद्देश्य केवल महिलाओं को उत्सव मनाने के लिए एकत्रित करना ही नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, आपसी सहयोग, प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और महिला उद्यमियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना भी है।



यूनिक सर्कल द्वारा आयोजित करवा चौथ उत्सव में महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का संदेश देतीं प्रतिभागी महिलाएं।

तोरण-हस्तशिल्प से फूड बिजनेस तक हुनर का प्रदर्शन

जहां अनेक महिलाएं घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपनी रचनात्मकता और हुनर के माध्यम से छोटे व्यवसाय चला रही हैं। कोई खूबसूरत तोरण और हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुएँ बनाती है, तो कोई घर से फूड बिजनेस संचालित करती है। कई महिलाएँ मेहंदी, कला, हस्तशिल्प और अन्य रचनात्मक कार्यों में भी अपनी पहचान बना रही हैं।



इमर्जिंग टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन में बोले प्रधानमंत्री मोदी

हम पहले प्रयास में ही मंगल ग्रह तक पहुंच गए, देश के युवा जिस स्किल पर सोच रहे और आत्मविश्वास के साथ 'आगे बढ़ रहे', वह उत्साहजनक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम मोदी मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित इमर्जिंग साइंस-टेक्नोलॉजी और इनोवेशन कॉन्क्लेव में में दर्शकों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत के युवा जिस स्किल पर सोच रहे हैं, जिस आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वह उत्साह बढ़ाने वाला है। आज हम पहले प्रयास में ही मंगल ग्रह तक पहुंचते हैं। हम चंद्रमा के उस दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचते हैं, जहां कोई नहीं पहुंच पाया। दुनिया में कुछ इनोवेटिव होता था तो कुछ सालों बाद वो तकनीक हम तक पहुंचती थी।

हम उसे अपनाते थे या उसमें कुछ सुधार करके आगे बढ़ाते थे। लेकिन आज 21वीं सदी का भारत एक नई सोच और नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। अब हमारा लक्ष्य भारत के लिए, दुनिया के लिए, आज के लिए, आने वाले कल के लिए नई टेक्नोलॉजी बनाना, उसकी दिशा तय करना और दुनिया की समस्याओं के समाधान देने की शक्ति विकसित करना है।



कॉन्क्लेव में प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानमंत्री

इसरो भविष्य के भारी प्रक्षेपण यान का मॉडल दिखाएगा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपनी उभरती तकनीकों और भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों को प्रदर्शित करेगा। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने सम्मेलन से पहले बताया कि एजेंसी अपने प्रस्तावित अगली पीढ़ी के भारी प्रक्षेपण यान का मॉडल दिखाएगी। इसे पृथ्वी की निचली कक्षा में 30,000 किलोग्राम से अधिक वजन वाले पेलोड ले जाने के लिए तैयार किया जा रहा है।

ज्ञान और खोज पर आधारित रही है भारत की संस्कृति

प्रधानमंत्री ने कहा कि शून्य की खोज से लेकर संख्या प्रणाली के विकास और खगोल विज्ञान में प्रगति तक, भारत की संस्कृति हमेशा ज्ञान और खोज पर आधारित रही है।

स्टार्टअप प्रतिभागी और विशेषज्ञ होंगे शामिल

सम्मेलन में विज्ञान और तकनीक से जुड़ी बड़ी प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसमें भारत की स्वदेशी वैज्ञानिक उपलब्धियों और नई तकनीकों को प्रदर्शित किया जाएगा। करीब 150 डीप-टेक स्टार्टअप अपने स्टॉल लगाएंगे और आधुनिक तकनीकों के साथ उनके संभावित इस्तेमाल की जानकारी देंगे। कार्यक्रम में भारत और विदेश के शैक्षणिक संस्थानों, शोध संगठनों तथा उद्योगों से जुड़े 300 से अधिक आमंत्रित प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है।

इन 12 क्षेत्रों पर रहेगा फोकस

सम्मेलन में विज्ञान और तकनीक से जुड़े 12 प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी। इनमें एआई, जैव प्रौद्योगिकी, उन्नत सामग्री, विनिर्माण, स्वास्थ्य, ऊर्जा, जलवायु विज्ञान और समुद्र अनुसंधान जैसे विषय शामिल हैं। इनमें शोध की प्राथमिकताएं तय करने और वैज्ञानिक क्षमताओं की मजबूतीपर जोर दिया जाएगा। लैब में होने वाली खोजों को वास्तविक जीवन में इस्तेमाल करने योग्य बनाया जाए। इससे तकनीकी विकास को उद्योगों और जरूरतों से जोड़ने के अवसर तलाशे जा सकेंगे।

खबर संक्षेप

कांगड़ा में चिट्टा तस्करी में 1.01 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी के खिलाफ नूरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने



इंदौरा के छन्नी गांव में 1 करोड़ 1 लाख 55 हजार 718 रुपए मूल्य की संपत्तियों को फ्रीज करने संबंधी आदेश का बोर्ड लगाया है। यह कार्रवाई पुलिस थाना इंदौरा में वर्ष 2017 में दर्ज चिट्टा तस्करी के मामले में की गई है।

मुस्कान-साहिल की फांसी पर अब 30 को सुनवाई

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ के बहुचर्चित नीले ड्रम हत्याकांड में इलाहाबाद हाई कोर्ट में सुनवाई हुई।



सौरभ राजपूत हत्याकांड में दोषी ठहराए गए मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला की ओर से दाखिल याचिका पर हाई कोर्ट की डबल बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने संवेदनशीलता को देखते हुए अगली सुनवाई के लिए 30 नवंबर की तारीख दी है।

मोइत्रा ने हाई कोर्ट से कहा, 'हटा दूंगी पोस्ट'

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि वे भाजपा सांसद



निशिकांत दुबे पर की गई विवादित टिप्पणी सोशल मीडिया से हटा देंगी। महुआ के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का केस किया किया है। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग के खिलाफ भी केस किया है।

सीजेआई पर गलत पोस्ट कांग्रेस ने माफी मांगी

तिरुवनंतपुरम। केरल में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के एक्स से सीजेआई सूर्यकांत के इस्तीफे की



मांग करने के बाद केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बिना शर्त माफी मांगी है। माना कि न्यायपालिका के शीर्ष पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी करना अनुचित था और इसे आधिकारिक मंच से नहीं किया जाना चाहिए था।

राहुल ने की जन सुनवाई, एक नवंबर को रामलीला मैदान में महारैली पर अड़े

ज्ञानेश के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रखा जाएगा, सरकार-ईसी की जवाबदेही तय हो



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के जारी विरोध के बीच आए हैं। इंडिया ब्लॉक के दल मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और नाम हटाए जाने के मुद्दे पर चुनाव आयोग से जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे हैं। एक नवंबर को रामलीला मैदान में 'दिल्ली चलो' मार्च और जनसभा प्रस्तावित है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दिल्ली के त्रिलोकपुरी स्थित ब्लॉक 20 में 'वोट अधिकार जीने का अधिकार' जन सुनवाई में शामिल हुए। इस दौरान राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि देश में ऊपर के स्तर से वोट चोरी की जा रही है और गरीबों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पद से नहीं हटाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

वोट की चोरी की जा रही और गरीबों के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटाए जा रहे



4 बूथों से 416 नाम हटाने का आरोप

राहुल ने कहा कि इस जन सुनवाई के जरिए लोगों ने बताया कि चार बूथों से 416 नाम कथित तौर पर अवैध तरीके से हटाए गए हैं। भारत के हर नागरिक को वोट देने का अधिकार है। हम लंबे समय से इस मुद्दे को उठा रहे हैं। आज लोगों को समझ आ गया है कि वोट चोरी हो रही है और गरीबों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं।

वेणुगोपाल ने महारैली और तैयारियों का जायजा लिया

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रामलीला मैदान का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की। यह विरोध प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर में कथित अनियमितताओं के खिलाफ किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि कार्यक्रमों को रोकने की कोशिश कर रही है, लेकिन इंडिया गठबंधन पीछे नहीं हटेगा।



व्यापारियों की बढ़ी चिंता राहुल को लिखा पत्र

राहुल गांधी ने साफ कर दिया कि दिवाली के पीक सीजन में 1 नवंबर को रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली होकर रहेगी. उनके इस रुख के बाद रामलीला मैदान के आसपास के प्रमुख बाजारों के व्यापारियों में चिंता और निराशा बढ़ गई है। दिल्ली के व्यापारियों और उद्यमियों के संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन बृजेश गोयल ने राहुल को पत्र लिखकर रैली दिवाली के बाद कराने की मांग की है।



रैली पर दिल्ली पुलिस ने लगाई शर्तें

शाम 5 बजे तक खत्म करना होगा कार्यक्रम



रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की रैली के लिए कानून-व्यवस्था के लिहाज से अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी कर दिया है। हालांकि, इसके लिए जमीन के मालिकाना हक वाले विभाग से पहले अनुमति लेनी होगी और पुलिस की कई शर्तों का पालन करना होगा। रैली सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

पुलिस ने रखी ये प्रमुख शर्तें

- *सुरक्षा के कड़े इंतजाम:* आयोजकों को रामलीला मैदान के प्रवेश/निकास द्वारों, मंच, आसपास के क्षेत्रों और बैठने की जगहों पर पर्याप्त संख्या में हाई-डेफिनेशन सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे। इनकी रिकॉर्डिंग, कम से कम 5 स्क्रीनों के साथ एक मॉनिटरिंग सिस्टम और एक अलग सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाना अनिवार्य होगा।
- *बुनियादी सुविधाएं:* रैली में शामिल होने वाले लोगों के लिए पानी के टैंकर और पर्याप्त संख्या में शौचालय (महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग) उपलब्ध कराने होंगे।
- *स्वयंसेवक:* रैली को सुचारू रूप से चलाने के लिए कांग्रेस को पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवक तैनात करने होंगे, जो एक जैसी ड्रेस या बैज पहनें, ताकि उनकी पहचान हो सके।
- *समय सीमा:* रैली को 1 नवंबर 2026 को शाम 5 बजे तक हर हाल में समाप्त करना होगा, जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर होना शुरू हो जाना चाहिए. किसी भी परिस्थिति में समय विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- *रात को रुकने पर रोक:* रैली से पहले या बाद में, किसी भी प्रतिभागी को रामलीला मैदान में रात को रुकने की अनुमति नहीं होगी।
- *मार्च निकालने की मनाही:* रामलीला मैदान के अलावा किसी अन्य स्थान के लिए कोई मार्च निकालने की अनुमति नहीं दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर सुनवाई

याची 10 दिन में हलफनामे पर जवाब दें, फॉर्म 6 पर सवाल



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग के कामकाज को लेकर दायर याचिकाओं पर मंगलवार की सुनवाई पूरी हो गई है। चुनाव आयोग की तरफ से दाखिल हलफनामे पर जवाब देने के लिए याचिकाकर्ताओं ने सर्वोच्च अदालत से 10 दिन का समय मांगा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की इस मांग को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी अतिरिक्त हलफनामे के लिए 14 दिन का समय दिया है। इस मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यों वाली बेंच ने की। बेंच में जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल हैं

नई याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान फॉर्म-6 में बदलाव करने का निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाने वाली सांसद डोला सेन की नई याचिका पर आयोग को नोटिस जारी किया।

एकतरफा निर्णय लेने के आरोप लगाए

याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया से जुड़े फैसले लेते समय चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की राय को नजरअंदाज किया। इस दौरान एकतरफा और मनमाने तरीके से निर्णय लिए गए। याचिकाओं में नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 के साथ अतिरिक्त घोषणा पत्र जोड़ने के फैसले पर भी सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इस शर्त के कारण नए और युवा मतदाताओं के लिए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराना मुश्किल हो सकता है।

चुनाव आयोग ने सर्वसम्मति से निर्णय लिए

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग के अनुसार एसआईआर से संबंधित तीनों आदेश सर्वसम्मति से जारी किए गए थे। उनमें इसे लेकर कोई आपसी मतभेद नहीं था। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि इन फैसलों में किसी तरह की एकतरफा कार्रवाई नहीं की गई। भ्रामक बातें फैलाई गईं।

सतीशन सरकार का बड़ा फैसला

'आरटीआई' से छूट तो मिली फिर भी नहीं छिपेगा भ्रष्टाचार

एजेंसी ⏭ तिरुवनंतपुरम

केरलम सरकार ने कहा है कि सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के 2 विभागों को सूचना के अधिकार कानून से छूट मिलने के बावजूद भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघन से जुड़ी जानकारी जांच होने के बाद दी जाएगी। गृह मंत्री रमेश चेन्नीथला ने कहा कि सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के 2 विभागों को सूचना के अधिकार कानून से छूट देने का मकसद भ्रष्टाचार से जुड़ी जानकारी छिपाना नहीं है। सरकार का उद्देश्य जांच को प्रभावित किए बिना पारदर्शिता बनाए रखना है। सरकार सूचना के



अधिकार कानून को कमजोर नहीं करना चाहती। विधायक केके वलसाराज के सवाल का जवाब देते हुए चेन्नीथला ने कहा कि जांच के दौरान संवेदनशील दस्तावेज सार्वजनिक करने से आरोपियों को फायदा मिल सकता है। इससे सबूत जुटाने और मामले की तह तक पहुंचने में भी परेशानी हो सकती है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया बड़ा दावा

ई-20 पेट्रोल के खिलाफ 'पेड' अभियान चला, अब शोर खत्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने पर बताया कि पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने को लेकर हुआ विरोध एक पेड कैंपेन पैसे देकर चलाया गया अभियान) था। यह बयान सरकार द्वारा 'केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989' में बदलाव की अधिसूचना जारी करने के एक दिन बाद आया है। इन बदलावों के तहत अब ऐसे 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों को अनुमति दी गई है, जो ई100 (लगभग शुद्ध इथेनॉल) तक पर चल सकते हैं। उद्योग संगठन सीआआई के कार्यक्रम में गडकरी ने



कहा कि भारत जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करके अपनी कीमती विदेशी मुद्रा बचा सकता है। 3 महीने पहले, ई20 (20 प्रतिशत इथेनॉल मिला हुआ पेट्रोल) ईंधन के खिलाफ काफी हंगामा किया गया था। अब ई-20 ईंधन के खिलाफ सारा विरोध खत्म हो गया है। यह एक 'पेड कैंपेन' था।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताई

सवाल-कीमतों में इतना अंतर क्यों?

कैंसर की 11 हजार की दवा 1.30 लाख में, लूट का कारण तो बताएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कैंसर की दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के मुद्दे पर केंद्र सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताई। अदालत ने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाला एक इंजेक्शन एक मेडिकल डिस्ट्रीब्यूटर की कैंसर पीड़ित पत्नी को लगाया जाना था, जिनका इलाज एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल में चल रहा था। डिस्ट्रीब्यूटर ने अस्पताल प्रशासन को बताया कि



वह स्वयं दवा कारोबारी हैं और यह इंजेक्शन उन्हें 11,000 में उपलब्ध हो जाता है। अस्पताल ने बाहर से लाया गया इंजेक्शन लगाने से इनकार कर दिया और उसी इंजेक्शन के लिए 1.30 लाख शुल्क वसूलने की बात कही। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या आप इस लूट का कोई उचित कारण बता सकते हैं? इतना अंतर क्यों है?

कीमतों में इस अंतर का जवाब दें

कोर्ट ने पूछा कि क्या अस्पतालों के पास मरीजों को इस तरह से कंट्रोल करने का अधिकार है। ड्रिप लाइन जैसी मामूली सी चीज जिसकी रिटेलर के लिए कीमत 15 रुपए, और बिक रही है 250 रुपए में, फिर डीपीसीओ लागू ही क्यों है? सरकार खुद ऐसा होने दे रही है, जबकि इस मुद्दे पर तीन संसदीय समितियां बन चुकी हैं। कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि हमें इसका तर्क बताएं। बताइए कि पिछले 30 सालों में भारतीय फार्मा इंडस्ट्री ने 5 नए मॉलिक्यूल कौन से विकसित किए हैं?

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ा

राज्य में कई ऐहतियाती कदम उठाए, लोगों को भी किया आगाह

ओडिशा में कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश शुरू, सेना तैनात

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ने के बीच, घने



बादलों से ढेके आसमान के नीचे ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में भारी बारिश हो रही है। ओडिशा राज्य के गंजाम जिले में स्थित गोपालपुर बंदरगाह ने एहतियाती कदम उठाए हैं। आंध्र प्रदेश की लगभग 34 मछली पकड़ने वाली नावों को बंदरगाह के भीतर सुरक्षित आश्रय दिया गया है। 29 तक समुद्र में जाने पर



पूरी तरह से रोक है। हम लगातार गश्त भी कर रहे हैं। अब तक 34 मछली पकड़ने वाली नावें यहां पहुंची हैं। बंदरगाह के कर्मचारियों ने उन्हें आश्रय उपलब्ध कराया है।

मौसम विभाग ने 'बेहद गंभीर' श्रेणी की चेतावनी की जारी

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी जारी करते हुए बताया कि 'अर्नब' 'बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान' के रूप में आंध्र प्रदेश के तट से टकराने वाला है। इसका लैंडफॉल बापटला और विशाखापत्तनम के बीच, यानम के करीब होने का अनुमान है। तट से टकराते समय हवा की अधिकतम गति 125 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है, जबकि झोंकों की रफ्तार 150 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

राज्यों में 31 टीमों को तैनात किया : एनडीआरएफ

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने कहा कि आने वाले साइक्लोन 'अर्नब' से प्रभावित होने वाले राज्यों में 31 टीमों को तैनात किया गया है और स्थिति के लिए एक रणनीति फाइनल कर दिया गया है। डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) मोहसेन शाहेदी ने इस दौरान बात करते हुए कहा कि एनडीएमए के तहत एक कोऑर्डिनेशन मीटिंग हुई, जिसमें सभी स्टेकहोल्डर्स ने हिस्सा लिया।

ओडिशा में 48,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाएगा

'अर्नब' के पूर्वी तट की ओर बढ़ने के साथ ही ओडिशा में तेज हवाएं चलने और भारी बारिश होने के कारण राज्य सरकार ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के प्रयास तेज कर दिए है। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) राजेश पी. पाटिल ने कहा कि राज्य सरकार ने शाम तक निचले इलाकों और भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों से कम से कम 48,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की योजना बनाई है।

दक्षिण मध्य रेलवे ने 11 ट्रेनें रद्द कीं

दक्षिण मध्य रेलवे ने बंगाल की खाड़ी में बने अत्यंत गंभीर चक्रवात 'अर्नब' के मद्देनजर 11 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। इस चक्रवात के बुधवार को आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की संभावना है। दक्षिण मध्य रेलवे ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों को रद्द किया गया है।

तमिलनाडु की राजनीति में 'गरमी'

सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए, कानून ठप

एजेंसी ⏭ चेन्नई

तमिलनाडु की राजनीति में अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी और द्रमुक के अध्यक्ष एमके स्टालिन के बीच अक्सर तीखी जुबानी जंग और राजनीतिक तकरार बढ़ी है।

थेनी जिला उप-जेल से 17 कैदियों के फरार होने के मामले पर दोनों नेताओं ने सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं और इसे कानून-व्यवस्था की नाकामी बताया है।

पलानीस्वामी ने राज्य में बढ़ते अपराधों, बच्चों के लापता होने और



हत्या की घटनाओं को लेकर स्टालिन के नेतृत्व वाली तत्कालीन कानून-व्यवस्था पर तीखा हमला बोला।

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान पलानीस्वामी ने स्टालिन सरकार को 'विफलता का मॉडल' बताया। उन्होंने रोजगार, चेन्नई बाढ़ प्रबंधन और बढ़ते कर्ज को लेकर द्रमुक शासन को घेरा।

इजराइल में चुनाव संपन्न, 120 सांसद चुने जाएंगे, 4 नवंबर को आएंगे नतीजे

एजेंसी ▶▶ येरूशलम

इजराइल में मंगलवार को चुनाव हुए। ये चुनाव 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा किए गए हमले के बाद पहला चुनावी मुकाबला है। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और रात 10 बजे समाप्त हुआ। देश की संसद, 26वीं नेसेट के चुनाव के लिए मतदान करते हुए, इजराइलियों ने मंगलवार को शांति की उम्मीद जताई, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का समर्थन किया और इसके भविष्य में विश्वास व्यक्त किया। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने भी यरूशलेम के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और उनकी पत्नी मिशाल हर्जोग, देश के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने भी अपना वोट डाला। पीएम नेतन्याहू के सामने प्रमुख चुनौती पेश कर रहे गादी आइजेनकोट भी मतदान के दिन सक्रिय नजर आए। मतगणना के बाद शुरुआती तस्वीर कुछ घंटों में साफ हो सकती है, लेकिन सरकार बनाने को लेकर स्थिति स्पष्ट होने में समय लग सकता है। अंतिम मतगणना शुक्रवार तक पूरी होने की उम्मीद है, जबकि आधिकारिक नतीजे 4 नवंबर को जारी किए जाने हैं।

पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के गुट और इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के पूर्व प्रमुख गादी आइसेनकोट की 'यशार' पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्षी गुटों के बीच कड़ा मुकाबला


पीएम बेंजामिन नेतन्याहू मतदान करते हुए

देशभर में 12,018 मतदान केंद्र

केंद्रीय चुनाव समिति के कार्यवाहक महानिदेशक डीन लिवने के मुताबिक, देशभर में 12,018 मतदान केंद्र और 18,000 मतपेटियां तैयार की गई हैं। इनमें से 6,209 मतदान केंद्र दिव्यांगों और विशेष जरूरत वाले मतदाताओं के लिए सुलभ बनाए गए। चुनाव की तैयारियों में करीब 1.5 लाख कर्मचारी और अधिकारी शामिल रहे हैं, जिनमें मतदान के दिन तैनात लगभग एक लाख कर्मी भी शामिल हैं। मतदान और मतगणना की निगरानी के लिए करीब 15,000 कैमरे लगाए गए थे।

690 मिलियन शेकेल का बजट

चुनाव कराने के लिए 690 मिलियन इजराइली शेकेल (करीब 223 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का बजट रखा गया। मतदान के लिए 1.2 करोड़ लिफाफे और मतपत्र संबंधी सामग्री तैयार करने के लिए 250 टन कागज की व्यवस्था की गई है। करीब 50 हजार चुनाव कर्मचारियों को 2,140 प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया गया है।

34 राजनीतिक दल मैदान में

इस बार चुनाव में 34 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। इजराइल में पूरे देश को एक ही निर्वाचन क्षेत्र माना जाता है। मतदाता सीधे उम्मीदवार के बजाय पार्टी की सूची को वोट देते हैं। संसद में जगह पाने के लिए किसी पार्टी को कम से कम 3.25 प्रतिशत वोट हासिल करना जरूरी है। इस आधार पर उसे कम से कम चार सीटें मिल सकती हैं।

नेतन्याहू का विपक्ष पर निशाना

पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने संदेश में विपक्षी दलों को वामपंथी गठबंधन बताया। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष सत्ता में आता है तो उसे अरब पार्टियों के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ सकता है। विपक्ष ने बदलाव के दिए संदेश यिसराइल बेतेनु पार्टी के नेता एविगडोर लिबरमैन ने कहा कि नेतन्याहू के खिलाफ वोट देना इजराइल को मजबूत बनाने के पक्ष में वोट देना है।

विपक्ष ने बदलाव के दिए संदेश

यिसराइल बेतेनु पार्टी के नेता एविगडोर लिबरमैन ने कहा कि नेतन्याहू के खिलाफ वोट देना इजराइल को मजबूत बनाने के पक्ष में वोट देना है। उन्होंने अनिवार्य सैन्य या नागरिक सेवा, कानून के सामने समानता और नागरिक स्वतंत्रता जैसे मुद्दे उठाए। वहीं, डेमोक्रेट्स पार्टी के यायर गोलान ने भी सरकार बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि नेतन्याहू सरकार 7 अक्टूबर के हमले की जांच के लिए स्वतंत्र आयोग बनाने का विरोध करती रही है।

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव

आखिरी पोल में ट्रंप के लिए निराशाजनक संकेत

अमेरिका में मध्यावधि चुनावों से एक सप्ताह पहले जो जनमत सर्वेक्षण कराया गया है उससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पार्टी को निराशा जरूर होगी। ट्रंप डेमोक्रेट्स से पिछड़ते नजर आ रहे हैं। टैरिफ वॉर और ईरान संघर्ष के कारण अमेरिकी मतदाताओं को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है और पोल परिणाम इसी नाराजगी को जाहिर कर रहे हैं। प्रमुख चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि उनकी रिपब्लिकन पार्टी 'हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स' (प्रतिनिधि सभा) पर अपना नियंत्रण खो देगी, जबकि सीनेट के नतीजों को लेकर स्थिति अभी भी अनिश्चित बनी हुई है। वोटिंग पहले ही चल रही है। कुल 21.70 करोड़ पंजीकृत मतदाता। मध्यावधि चुनावों (मिडटर्म इलेक्शन) में आमतौर पर मतदान प्रतिशत कम रहता है। 2022 में यह 46.2 प्रतिशत और 2018 में 50 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

खबर संक्षेप

नाइजीरिया में बंदूकधारियों का हमला, 62 की मौत

अबूजा। नाइजीरिया के उत्तर पूर्व हिस्से में एक समुदाय पर बंदूकधारियों के हमले में कम से कम 62 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के ताराबा प्रांत प्रमुख एल. अयूबा के अनुसार, शुक्रवार को प्रांत के करिम-लामिडो स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बंदूकधारियों ने बिनारी समुदाय पर हमला किया जिसमें 52 लोग घायल भी हुए तथा हजारों लोग विस्थापित हुए। अब तक 52 शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें से 15 बेन्यू नदी से मिले हैं।



सीरिया में हुए हमलों में नागरिकों की मौत

अल-तुफ (सीरिया)। जॉर्डन ने मंगलवार को कहा कि सीरिया में उसके हवाई हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के करीब 20 आतंकवादी मारे गए। हालांकि, उसने यह भी स्वीकार किया कि हमलों में आम नागरिकों की भी मौत हुई है। जॉर्डन की वायुसेना ने सोमवार शाम सीरिया में हवाई हमले किए। ये हमले जॉर्डन के दक्षिणी शहर कराक में एक ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च में अंतिम संस्कार के दौरान पिछले सप्ताह हुए हमले के जवाब में किए गए जिसमें नौ लोगों की मौत हुई थी।



डीआरडीओ वैज्ञानिक ने इमारत से कूद जान दी

बेंगलुरु। डीआरडीओ से संबंधित एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के 47 वर्षीय वैज्ञानिक शरद कातियार ने 21 अक्टूबर की शाम को बेंगलुरु के सीगेहल्ली स्थित अपने अपार्टमेंट से कूदकर आत्महत्या कर ली। परिवार ने बताया कि वह एक महीने से अधिक समय से काम के दबाव का सामना कर रहे थे और उनका अवसाद के लक्षणों के लिए इलाज चल रहा था। घटना वाले दिन वे मनोचिकित्सक से परामर्श लेने गए थे। केआर पुरम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



लिंचेस्टाइन के युवराज एलोइस ने नई दिल्ली में पीएम मोदी से की मुलाकात

व्यापार, निवेश, विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय 'सहयोग' बढ़ाने पर बनी सहमति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लिंचेस्टाइन के युवराज एलोइस के साथ दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय साझेदारी को गति देने के मुद्दे पर बातचीत की। लिंचेस्टाइन के युवराज एलोइस 25 से 28 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार एवं निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना है। लिंचेस्टाइन के प्रिंस एलोइस और उनकी पत्नी प्रिंसेस सोफी ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में मुलाकात की।

दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर गहन चर्चा की। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान जारी कर बताया कि मंगलवार को हैदराबाद हाउस में लिंचेस्टाइन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस और हेरेडिटरी प्रिंसेस सोफी का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों पक्षों ने भारत-लिकटेंस्टीन संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। साथ ही, व्यापार और निवेश, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कौशल विकास तथा लोगों के बीच आपसी संबंधों के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सहित बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार लाने और उन्हें मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया। उन्होंने भारत-ईएफटीए टेपा से बनी सकारात्मक गति का स्वागत किया और द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के अपने संकल्प को फिर से दोहराया।

भारत संग संबंधों को मजबूत करने की जताई प्रतिबद्धता | प्रिंस एलोइस की इस साल भारत की यह दूसरी यात्रा

जयशंकर और सीतारमण से भी की मुलाकात


प्रिंस एलोइस और उनकी पत्नी प्रिंसेस सोफी और पीएम मोदी

इससे पहले दिन में, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने लिंचेस्टाइन के प्रिंस एलोइस से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और 'भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते' (टेपा) के तहत उभरते अवसरों पर चर्चा की। जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत की राजकीय यात्रा पर आए लिंचेस्टाइन के प्रिंस एलोइस से मिलकर खुशी हुई। 'भारत-ईएफटीए टेपा' से मिले अवसरों की बदौलत, हमारी द्विपक्षीय साझेदारी कई क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रिंस इलोइस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। बता दें, साल 2026 में प्रिंस एलोइस की भारत की यह दूसरी यात्रा है; इससे पहले वे फरवरी में 'एआई इम्पैक्ट समिट' में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आए थे। वे इससे पहले 2010 और 2018 में भी भारत आ चुके हैं।

टेपा से द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुएः प्रिंस

भारत के साथ 'व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते' (टेपा) के पूरा होने (जो एक साल पहले लागू हुआ था) का जिक्र करते हुए, प्रिंस ने इसे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि हम इस गति को आगे बढ़ाने और भारत के साथ अपने संबंधों को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विशेष रूप से, हम नवाचार (इनोवेशन), उन्नत विनिर्माण (एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग), वित्तीय सेवाओं, शिक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में अपने आर्थिक सहयोग को बढ़ाने की अपार संभावनाएं देखते हैं। इन और कई अन्य क्षेत्रों में, दोनों देशों के पास एक-दूसरे की पूरक ताकतें हैं।

भारत दौरा मेरे लिए सम्मान की बातः लिकटेंस्टीन प्रिंस

लिंचेस्टाइन के प्रिंस एलोइस ने कहा कि भारत की राजकीय यात्रा पर आकर वे सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उनका यूरोपीय देश नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति भवन प्रांगण में प्रिंस एलोइस का औपचारिक स्वागत किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रिंस एलोइस का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रिंस एलोइस ने निमंत्रण और गर्मजोशी से स्वागत के लिए राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस अद्भुत देश में लिंचेस्टाइन की पहली राजकीय यात्रा पर आकर मैं खुद को बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। लिंचेस्टाइन भारत के साथ अपने संबंधों को अहमियत देता है।



अमेरिकी सांसदों की चेतावनी

रूसी डीजल आयात से जुड़े लोगों पर हो सकती है कानूनी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने बैंकों, बंदरगाह प्राधिकरणों और ईंधन वितरकों को चेतावनी दी है कि रूस से डीजल आयात की सुविधा देने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई और कांग्रेस की जांच का सामना करना पड़ सकता है। सांसदों ने प्रमुख वित्तीय संस्थानों, बंदरगाहों और ईंधन वितरक कंपनियों के प्रमुखों को लिखे पत्रों में कहा कि अमेरिकी कानून का उल्लंघन करते हुए आयात में मदद करने वाली कंपनियों पर आपराधिक और दीवानी कार्रवाई हो सकती है। यह चेतावनी ऐसी खबरों के बीच आई है कि जब माल्टा के झंडे वाला एक टैंकर, जिसमें 40,000 मीट्रिक टन रूसी अल्ट्रा-लो सल्फर डीजल है, न्यूयॉर्क की ओर जा रहा है।

टैंकर, एगियोई फैनेंडेस ने 22 अक्टूबर को रूस के बाल्टिक पोर्ट प्रिमोर्स्क पर अपना माल लोड किया और इसके 7 नवंबर को पहुंचने की उम्मीद है। यह शिपमेंट 2022 में वॉशिंगटन द्वारा बैन लगाए जाने के बाद से यूएस द्वारा आयात किया जाने वाला पहला रूसी पेट्रोलियम उत्पाद होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसी महीने की शुरुआत में रूस को अमेरिका समेत वैश्विक बाजारों में डीजल की आपूर्ति करने की छूट दी थी। सांसदों ने 2022 के 'एंडिंग इंपोर्टेशन ऑफ रशियन ऑयल एक्ट' की धारा 2 का हवाला दिया।


माल्टा के झंडे वाला टैंकर एगियोई फैनेंडेस 7 नवंबर को यूएस पहुंचेगा

कई प्रमुख बैंकों और बंदरगाहों को पत्र भेजे

पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर जीन शाहीन, रॉन वाइडन, शेल्डन व्हाइटहाउस, क्रिस कून्स और एलिजाबेथ वॉरेन के साथ रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस शामिल हैं। न्यूयॉर्क के पांचवें कांग्रेसनल जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद ग्रेगरी मीक्स ने भी पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। ये पत्र जेपीमॉर्गन चेज, बैंक ऑफ अमेरिका, सिटीग्रुप, वेल्स फार्गो, गोल्डमैन सैक्स और मॉर्गन स्टेनली के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को भेजे गए हैं। इसके अलावा टेक्सास के ह्यूस्टन, कॉर्पस क्रिस्टी और ब्यूमोंट बंदरगाह प्राधिकरणों तथा न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के बंदरगाह प्राधिकरणों को भी पत्र लिखे गए हैं। सांसदों ने कहा कि 2022 के कानून के तहत रूस में बने ऊर्जा उत्पादों, जिनमें डीजल ईंधन भी शामिल है, के आयात पर आम तौर पर रोक है। कानून के मुताबिक, आयात की अनुमति तभी दी जा सकती है, जब राष्ट्रपति कांग्रेस को प्रमाणित करें कि रूस ने यूक्रेन में सभी सैन्य शत्रुताएं रोक दी हैं।

यूएन में भारत की दो टूक

सुधारों को रोकने वाले 'छिपे हुए वीटो' पर दर्ज की कड़ी आपत्ति

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सुधारों को आगे बढ़ने से रोकने वाले 'छिपे हुए, व्यावहारिक वीटो' की कड़ी आलोचना की है। महासभा में पांच स्थायी सदस्यों के वीटो अधिकारों पर हुई बहस के दौरान भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि सुधार प्रक्रिया में 'आम सहमति' की शर्त को अप्रत्यक्ष वीटो की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। हरीश ने बताया कि सुधारों के लिए चल रही अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) में यह मुद्दा शामिल था, लेकिन कुछ देशों द्वारा अपनाए जा रहे प्रक्रियागत पैंतरों के कारण यह अटक गई है। आईजीएन प्रक्रिया में भी 'आम सहमति' की दलील का इस्तेमाल एक छिपे हुए, व्यावहारिक वीटो के रूप में किया जा रहा है। 'यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस' नाम के देशों के एक छोटे समूह ने प्रक्रिया संबंधी दांव-पेंच अपनाकर आईजीएन को बातचीत का कोई मसौदा अपनाने से रोक रखा है। इस समूह का नेतृत्व इटली कर रहा है और इसमें पाकिस्तान भी शामिल है। पी. हरीश ने याद दिलाया कि 2008 का महासभा प्रस्ताव, जो आईजीएन का आधार है, बिल्कुल स्पष्ट है। इसका सिद्धांत अधिकतम राजनीतिक स्वीकृति है, न कि पूर्ण आम सहमति।


पी. हरीश

पीयूष गोयल ने उच्चस्तरीय बैठकें कीं

नीदरलैंड के साथ द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर जोर

एजेंसी ▶▶ हेग

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नीदरलैंड की अपनी यात्रा जारी रखते हुए डच सरकार के नेताओं, सांसदों और प्रमुख डच कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ कई उच्चस्तरीय बैठकें कीं। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करना, व्यापार एवं निवेश का विस्तार करना तथा भारतीय और डच उद्यमों के बीच सहयोग के नए अवसरों की पहचान करना था। उन्होंने स्जोर्ड स्जोड्स्मा, विदेश व्यापार एवं विकास सहयोग मंत्री; सुहीलीन हर्बर्ट, आर्थिक मामलों एवं जलवायु मंत्री; तथा आर्थर वान डाइक, नॉर्थ हॉलैंड प्रांत के किंग्स कमिश्नर के साथ बैठकें कीं। उन्होंने डच हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की विदेश व्यापार एवं विकास सहयोग समिति तथा सीनेट की यूरोपीय मामलों संबंधी समिति के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। इन बैठकों के दौरान द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों, व्यापार एवं निवेश तथा भारत-यूरोपीय संघ की व्यापक आर्थिक साझेदारी पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिला।


बैठक करते पीयूष गोयल

12वां ब्रिक्स संसदीय मंच का संपन्न, संयुक्त घोषणा पत्र जारी

वैश्विक चुनौतियों का स्थायी समाधान सिर्फ बातचीत और सहयोग से संभवः ओम बिरला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एक संयुक्त घोषणा-पत्र को अंगीकृत करने के बाद 12वां ब्रिक्स संसदीय मंच का संपन्न हो गया। इस घोषणा-पत्र में सीमा पार आतंकवाद, आतंकवाद के वित्तपोषण और सुरक्षित ठिकानों की निंदा की गई, जबकि जीरो टॉलरेंस और दोहरे मापदंडों को समाप्त करने की मांग की गई। घोषणा-पत्र में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों, संप्रभु समानता, परस्पर सम्मान, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने और अंतर्राष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति सदस्य देशों की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। सदस्य संसदों ने वैश्विक शासन में ग्लोबल साउथ को अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों का स्पष्ट समर्थन किया।



संयुक्त घोषणा पत्र जारी करते हरिवंश सिंह और ओम बिरला

युद्ध स्थायी समाधान नहीं

ओम बिरला ने कहा कि स्थायी समाधान युद्ध में नहीं बल्कि संवाद में; संघर्ष में नहीं बल्कि शांति में; और प्रतिस्पर्धा में नहीं बल्कि सहयोग में है। उन्होंने राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रति पूर्ण सम्मान, अंतर्राष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और सभी के लिए समान विकास अवसरों पर आधारित एक वैश्विक व्यवस्था का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक शांति का अर्थ सुरक्षा, सम्मान, न्याय और सभी के लिए - विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए - एक बेहतर भविष्य का आश्वासन है।

लिप सिंकिंग और वॉयस क्लोनिंग का उपयोग होता है, वीडियो को बताया पूरी तरह से गलत

चीन के कब्जे वाले सोशल मीडिया वीडियो की भारतीय सेना ने खोली पोल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

क्या देश की पूर्वी सीमा से जुड़े अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों पर इन दिनों चीन का कब्जा है? क्या चीन की पीएलए सेना के कब्जे की वजह से ही भारतीय सेना राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात अपने जवानों तक जरूरी रसद भी नहीं पहुंचा पा रही है? क्या पूर्वोत्तर में चीन के सैन्य वाहन भारत की सीमा में जबरन प्रवेश के साथ घुस आए हैं? ये वो बड़े और गंभीर सवाल हैं, जिनका जन्म बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रचारित-प्रसारित हो रहे कुछ वीडियो के माध्यम से हुआ। लेकिन सेना ने अपने आधिकारिक फेक्ट चेक से इन्हें दो टूक अंदाज में खारिज करते हुए पूरी तरह से एआई की मदद से तैयार की गई गलत और भ्रामक जानकारी करार दिया है। साथ ही नागरिकों को ये चेतावनी दी है कि वो सोशल मीडिया पर ऐसे किसी भी वीडियो या अन्य पोस्ट में दी गई सामग्री पर बिना आधिकारिक स्रोतों की पुष्टि के बिना कोई फारवर्ड या रीपोस्ट न करें। वहीं, मामले को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री, अरुणाचल प्रदेश से भाजपा के मौजूदा सांसद किरण रिजिजू ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मंच पर आई किसी भी जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा करने, उसके इस्तेमाल के जरिए आम जनमानस के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने को लेकर कांग्रेस पार्टी को देश से माफी मांगनी चाहिए।


जनरल कालिया

कालिया के बयान को तोड़ा-मरोड़ा गया

सेना ने एक्स पर अपने अकाउंट '@Mythbusterxx' के जरिए बताया कि सोशल मीडिया में प्रसारित हो रहे तमाम वीडियो को डिजिटल रूप से भ्रामक तरीके से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर तैयार किया गया है। आम बोलचाल की भाषा में इसे 'सिंथेटिक जनरेटेड इनफारमेशन' के नाम से जाना जाता है। जिसमें मूल वीडियो की जगह पर एआई से जुड़ी लिप सिंकिंग और वॉयस क्लोनिंग का उपयोग होता है। वीडियो में लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ये कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के आसफिला, लोंगजू और ताक्सिंग सर्कल पर कब्जा कर लिया है। जिसकी वजह से भारत की सेना तक आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है।

चार साल पुरानी ब्रीफिंग आतंकवाद पर थी

सेना ने ये भी बताया कि वीडियो में जनरल कालिया की जिस मीडिया ब्रीफिंग को आधार बनाकर यह झूठ परोसा जा रहा है। उसका संबंध लगभग चार साल पहले 27 अक्टूबर 2023 को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में हुई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की एक प्रेस ब्रीफिंग से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने अरुणाचल का किसी भी रूप में जिक्र नहीं किया। बल्कि उनका पूरा संबोधन सिर्फ और सिर्फ जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) से जुड़े आतंकवाद रोधी अभियानों और आतंकी घुसपैठ की कोशिशों के बारे में मीडिया को रूबरू कराने तक ही सीमित था। ऐसे में यह तथ्य पूरी तरह से साफ हो जाता है कि सोशल मीडिया पर जारी वीडियो सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के लीक हुए बयानों को मनगढ़ंत रूप से पेश किए जाने की कोशिश मात्र हैं। बता दें, 2023 में जनरल कालिया सेना की 28 इन्फैंट्री डिवीजन के प्रमुख यानी बतौर मेजर जनरल जनरल ऑफिसर कमांडिंग के पद पर कार्यरत थे।

अपुष्ट सामग्री को लेकर चौकन्ने रहें

सेना ने आमजनता से भी यह अपील की है कि वो सोशल मीडिया पर आने वाली किसी भी जानकारी पर आंख बंद कर भरोसा न करे। किसी भी प्रकार के अपुष्ट वीडियो या दावों को बिना जांचे परखे आगे न बढ़ाएं? ऐसा कोई भी कदम उठाने से पहले आधिकारिक स्रोतों से मिल रही सूचना पर ही विश्वास करें।

ट्रंप प्रशासन का फिर दावा

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अंतिम चरण में, बातचीत 'सार्थक' दिशा में जारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा है कि ट्रंप प्रशासन भारत के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते को लेकर सार्थक बातचीत कर रहा है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता मैथ्यू मिडलटन ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधि भारतीय अधिकारियों के साथ सार्थक बातचीत कर रहे हैं, ताकि एक ऐसा ऐतिहासिक व्यापार समझौता किया जा सके जो अमेरिकियों और अमेरिका को प्राथमिकता दे। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच करीबी व्यक्तिगत संबंधों का भी जिक्र करते हुए कहा कि दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले नीदरलैंड की राजधानी हेग में आयोजित 'इंडिया-नीदरलैंड्स बिजनेस फोरम' में पीयूष गोयल ने कहा था कि हमने ज्यादातर चर्चाएं पूरी कर ली हैं और अब समझौते को अंतिम रूप दे रहे हैं। वहीं, 20 अक्टूबर को मुंबई यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि दोनों पक्ष समझौते के बहुत करीब हैं। बस उसे अंतिम रूप देना बाकी है। कुछ ही चीजें बची हैं जिन्हें सुलझाना है।


मैथ्यू मिडलटन



लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक टीम में रहना चाहते हैं जरमनप्रीत

एजेंसी ▶▶| जालंधर

हॉकी इंडिया ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के बाद जिन चार सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने की योजना बनाई है उनमें जरमनप्रीत सिंह भी शामिल हैं लेकिन इस डिफेंडर का अभी संन्यास लेने का मूड नहीं है और उनकी नजरें 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों पर टिकी हैं।

हॉकी इंडिया के सूत्रों ने इस महीने की शुरुआत में बताया था कि जरमनप्रीत, मनदीप सिंह, अमित रोहिदास और नीलकांत शर्मा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में भारत के लिए अपना अंतिम टूर्नामेंट खेलेंगे। भारत ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं: जरमनप्रीत

अमृतसर के रहने वाले 30 वर्षीय जरमनप्रीत ने कहा, ''मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं और लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं।''उन्होंने कहा, ''एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना हमारी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है।

टीम ने इस बारे में कोई चर्चा नहीं की : हरमनप्रीत



हरमनप्रीत ने सोमवार को टूर्नामेंट पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह सही खबर है और हमने टीम में इस बारे में कोई चर्चा नहीं की। मुझे लगता है कि यह महज अफवाह है।''जरमनप्रीत ने अब तक 171 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

संन्यास की अटकलों को खारिज किया

यह हमारे लिए शानदार अवसर है और हम लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।'' जरमनप्रीत ने कहा, ''इस टूर्नामेंट के बाद हम ओलंपिक के लिए अपनी तैयारी शुरू करेंगे। मैं चाहता हूं कि टीम वहां अच्छा प्रदर्शन करे और स्वर्ण पदक जीते।''भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भी संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए इसे 'अफवाह' करार दिया।

पेरिस ओलंपिक में टीम के प्रमुख सदस्य रहे : वह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के एक प्रमुख सदस्य थे। वह 2022 और 2026 में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। अर्जुन पुरस्कार विजेता का मानना है कि उन्होंने एक डिफेंडर के रूप में अपने खेल में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं।

खेल में सुधार की कोशिश करता रहूंगा

जरमनप्रीत ने कहा, मैंने अपने रक्षात्मक कौशल को बेहतर बनाने, अच्छे अवसर पैदा करने और टीम की जीत में योगदान देने की कोशिश की है। मैं एक डिफेंडर के रूप में अपने खेल में लगातार सुधार करने की कोशिश करता रहूंगा।

न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया, पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजय बढ़त बनाई

अभिषेक के तूफानी शतक से भारत ने न्यूजीलैंड से टी-20 श्रृंखला जीती



- अभिषेक ने महज 38 गेंदों में 113 रन की पारी खेली
- भारत ने 199 रन का लक्ष्य केवल 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर पाया
- वैभव ने भी 19 गेंद में 45 रन की शानदार पारी खेली



एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी के सामने न्यूजीलैंड के गेंदबाज पूरी तरह बेबस नजर आए और भारत ने मंगलवार को तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 40 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले टी-20 बल्लेबाज अभिषेक ने महज 38 गेंदों पर 113 रन की अविश्वसनीय पारी खेल प्लेयर ऑफ द मैच बने, उन्होंने केवल 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर न्यूजीलैंड की गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं भारत ने 199 रन के मुश्किल दिख रहे लक्ष्य को महज 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

35 गेंदों में पूरा किया शतक

अभिषेक की विस्फोटक पारी के सामने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (19 गेंद में 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी भी कई मौकों पर फीकी नजर आई। अभिषेक ने 35 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। शतक लगाने के बाद उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में ध्यान मुद्रा बनाकर जश्न मनाया।

भारत ने पावर प्ले में विश्व रिकॉर्ड बनाया

भारत ने इसके साथ ही पांच ओवर में सबसे तेज टीम शतक और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पावरप्ले के दौरान सर्वोच्च स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए महज सात ओवर में 133 रन जोड़ दिए।

दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 12 छक्के लगाए

वेलिंगटन के वेस्टपैक ट्रस्ट स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के लिए यह साझेदारी लंबे समय तक यादगार रहेगी। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 12 छक्के लगाए। सूर्यवंशी ने चार तो वहीं अभिषेक ने आठ छक्के जड़े। जब ग्लेन फिलिप्स ने अभिषेक का कैच लपका, तब तक भारतीय बल्लेबाज 11 छक्के और नौ चौके लगा चुका था।

अभिषेक की बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड का मनोबल टूटा

अभिषेक के विकेट के बाद न्यूजीलैंड की टीम का मनोबल इस कदर टूट चुका था कि उसके खिलाड़ी विकेट मिलने का जश्न मनाने के लिए भी उत्साहित नजर नहीं आए। भारतीय पारी की शुरुआत जैकब डफी के ओवर में 26 रन के साथ हुई। एडम मिल्ने ने दूसरे ओवर में 17 रन दिए। इसके बाद माइकल ब्रेसवेल और काइल जैमीसन ने क्रमशः 21 और 20 रन लुटाए। चार ओवर के भीतर ही न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर के चेहरे पर बेबसी साफ दिखाई देने लगी थी। न्यूजीलैंड की पारी के दौरान गेंद जिस पिच पर रुककर आ रही थी, वही भारतीय बल्लेबाजों के सामने बेहद सपाट नजर आई। अभिषेक और सूर्यवंशी ने गेंद की लाइन से हटकर ऑफ साइड में जगह बनाई या फिर गेंद की दिशा के अनुरूप लेग साइड में जोरदार प्रहार किए।

पावर प्ले के छह ओवर में 118 रन बनाए

भारत ने इस जीत के साथ न्यूजीलैंड की धरती पर लगातार तीसरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतने की उपलब्धि हासिल की। इससे पहले भारतीय टीम ने 2020 में 5-0 और 2022 में 1-0 से श्रृंखला अपने नाम की थी। महज 15 साल के सूर्यवंशी ने भी आक्रामक पारी खेली।

काजल और नीलम महिला विश्व चैंपियनशिप कुश्ती के सेफा में

अस्ताना। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल धोचक (76 किलोग्राम) और नीलम (50 किलोग्राम) ने मंगलवार को यहां महिला वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत को पदक की दौड़ में बनाए रखा। काजल ने मंगोलिया की दावानासन एंख अमार पर 9-2 की जीत दर्ज करते हुए अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले उन्होंने लिथुआनिया की कामिले ग्रिस्किएने गौकाइट को हराया था। नीलम ने प्री क्वार्टरफाइनल मुकाबले में बेलारूस की नतालिया वाराकिना को 6-0 से हराया। रूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एलिजावेटा स्मिरनोवा चोट के कारण क्वार्टरफाइनल से हट गईं जिससे नीलम सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही। इससे पहले रजनीता ने महिला 65 किलोग्राम वर्ग के क्वालीफाइंग मुकाबले में 2024 की विश्व रजत पदक विजेता कटेरीना ज़ेलेनिख को 8-6 से हराकर उलटफेर किया।

M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD
NOTICE INVITING TENDER
System Tender No.16/26-27/EE/E/BPL/2026_MPHID_544631 (1st Call)
On-line tenders are invited for External Electrification work of Hari Singh Gour Nagar Phase-4 Makronia Sagar for Rs. 77,65,710/- upto 16.11.2026. For other details please visit https://www.mptenders.gov.in.
/ mphidb X/ mphidb
Executive Engineer (Elect.)
Division Electrical, Bhopal
M.P. Madhyam/128808/2026
Phone : 0755-4228596

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
(विद्युत विभाग)
अटल भवन मुख्यालय तुलसी नगर लिंक रोड़ नंबर-2, भोपाल - 462003 (म.प्र.)
क्रमांक. 130/वि.शा./2026 भोपाल, दिनांक-27.10.2026
निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की कीमत	ठेकेदार की श्रेणी	निविदा की अवधि	कार्य हेतु निर्धारित सामग्री	कार्य की अवधि
1	2026_UAD_545365_1	Street Light arrangement in different place of Ward no 45 Zone no. 10 Under BMC Bhopal	12,72,253/-	9,542/-	2,000/-	Registered Electrical contractor in centralized registration system in MPPWD having valid electrical license	30 month	MPUADD SOR 2021 Items	01 Months

नियम व शर्तें :-
(1). निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईट प्रस्तुत करने होंगे। अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
(2). ऑनलाईन निविदा में सभी प्रकार के संशोधनों की जानकारी मात्र www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
(3). 18% GST अतिरिक्त देय होगा।
सहायक यंत्री (वि.)
नगर निगम, भोपाल
नि.क्र.-934/026/027

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालयः नर्मदापुरम्
भूतल, प्लाट नं. 46/4, वार्ड नं. 25, एन.एच. 69,
गीता भवन के पास, रसूलिया होशंगाबाद (म.प्र.) 461001
परिशिष्ट - IV क [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]
अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक कब्जा** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) को निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **13 नवम्बर 2026** को बेचा जाएगा।

ऋणी (यो)/ बंधककर्ता (ओ)/ जमानतदार (रो) का नाम	अनुसूची (संपत्ति का विवरण)	आरक्षित मूल्य/ ईएमडी	मांग सूचना अनुसार बकाया राशि
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्ववर्ती कार्पोरेशन बैंक) मंडीदीप शाखाः इन्द्रा नगर, एनएच-12, मंडीदीप फोन : 07480-231088			
ऋणी- **मेसर्स अग्रता स्पाइसेस** द्वारा- प्रोपराइटर- श्री अमित कुमार श्रीवास्तव जमानतदार- श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव पुत्र भैयालाल	संपत्ति का समस्त भू भाग क्षेत्रफल- 4305.56 वर्गफिट में स्थित खुली डायवर्टेड भूमि स्थित खसरा नं. 129, प.ह.नं. 25/8, वार्ड नं. 3, ग्राम- खिल्लीखेड़ा, विकासखण्ड, औबेदुल्लागंज, तहसील- गौहरगंज, उपजिला एवं जिला- रायसेन में पंजीकृत संपत्ति मालिक- श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव पुत्र श्री भैयालाल चर्तुसीमाएं- उत्तर - श्री हरिनारायण यादव का मकान, दक्षिण- श्री मोहन सिंह यादव का मकान, पूर्व- नाला, पश्चिम- सरकारी रोड	₹ 11,34,000/- आरक्षित मूल्य का 10%	₹ 1886230.65 + ब्याज एवं खर्चे मांग सूचना दिनांक 01/07/2019

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 13-11-2026, दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें।
https://www.unionbankofindia.bank.in & https://baanknet.com
पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://baanknet.com
तारीख : 27.10.2026, स्थानः मंडीदीप
प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

श्रीलंका ने पाक को 8 विकेट से हराया

इंग्लैंड त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल की दौड़ से बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

श्रीलंका ने मंगलवार को पाकिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर इंग्लैंड की त्रिकोणीय एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर दिया। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 34 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम सिर्फ 110 रन पर सिमट गई। श्रीलंका ने इसके बाद 18.1 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह मुकाबला



दिन-रात का था और गद्दाफी स्टेडियम की फ्लडलाइट के पूरी तरह जलने से पहले ही श्रीलंकाई टीम जीत दर्ज कर चुकी थी।

हरमनप्रीत कौर आईसीसी वनडे रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| दुबई

पूर्व भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में दो पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गईं। जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो मैचों में 32 और शून्य पर आउट होने वाली कप्तान स्मृति मंधाना ने इस लचर प्रदर्शन के कारण अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वॉर्ट पहले नंबर पर काबिज हो गई हैं।

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में



हरमनप्रीत और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शतक बनाकर अपनी टीम को तीन मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त दिलाई थी।

केन 25 वर्षों में बैलोन डी ओर जीतने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने

एजेंसी ▶▶| लंदन

पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले हैरी केन पिछले 25 वर्षों में बैलोन डी ओर जीतने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं जबकि महिला वर्ग में स्पेन की स्टार खिलाड़ी एलेक्सिया पुटेलस ने तीसरी बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। केन ने पिछले सत्र में क्लब और देश के लिए 73 गोल किए और वह यूरोप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे।

केन ने जर्मनी के अपने क्लब बायर्न म्यूनिख और विश्व कप में गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया था। विश्व कप में वह इंग्लैंड के कप्तान थे और उनकी टीम तीसरे स्थान पर रही थी। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद कहा, कड़ी मेहनत से सब कुछ संभव है। मेरा सफर आसान नहीं था। मैं वो बच्चा नहीं था जो सीधे शिखर पर पहुंच गया हो। मुझे उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा।



विश्व कप में केन ने छह गोल दागे थे

विश्व कप में उन्होंने छह गोल करके गैरी लाइनकर को पीछे छोड़ते हुए इंग्लैंड की तरफ से विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बनाया था। उनकी टीम सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से हार गई, लेकिन उसने तीसरे स्थान के मैच में फ्रांस को हराया जो पिछले 60 वर्षों में इंग्लैंड का विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

पुटेलस ने 2021 व 2022 में यह पुरस्कार जीता

पुटेलस ने 2021 और 2022 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था। महिलाओं के लिए इस पुरस्कार की शुरुआत 2018 में हुई थी। उन्होंने पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद युवा खिलाड़ियों के लिए संदेश में कहा, ''खुद पर विश्वास रखो।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक - 1
राज. परि. प्रशा., लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल
// निविदा आमंत्रण सूचना //
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है :

सं. क्रं.	टेन्डर नं.	निविदा क्रं. एवं दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय, डाऊनलोड की अंतिम तिथि
1	2026_CPA_543216_1	71/SAC dt. 14.10.26	(1) व्यापम चौराहे से हॉट बाजार चौराहा लंब्बाई 0.50 किमी. (2) नेहरू नगर चौराहा से चूनाभट्टी चौराहे से कोलार रोड लंबाई 3.80 किमी (3) हबीबगंज अंडर ब्रिज से दानापानी ढाबा लंबाई 2.50 किमी (4) कैनाल तिराहा से रेल्वे कासिंक नर्मदापुरम मार्ग भोपाल लम्बाई 0.80 किमी में बी.टी. रिन्युअल का कार्य ।	Rs. 278.67	Rs. 278670.00	Rs. 15000/-	04.11.26
2	2026_CPA_543217_1	72/SAC dt. 14.10.26	(1) भेल गेट क.1 से भारत नगर मार्ग लंब्बाई 1.00 किमी. (2) सोनागिरी स्क्वायर से अयोध्या बायपास लंबाई 1.70 किमी (3) जे.के. रोड से दुर्गेश विहार व्हाया नरेला शंकरी से अयोध्या बायपास लंबाई 2.20 किमी (4) राजधानी मंडल पी.डब्ल्यूडी आफिस बिट्टन मार्केट परिसर भोपाल लम्बाई 0.80 किमी में बी.टी. रिन्युअल का कार्य ।	Rs. 257.96	Rs. 257960.00	Rs. 15000/-	04.11.26
3	2026_CPA_543218_1	73/SAC dt. 14.10.26	सतगढी इंडस्ट्रीयल एरिया भोपाल में आयोजित जियोग्राफिक इन्फारमेसन सिस्टम हेतु (1) कोलार मुख्य मार्ग से हिनोतिया आलम भोपाल (कलियासोत नहर पेरलर) डी-मार्ट तक शेष मार्ग का निर्माण कार्य लंब्बाई 0.50 किमी. (2) कोलार मुख्य मार्ग से हिनोतिया आलम (कलियासोत नहर पेरलर) मार्ग का चौडीकरण का कार्य लंब्बाई 3.10 किमी. (3) कोलार मुख्य मार्ग (डी-मार्ट चौराहा) तक मार्ग पर सडक सुरक्षा उपकरण एवं विकास का कार्य ।	Rs. 246.80	Rs. 246800.00	Rs. 15000/-	04.11.26

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं आनलॉइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04.11.2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।
कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक - 1
राज. परि. प्रशा., लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल
0755-2464382
G-20579/26
" स्वच्छता ही सेवा "

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म. प्र.) 462003
नि.आं.सू. क्र. 09/एन.एच.एम/2026-27/926 भोपाल दिनांक 22/10/2026
// निविदा आमंत्रण सूचना //
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) दो लिफाफा से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 01.01.2024 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :
ई-निविदा सूचना क्रमांक-09/2026-27 दिनांक 22.10.2026

सं क्रं.	टेण्डर नं. 2026_DHS	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	जमा धरोहर राशि रू.	टेण्डर दर राशि रू.	समय सीमा वर्षाकाल सहित
1	2026_DHS_544563	जिला बैतूल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोडाडोगरी, मुलताई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरदेही के के मातृ स्वास्थ्य इकाईया में उन्नयन कार्य ।	31.50	50000.00	5000.00	04 माह
2	2026_DHS_544564	जिला भोपाल सिविल अस्पताल बैरसिया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रुनहा के मातृ स्वास्थ्य इकाईया मे मरम्मत उन्नयन कार्य	29.66	50000.00	5000.00	04 माह
3	2026_DHS_544565	जिला नर्मदापुरम सिविल अस्पताल इटारसी के मातृ स्वास्थ्य इकाईया मे उन्नयन कार्य ।	6.18	12360.00	2000.00	02 माह
4	2026_DHS_544566	जिला राजगढ सिविल अस्पताल सारंगपुर के मातृ स्वास्थ्य इकाईया मे उन्नयन कार्य ।	7.65	15300.00	2000.00	02 माह
5	2026_DHS_544567	जिला सीहोर सिविल अस्पताल आष्टा के मातृ स्वास्थ्य इकाईया में उन्नयन कार्य ।	4.12	8240.00	2000.00	02 माह
6	2026_DHS_544568	जिला विदिशा सिविल अस्पताल सिरोंज के मातृ स्वास्थ्य इकाईया मे उन्नयन कार्य ।	12.32	24640.00	2000.00	03 माह

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 27.10.2026 प्रातः 10.30 से दिनांक 10.11.2026 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही किया जावेगा।
5. निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त किये जाने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।
कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
संभाग-भोपाल
G-20592/26
" स्वच्छता ही सेवा "



10 बार शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक जेल में रहने और 77 लाख 64 हजार रुपए का जुर्माना

सह-आरोपी राबिया बी को भी 2 मामलों में आजीवन कारावास

नाबालिग पीड़िताओं के यौन शोषण का दोषी पत्रकार प्यारे मियां अंतिम सांस तक जेल में रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और सेक्स रैकेट चलाने के दोषी एक अखबार के मालिक 78 वर्षीय



वृद्ध प्यारे मियां को पास्को एक्ट की विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल के न्यायालय ने पास्को एक्ट (बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम) की 10 अलग-अलग धाराओं के अंतर्गत 10 बार शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायालय ने प्यारे मियां पर 77 लाख 64 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है।

विशेष न्यायालय के आदेश के अनुसार पास्को एक्ट की 8 धाराओं में शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सजा दी गई है, जबकि एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत 2 बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रकरण की सह-आरोपी राबिया बी को भी 2 मामलों में आजीवन कारावास की सजा एवं 20,000 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है। प्रकरण के अन्य सहआरोपीगण खुर्शीद आलम, आवेश उर्फ उवैस, स्वीटी विश्वकर्मा उर्फ हम्पटी, गुलशन नईम एवं अनस को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया है। प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से जिला लोक अभियोजक पीएनएस राजपूत द्वारा पैरवी की गई थी। आरोपी प्यारे मियां वर्तमान में इसी प्रकरण से संबंधित प्रकरण में भोपाल जिला न्यायालय से पूर्व में सुनाई गई शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास की सजा भुगतने जबलपुर जेल में बंद है। पुलिस द्वारा आरोपी प्यारे मियां को जबलपुर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भोपाल जिला न्यायालय में पेश किया गया था।

यह है मामला

अभियोजन के अनुसार 11 जुलाई 2020 को नाबालिग लड़कियों शाहपुरा से पुराना शहर जाने के दौरान रास्ता भटक गईं थीं। रात 12 बजे रातीबड़ क्षेत्र में पुलिस को भटकती हुई नाबालिग लड़कियों की सूचना मिली थीं। रातीबड़ पुलिस ने नाबालिग लड़कियों से पूछताछ की तो नाबालिग लड़कियों ने शाहपुरा स्थित प्यारे मिया के फ्लेट से वापस पुराने शहर जाना बताया था। नाबालिग लड़कियों ने शाहपुरा पुलिस को अपने साथ प्यारे द्वारा शराब पिलाकर दुष्कर्म करने की बात भी बताई गई थी। थाना रातीबढ़ की सूचना पर थाना शाहपुरा पुलिस ने नाबालिग लड़कियों के बयान के आधार पर प्यारे मियां, स्वीटी विश्वकर्मा उर्फ हम्पटी, गुलशन नईम, खुर्शीद आलम, आवेश उर्फ उवैस और अनस के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम, वन्य जीव अधिनियम, अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम सहित अन्य विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

श्रीनगर कश्मीर से गिरफ्तार किया था

पुलिस ने उसे 17 जुलाई 2020 को श्रीनगर कश्मीर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया था। पूछताछ के दौरान पीड़िताओं और अभियुक्त प्यारे मियां के बयानों के आधार पर उसके और उसके साथियों के खिलाफ थाना शाहपुरा के अलावा थाना कोहेफिजा और इंदौर पुलिस ने भी अपराध पंजीबद्ध किए थे। थाना शाहपुरा के विवेचक ने अनुसंधान के पश्चात 8 सितंबर 2020 को विशेष न्यायाधीश के न्यायालय में आरोपियों के खिलाफ 700 पृष्ठ का आरोप पत्र पेश किया था। आरोप पत्र के साथ में थाना शाहपुरा द्वारा पीड़िताओं और प्यारे की मेडिकल जांच रिपोर्ट और डीएनए रिपोर्ट सहित 129 गवाहों की सूची भी पेश की थी। पुलिस के अनुसार प्यारे मियां नाबालिग बच्चियों को घर पर काम के बहाने रखकर उन्हें शराब पिलाकर, पोर्न मूवी दिखाकर और डरा धमकाकर उनका यौन शोषण करता था।

भोपाल सहित पूरे प्रदेश में गिरा दिन-रात का पारा आज कुछ जिलों में बारिश

भोपाल। राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को दिन और रात के तापमान में तेजी से गिरावट रही। दिन और रात का औसत पारा एक डिग्री तक गिरने से उमस और गर्मी से कुछ राहत रही। भोपाल में दिन में 2 डिग्री की कमी के साथ 31 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.1 डिग्री कम रहा। रात में 1.1 डिग्री गिरकर 15.2 डिग्री रहा, नॉर्मल से 2.2 डिग्री कम है। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो दिन में 2 डिग्री तक और कमी आएगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार कुछ जिलों में बौछारें पडने के साथ ही हवाएं उत्तर पूर्वी होने से पारे में कमी आई है। यह क्रम अभी जारी रहेगा। बुधवार को भोपाल में मौसम सामान्य रहेगा।

नागरिक आपूर्ति निगम के संचालक मंडल की 242वीं बैठक आयोजित

अपील प्रकरणों में कर्मचारियों का पक्ष सुनने के बाद ही होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



बैठक में अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह ने संचालक मंडल के सदस्यों से चर्चा की।

मप्र राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के संचालक मंडल की 242वीं बैठक मंगलवार को कार्पोरेशन मुख्यालय में हुई। इस बैठक में कार्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह यादव, उपाध्यक्ष संजीव कांकर सहित संचालक मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में निर्धारित एजेंडे पर बिंदुवार चर्चा कर निर्णय लिए गए। जिसमें कार्पोरेशन के अक्रियाशील वाहनों का विक्रय किए जाने, पर्यावास भवन स्थित कार्पोरेशन मुख्यालय के रिनोवेशन के लिए संबंधित संस्थाओं से 15 दिवस में डीपीआर अनिवार्य रूप से बुलवाने एवं उस पर शीघ्र कार्रवाई करने के लिए निर्णय एवं कार्पोरेशन के अधिकारियों-कर्मचारियों के अपील प्रकरणों पर संबंधित कर्मचारियों को बैठक में बुलाकर उनका पक्ष सुनने के पश्चात ही आगामी कार्रवाई किए जाने के साथ ही कार्पोरेशन में 65 वर्ष से अधिक आयु के आउटसोर्स से नियुक्त कर्मी की सेवाएं उनके कार्यों के समुचित आंकलन पश्चात आवश्यकता के आधार पर ही रखे जाने एवं शेष कर्मियों की सेवाएं समाप्त किए जाने संबंधी निर्णय प्रमुख है।

अंत में कंपनी सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सभी संचालकों का उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात संचालक मंडल की बैठक संपन्न हुई।

सीएम डॉ. यादव की उपस्थिति में ओरिएंटल में भव्य युवा सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ओरिएंटल समूह के संस्थानों, भोपाल परिसर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में भव्य युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ।

लगभग 6,500 विद्यार्थियों की सहभागिता वाला यह आयोजन युवा जोश, नवाचार, उद्यमशीलता और राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह विशेष दौरा विशेष रूप से ओरिएंटल परिवार के लिए आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त ओरिएंटल परिवार के सदस्यों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण में सक्रिय योगदान देने तथा नवाचार, कौशल विकास और उद्यमशीलता के माध्यम से राष्ट्र की प्रगति में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में ओरिएंटल समूह के अध्यक्ष प्रवीण ठकराल एवं उपाध्यक्ष गौरव ठकराल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया है।

156 पर पहुंचा डेंगू मरीजों का आंकड़ा खाली प्लॉट मालिकों पर होगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बारिश के साथ ही शहर में डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है, बावजूद इसके निगम और मलेरिया विभाग ने कोई इंतजाम नहीं किए हैं। अब तक डेंगू के मरीजों की संख्या 156 पर पहुंच गई है।

इसकी सबसे बड़ी वजह शहर के कई इलाकों के खाली प्लाटों में पानी जमा होना है, जहां डेंगू का लार्वा तेजी से पनप रहा है। मंगलवार को जिला स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने डेंगू को लेकर नाराजगी जताते हुए डेंगू के हॉट स्पॉट सर्वे करने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग का अमला खाली प्लॉट में जल भराव और गंदगी होने पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई करे, जिससे डेंगू को रोका जा सके।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की व्यवस्था, गर्भवती महिलाओं की मॉनीटरिंग कराने की बात कही।

आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

तिवारी पर स्याही फेंकने के विरोध में पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री हिंदू उत्सव समिति भोपाल के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी पर स्याही फेंकने की घटना को लेकर समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बैठक की। बैठक में महंत अनिलानंद सहित पदाधिकारी, सदस्य और सकल सनातन समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके बाद श्री सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस आयुक्त



संजय कुमार को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, रासुका के तहत कार्रवाई तथा समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी को सुरक्षा प्रदान की मांग की।



अधिकृत डीलरः **भोपाल:** वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोर:** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबाद:** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोह:** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागर:** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिन्ड:** शिवम हीरो 9289922787, **दतियाः** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **इंदौर:** सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स, **(देवास नाका)** 9821741577, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावदः** राजेश हीरो 9289922774, **रतलामः** एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) **नीमचः** उत्तम हीरो 9289922367, **मन्दसौरः** रामदर्शन हीरो 9289922369, **जावराः** रिलायबल हीरो 9289923045, **एसोशिएट डीलरः आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **मंडीदीप:** सोनी मोटर्स, 917946121I, 8962143877, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरुल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, **इटारसी:** देवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरूण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, **सिराली:** भायरे मोटर्स, 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह:** उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **डबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साईं मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली:** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा:** पटेल मोटर्स 9755567226, **सतवास:** शिवम मोटर्स 9826088351, **नागदा:** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोर:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, **जौरा:** विजयानंद मोटर्स 9754451762, **राणापुर:** सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, **जोबट:** धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, **सोंडवा:** राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, **क्षिप्रा:** श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, **सुखलिया इंदौर:** आर्यन मोटर्स, 9399928958, **कांटाफोड़:** रुक्मणी मोटर्स, 9993048891, **नीलबड़:** **महाकाल मोटर्स**, 9586778889, **तीन इमली:** **न्यू गीतांजलि मोटर्स**, 6267121700, **नेहरू नगर, भोपाल:** रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, **गांधीनगर:** आर जे मोटर्स, 8827588411, **स्नेहलतागंज:** साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, **अमझेरा:** महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, **सागौर कुटी:** अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, **जावद:** शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, **रानीसिंह:** गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, **बोरी बुजुर्ग:** **जिलानी मोटर्स**, 9399900143, **कड़ी:** **श्री राम मोटर्स**, 9584997081, **पिपलिया बुजुर्ग:** **न्यू सिन्हा मोटर्स**, 9981562315, **योध्या बाईपास, भोपाल:** शिवांश मोटर्स, 6262363123, **फंदा:** अवनि मोटर्स, 9993160799, **पटवलिया सड़क, भोपाल:** एन आर ट्रेडिंग एंटरप्राइजेज, 6264359954, **गांधी नगर:** श्रीकुंज मोटर्स, 9893735683, **बंगरासिया:** शाही सवारी, 9202342023, **डोडी:** कप्तान ऑटोमोबाइल्स, 8770850811, **रेहटी:** मां विजासन मोटर्स, 9009828428, **चांदवाद:** श्रीजी नारायण मोटर्स, 9285334084, **खाचरोद:** विनायक मोटर्स, 9009152131, **उदयपुर:** सपना मोटर्स, 9826620434, **बारी:** श्री राम मोटर्स, 9893352212, **शोभापुर:** अफजल मोटर्स, 8839223122, **तलेन:** श्री सांवरिया मोटर्स, 9669661034, **संडावता:** विजय मोटर्स, 8269770075, **करेड़ी:** वासुदेव मोटर्स, 7566920711, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342, **सीतामऊ:** तिरुपति मोटर्स, 9753008855, **पिपलिया मंडी:** नवपद मोटर्स, 9479861211, **दलोदा:** जेएस मोटर्स, 9926600906.

Cheil 33547/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930